
RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 114
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 29 फरवरी, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सैन्य निर्यात 20 गुणा बढ़ा
राष्ट्रीय-10

www.dailypioneer.com

# हिमाचल को बचाने में जुटी कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/शिमला

**चिंतित** कांग्रेस ने बुधवार को नाटकीय घटनाक्रम के बीच हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार बचाने की हड़बड़ी की। इन घटनाक्रमों में हाई-प्रोफाइल मंत्री विक्रमादित्य सिंह के इस्तीफे की घोषणा और विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 15 भाजपा विधायकों को निलंबित करना शामिल था। कांग्रेस लोकसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले पार्टी शासित राज्य में संभावित नुकसान को रोकने के लिए डैमेज कंट्रोल की कवायद में थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तीन पर्यवेक्षकों-भूपेश बघेल, भूपिंदर सिंह हुड्डा और डीके शिवकुमार को शिमला भेजा और पार्टी ने संकेत दिया कि वह कुछ कड़े कदम उठा सकती है।

यह संकट हिमाचल प्रदेश की एकमात्र सीट के लिए राज्यसभा चुनाव में मंगलवार को छह कांग्रेस विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग से पैदा हुआ है। पार्टी ने अब इन विधायकों को विधानसभा से अयोग्य ठहराने की मांग की है और इस मामले की सुनवाई विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की, जिन्होंने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। निलंबित भाजपा विधायकों, जिनमें विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर भी शामिल हैं, ने शुरू में सदन छोड़ने से इनकार कर दिया। वे विधानसभा को ध्वनिमत के माध्यम से सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के बजट को पारित करने से रोकने चाहते थे। भाजपा बजट पर मतदान चाहती थी, जिससे उन्हें लगा कि इससे पता चल जाएगा कि कांग्रेस ने राज्य विधानसभा में अपना बहुमत खो दिया है।



शिमला में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और भाजपा विधायकों से राजभवन में भेंट करते हिमाचल के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला।

बाद में सदन ने वित्त विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया, जबकि कोई भी भाजपा सदस्य मौजूद नहीं था। इसके बाद स्पीकर ने सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने उन अटकलों को खारिज कर दिया कि वह इस्तीफा दे रहे हैं। सुक्खू ने कहा, 'न तो आलाकमान और न ही किसी और ने मुझसे इस्तीफा मांगा है।' कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी को मंगलवार को ड्रा के जरिए भाजपा के हर्ष महाजन ने हरा दिया, क्योंकि दोनों उम्मीदवारों को 34-34 वोट मिले थे। नतीजे का मतलब यह हुआ कि कांग्रेस जो 14 महीने पहले विधानसभा में 40 सीटें जीतकर राज्य की सत्ता में आई थी, वह आधे के आंकड़े तक पहुंचने में विफल रही। भाजपा ने 2022 में 68 सीटों वाले सदन में 25 सीटें जीतीं। तीन निर्दलीय विधायक हैं, जिनके बारे में माना जाता था कि क्रॉस-वोटिंग संकट पैदा होने तक वे सत्तारूढ़ कांग्रेस के साथ थे।

सुबह-सुबह विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला के पास एक प्रतिनिधिमंडल लेकर गए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वित्त विधेयक केवल मत विभाजन के माध्यम से पारित हो। देर शाम कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने पार्टी विधायकों के साथ बातचीत शुरू कर दी थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि खड़गे ने पर्यवेक्षकों और राज्य के एआईसीसी प्रभारी राजीव शुक्ला से असंतुष्ट विधायकों सहित सभी विधायकों से बात करने और जल्द ही एक व्यापक रिपोर्ट उन्हें सौंपने को कहा है। रमेश ने राष्ट्रीय राजधानी में एआईसीसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'कांग्रेस कुछ सख्त कदम उठाने से नहीं हिचकिचाएगी क्योंकि पार्टी हमारी प्राथमिकता है और हिमाचल प्रदेश में लोगों के जनादेश को धोखा नहीं देने देगी।' इससे पहले सुबह, हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने घोषणा की कि वह मंत्रिपरिषद छोड़ रहे हैं और अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री और राज्यपाल को सौंपेंगे। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका कि उसने ऐसा किया था या नहीं।

सिंह, जिनकी मां हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह हैं, ने कहा, 'कुछ हलकों से मुझे अपमानित करने और कमजोर करने की कोशिश की गई और आपत्तियों के बावजूद, मैंने सरकार का समर्थन किया।' विक्रमादित्य सिंह पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे हैं, जिनकी 2021 में मृत्यु हो गई थी। परिवार पहले भी संकेत दे चुका है कि पार्टी ने वीरभद्र सिंह की विरासत का सम्मान नहीं किया है। प्रतिभा सिंह ने सुक्खू के राज्य चलाने के तरीके पर भी असंतोष जताया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि 2022 का कांग्रेस अभियान उनके पिता के नाम पर चलाया गया था। उन्होंने कहा, 'ऐसा कोई पोस्टर, या होर्डिंग या बैनर नहीं था जिसमें उनकी तस्वीर न हो।' लेकिन जीत के बाद जब उनकी प्रतिमा लगाने की (शेष पेज 9)

# चुनावी मोड में आयी भाजपा सौ प्रत्याशियों का किया चयन

राजेश कुमार। नई दिल्ली

**भाजपा ने** केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होने की संभावना के एक दिन पहले बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए कई राज्यों में पार्टी के संभावित उम्मीदवारों के नामों को लेकर विचार-मंथन किया। उम्मीद है कि इस बैठक में पहली सूची के लिए पार्टी के लगभग 100 उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया गया। सूची में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों की सीटों से उम्मीदवारों के नाम शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड सहित कई राज्यों के पार्टी नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। अब तक उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नेताओं के साथ इसी तरह की बैठकें हो चुकी हैं। इससे पहले 2019 में चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद ही नामों की सूची जारी की गई थी, लेकिन इस बार इससे अलग होने जा रहा है क्योंकि हाल ही पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में पहले उम्मीदवारों की घोषणा करने के मिले परिणाम को पार्टी जारी रखना चाहेगी, विशेषकर उन सीटों पर जहां



उसे पांच साल हार का सामना करना पड़ा था।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि पहली सूची में 100 उम्मीदवारों के होने की उम्मीद है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर और बॉलीवुड सुपर स्टार अक्षय कुमार जैसे दिग्गजों के नाम शामिल हैं। पार्टी में चर्चा है कि उन्हें प्रतिष्ठित नई दिल्ली संसदीय सीट से मैदान में उतारा जा सकता है। खेल और शिक्षा क्षेत्र के अन्य उम्मीदवारों के बारे में भी चर्चा चल रही है और पार्टी अभी तक चर्चा किए जा रहे नामों का खुलासा करने परचुप्पी साधे हुए है। पार्टी सूत्रों ने यह भी कहा कि राजग के घटक दलों को खुश रखने के लिए कुछ अल्पसंख्यकों को भी मैदान में उतारा जा सकता है। पीएम मोदी वाराणसी से सांसद हैं, जहां से वह दो बार जीत चुके हैं और उनके लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ने की संभावना है। वह 2014 में 3.37 लाख वोटों के भारी अंतर से चुने गए थे और 2019 में इसे बढ़ाकर 4.8 लाख कर दिया था।

अमित शाह ने 2019 का चुनाव गांधीनगर से लड़ा था, यह सीट उस समय तक बीजेपी के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी के पास थी। 2019 के चुनावों की पहली सूची में मोदी और शाह भी शामिल थे, जो उस समय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे और (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### अवैध खनन मामले में सीबीआई ने अखिलेश को तलब किया

**नई दिल्ली/लखनऊ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामला दर्ज करने के पांच साल बाद अवैध खनन मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को बृहस्पतिवार को पूछताछ के लिए एक गवाह के रूप में यहां बुलाया है। नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सबसे ज्यादा निशाने पर समाजवादी पार्टी है तथा चुनावों के नजदीक आने के साथ ही नोटिस भी आते है। अधिकारियों ने बताया कि अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 160 के तहत जारी नोटिस मे सीबीआई ने उन्हें 2019 में दर्ज मामले के संबंध में 29 फरवरी को पेश होने के लिए कहा है। यह धारा एक पुलिस अधिकारी को जांच में गवाहों को बुलाने की अनुमति देती है। सपा प्रवक्ता फखरूल हसन ने बताया कि सीबीआई का नोटिस बुधवार को प्राप्त हुआ है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊमें एक निजी समाचार चैनल के कार्यक्रम में इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सपा सबसे ज्यादा निशाने पर है। साल 2019 में भी मुझे किसी मामले में नोटिस मिला था, क्योंकि तब भी लोकसभा चुनाव था। इसके साथ ही प्रदेश में राजनीतिक चर्चा तेज हो गई है।

### मणिपुर में एएसपी के अपहरण के खिलाफ पुलिस कमांडो का प्रदर्शन

**इम्फाल।** हिसाग्रस्त मणिपुर राज्य में इम्फाल घाटी क्षेत्र के चार जिलों के 1,000 से अधिक कमांडो कर्मियों ने मंगलवार को एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के आवास पर भीड़ के हमले के खिलाफ बुधवार को हथियार नीचे रखकर प्रतीकात्मक रूप से विरोध जताया। भीड़ ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और उनकी सुरक्षा में शामिल एक कर्मी का अपहरण कर लिया था, लेकिन बाद में उन्हें केंद्रीय और राज्य बलों ने उन्हें मुक्त करा लिया था। अधिकारियों ने यहां पर यह जानकारी दी। अज्ञात बदमाशों ने मंगलवार रात इम्फाल के वांगखेई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(अभियान) एम अमित सिंह के आवास पर गोलीबारी की, चार वाहनों व खिड़कियों के शीशे और गमले तोड़ दिए। आक्रामक स्थिति का सामना करने पर जवाबी कार्रवाई करने की स्वतंत्रता की मांग करते हुए, इम्फाल पश्चिम, इम्फाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल और काकचिंग के पांच घाटी जिलों के कमांडो ने अपनी चिताओं को व्यक्त किया और मेतेई कट्टरपंथी समूह अरामबाई तेंगगोल और साथ ही मीरा पैबिस (महिला समूह) के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान किया। राज्य पुलिस ने एक बयान में बुधवार को कहा कि बंदूकधारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और एक कर्मी का अपहरण कर लिया। लेकिन बाद में केंद्रीय और राज्य बलों ने क्वाकीथेल इलाके से मुक्त करा लिया था।

# वंशवादी राजनीति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्रमुक और कांग्रेस पर साधा निशाना

कुमार चेल्लप्पन। चेन्नई

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को द्रमुक के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार द्वारा लगाए उन आरोपों को खारिज कर दिया। जिसमें केंद्र सरकार राज्य में लोगों को कोई कल्याणकारी उपाय नहीं दे रही है और द्रविड़ भूमि की प्रगति पर सवाल उठा रही है। प्रधानमंत्री ने थूथुकुडी में भाजपा द्वारा आयोजित एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा, डीएमके सरकार तमिलनाडु के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की जा रही सभी कल्याणकारी परियोजनाओं को रोक रही है। इसके साथ ही द्रमुक और कांग्रेस के गठबंधन सहयोगी जो कर रहे हैं, वह लोगों के बीच दरार पैदा कर रहा है। मोदी ने कहा, हमने अतीत में हमने एक मुख्यमंत्री दिवंगत एम करुणानिधि को अपने बेटे को मुख्यमंत्री पद पर ताजपोशी के लिए कड़ी मेहनत करते देखा है। उन्होंने वर्तमान मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि का नाम लिए बिना कहा, अब हम देख रहे हैं कि



तिरुनेलवेली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनसभा के दौरान सम्मानित किया गया।

बेटा अपने बेटे को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त करने के लिए काम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, द्रमुक और कांग्रेस का केवल एक ही एजेंडा है और वह है वंशवादी राजनीति को कायम रखना।

लोगों को यह बताने के लिए कि कुलशेखरपट्टिनम में बनने वाला अंतरिक्ष केंद्र राज्य द्वारा शुरू की गई एक परियोजना थी, द्रमुक ने पूरे आयोजन स्थल पर लगाए गए होर्डिंग में चीनी रॉकेटों की तस्वीरें लगाकर गलती की थी।

प्रधानमंत्री ने कहा, वे नहीं जानते कि भारत ने उच्च शक्ति वाले लॉन्च वाहनों के डिजाइन और विकास में महारत हासिल कर ली है, जिन्हें नए अंतरिक्ष स्टेशन से लॉन्च किया जाएगा। मोदी ने तमिलनाडु के कल्याण के लिए केंद्र द्वारा कार्यान्वित विभिन्न विकास और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को (शेष पेज 9)

# मादक पदार्थों की सबसे बड़ी खेप बरामद



संयुक्त ऑपरेशन में भारतीय नौसेना के जवानों द्वारा जब्त किए गए मादक पदार्थ।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारतीय** सुरक्षा एजेंसियों ने अब तक की सबसे बड़ी 3,300 किलोग्राम की नशीली दवाओं की खेप जब्त की है और गुजरात तट के पास अरब सागर में एक नाव से पांच विदेशियों को गिरफ्तार किया है। 'सागरमंथन-1' नाम का संयुक्त ऑपरेशन नौसेना, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और गुजरात पुलिस द्वारा चलाया गया था। कथित तौर पर नाव एक ईरानी बंदरगाह से रवाना हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिबंधित पदार्थ की कीमत 1,300 करोड़ से 2,000 करोड़ रुपये आंकी गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन को 'ऐतिहासिक सफलता' और उनकी सरकार की 'हमारे देश को नशा मुक्त बनाने की अटूट प्रतिबद्धता' का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी जी के नशा-मुक्त भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए हमारी एजेंसियों ने आज देश में सबसे बड़ी अपतटीय नशीली दवाओं की जब्ती करने में बड़ी सफलता हासिल की है। एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस द्वारा किए गए एक संयुक्त अभियान में, एक 3132 किलोग्राम नशीली दवाओं की विशाल खेप जब्त की गई। यह ऐतिहासिक सफलता हमारे देश को नशा मुक्त बनाने के लिए हमारी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अवसर पर, मैं एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस को बधाई देता हूं।' (शेष पेज 9)

# राहुल को वायनाड में बिना शर्त समर्थन

कुमार चेलप्पन। कोच्चि

**केरल के** वायनाड में एक बड़ा बहुमत चाहता है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी आगामी चुनाव में लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ें। 2019 में राहुल गांधी ने चुनाव में डाले गए कुल वोटों का 64.94 प्रतिशत मतदान करके 4.32 लाख वोटों के प्रभावशाली अंतर से निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी। उनके सभी चुनौती देने वालों को मुंह की खानी पड़ी और वे एकतरफा मुकाबले में अपनी जमानत राशि खो बैठे। पश्चिमी घाट के ऊपर स्थित वायनाड कांग्रेस का पारंपरिक गढ़ है और इस बार भी



राहुल गांधी के चुनावी संभावना के बारे में कोई दो राय नहीं है। पार्टी के शीर्ष राष्ट्रीय नेता के रूप में अपनी प्रतिबद्धताओं के बावजूद वह निर्वाचन क्षेत्र में सक्रिय हैं। दिलचस्प बात यह है कि पायनियर ने जिन मतदाताओं से बातचीत की, उनमें से किसी को भी उन दो उम्मीदवारों के नाम याद नहीं हैं, जिन्होंने 2019 के चुनावों में राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा था।

यहां तक कि कट्टर सीपीआई (एम) समर्थक भी चाहते हैं कि राहुल गांधी इस चुनाव में भी वायनाड से लड़ें। सीपीआई (एम) समर्थक राजेंद्रन ने कहा, 'राहुल गांधी के यहां से चुनाव लड़ने के फैसले के कारण यह निर्वाचन क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आया। हालाँकि इस निर्वाचन क्षेत्र को अभी तक कोई बड़ी परियोजना नहीं मिली है, लेकिन इसे केरल में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाली सरकार के भेदभाव से काफी कुछ लेना-देना है। इसके अलावा, जब भी कोई आपात स्थिति होती थी, राहुल गांधी निर्वाचन क्षेत्र में पहुंच जाते थे।' एक अन्य (शेष पेज 9)

# जलवायु परिवर्तन की विभीषिका को झेल रहा है भारत

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

**वर्ष 2023** भारत के लिए एक चिंताजनक वास्तविकता लेकर आया क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ने कम से कम एक बार चरम मौसम की घटनाओं का अनुभव किया, जिससे जीवन, आजीविका के साथ-साथ अर्थव्यवस्था भी बाधित हुई क्योंकि संसाधनों को बाढ़ या अत्यधिक गर्मी, अस्थिर परिस्थितियों से निपटने के लिए स्थानांतरित कर दिया गया। ये घटनाएँ छिटपुट नहीं थीं; बल्कि, वे 365 में से लगभग 318 दिनों तक बने रहे, जिससे जलवायु संबंधी व्यवधानों का परेशान करने वाला आवर्ती पैटर्न सामने आया।

इसे भारत के लिए जलवायु परिवर्तन की चेतावनी माना जाना चाहिए, जिसमें मानव जीवन पर गंभीर असर पड़ा, इन चरम मौसम की घटनाओं के कारण 3,287 मौतें दर्ज की गईं। इसके अतिरिक्त, विनाश पशु साम्राज्य तक भी फैल गया, जिसमें आश्चर्यजनक रूप से 1.24 लाख पशुओं की मृत्यु की सूचना मिली। देश की खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कृषि क्षेत्र को भारी नुकसान उठाना पड़ा, 2.21 मिलियन हेक्टेयर फसल क्षेत्र को नुकसान हुआ, जिससे बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ। स्वतंत्र थिंक टैंक सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की पर्यावरण की स्थिति 2024 रिपोर्ट में विस्तृत रूप से इसका उल्लेख किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों की गंभीरता को रेखांकित करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जलवायु के प्रति संवेदनशील देश में जनवरी से सितंबर तक 86 प्रतिशत दिनों में चरम मौसम था। राज्य के अनुसार, हिमाचल प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र के रूप में उभरा, जिसने 149 दिनों तक चरम मौसम की स्थिति को सहन किया, इसके बाद 141 दिनों के साथ मध्य प्रदेश का



स्थान रहा। केरल और उत्तर प्रदेश को भी लंबे समय तक चरम मौसम का सामना करना पड़ा, प्रत्येक में ऐसी घटनाओं के 119 दिन दर्ज किए गए।

इन घटनाओं की व्यापक प्रकृति इस तथ्य से और भी रेखांकित होती है कि आठ राज्यों में 100 दिनों से अधिक चरम मौसम का अनुभव हुआ। तापमान में वृद्धि मानव-जनित जलवायु परिवर्तन के कारण हुई और प्राकृतिक अल नीनो मौसम की घटना के कारण इसमें वृद्धि हुई। चरम मौसम के प्रकार अलग-अलग थे, 208 दिनों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन हुए, जबकि बिजली और तूफान 202 दिनों तक चलते रहे। गर्मी की लहरें 49 दिनों तक बनी रहीं, शीत लहरें 29 दिनों तक रहीं और नौ दिनों में बादल फटने की घटनाएँ दर्ज की गईं, जिससे तीव्र वर्षा की स्थानीय घटनाओं में योगदान हुआ। विशेष रूप से चिंता की बात इन चरम मौसम की घटनाओं की अवधि थी, भारत ने जून और सितंबर 2023 के बीच लगातार 123 दिनों तक ऐसी स्थितियों को सहन किया। यह लंबे समय तक जोखिम बुनियादी ढांचे, आजीविका और पारिस्थितिकी तंत्र के लचीलेपन के लिए महत्वपूर्ण दीर्घकालिक प्रभावों को रेखांकित करता है। रिपोर्ट द्वारा प्रदान किया गया विस्तृत विश्लेषण 2023 में भारत में चरम मौसम की घटनाओं की बहुमुखी प्रकृति में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जो उनके प्रभावों को संबोधित करने और चल रहे जलवायु परिवर्तन के सामने अधिक लचीला समाज बनाने के लिए (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 29 फरवरी, 2024



# मेरठ मेट्रो का पहला ट्रेनसेट दुहाई डिपो पहुंचा

## बड़े ट्रेलरों की मदद से गुजरात के सावली से लाया गया, ट्रेनसेट पूरी तरह भारत में डिजाइन और निर्मित है

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



मेरठ मेट्रो का पहला ट्रेनसेट दुहाई गाजियाबाद में एनसीआरटीसी डिपो में पहुंच गया है। मेरठ मेट्रो के तीन डिब्बों का ये ट्रेनसेट बड़े ट्रेलरों की मदद से गुजरात के सावली से लाया गया है जिसे अनलोड कर लिया गया है और अब इसके असेंबलिंग और टेस्टिंग के लिए तैयार किया जा रहा है।

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह ने हाल ही में मेरठ मेट्रो ट्रेनसेट के फर्स्ट लुक का अनावरण किया था। जिसके बाद एल्स्टॉम ने गुजरात के सावली में एनसीआरटीसी को पहला ट्रेनसेट सौंपा था। यह पहली ट्रेन है जो मेरठ मेट्रो के लिए डिपो मे पहुची है। अत्याधुनिक डिजाइन वाले इस ट्रेनसेट को पूरी तरह भारत में डिजाइन और निर्मित है तथा मेक इन इंडिया अभियान के अंतर्गत बनाई गयी है। मेरठ मेट्रो के ये ट्रेनसेट ऊर्जा कुशल तो हैं ही, साथ ही हल्के और रीजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम से लैस है, जो स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी), स्वचालित ट्रेन नियंत्रण (एटीसी), और स्वचालित ट्रेन संचालन (एटीओ) के साथ आते हैं. मेरठ मेट्रो ट्रेन की अधिकतम परिचालन गति 120 किमी प्रति घंटा है। मेरठ मेट्रो उत्तर प्रदेश के मेरठ के निवासियों के लिए एक सुरक्षित, तीव्र और आधुनिक परिवहन साधन की शुरुआत करने जा रहा है। मेरठ मेट्रो ट्रेनसेट के आने के साथ ही मेरठ मेट्रो का ट्रायल रन जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। मेरठ मेट्रो 13 स्टेशनों के साथ 23 किमी लंबा है।

अभी मेरठ मेट्रो का निर्माण तेजी से जारी है और इसके सभी स्टेशन आकार ले रहे हैं। ये देश में पहली बार है कि नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो, दोनों दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस के ही बुनियादी ढांचे पर चलेंगी। इसके लिए एनसीआरटीसी ने वैश्विक रेल परिवहन में अग्रणी प्रयास करते हुए लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन (एलटीई) पर हाइब्रिड लेवल-3 के साथ यूरोपीय ट्रेन नियंत्रण प्रणाली (ईटीसीएस) लेवल 2 की सिग्नलिंग प्रणाली अपनायी है। ये मेरठ के भीतर आरआरटीएस और मेट्रो सेवाओं को निर्बाध रूप से एकीकृत करेगा और जनता को बेहतरीन सेवाएँ प्रदान करेगा।

### सभी स्टेशन तेजी से आकार ले रहे

मेरठ मेट्रो का निर्माण तेजी से चल रहा है। सभी स्टेशन तेजी से आकार ले रहे हैं। भूमिगत टनल का निर्माण भी पहले ही पूर्ण कर लिया गया है। सभी भूमिगत स्टेशनों पर फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है। पहले से तैयार टनल और वायाडक्ट पर ट्रैक बिछाने की गतिविधियां भी तेजी से चल रही हैं। कुल 18 किमी लंबे एलिवेटेड सेक्शन में से लगभग 12 किमी के हिस्से में में वायाडक्ट का निर्माण पूरा हो चुका है। बाकी भाग में वायाडक्ट निर्माण में तेजी लाने के लिए 10 से अधिक लॉन्चिंग गैन्ट्री (तारिणी) दिन-रात कार्य कर रही हैं। दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ स्टेशन के बीच लगभग 17 किमी लंबा सेक्शन आरआरटीएस कॉरिडोर का अगला संचालन खंड है।

# ग्रेनो प्राधिकरण की वाणिज्यिक योजना लॉन्च, चार एफएआर के 18 भूखंड शामिल

- ग्रेटर नोएडा वासियों को रोजमर्रा की जरूरत के सामान खरीदने में और सुविधा होगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने चार एफएआर फ्लोर एरिया रेश्यो वाले 18 वाणिज्यिक भूखंडों की योजना लांच कर दी है। अगर ये सभी भूखंड आवंटित हो गए तो ग्रेटर नोएडा में शीघ्र ही 18 कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स और बन सकेंगे। ग्रेटर नोएडा वासियों को रोजमर्रा की जरूरत के सामान खरीदने में और सुविधा हो जाएगी।

रिजर्व प्राइस पर इन 18 भूखंडों की कीमत लगभग 1134 करोड़ रुपये है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर वाणिज्यिक विभाग ने चार एफएआर फ्लोर एरिया रेश्यो वाले 18 भूखंडों की योजना सोमवार को लांच कर दी है। 28 फरवरी से इस योजना के भूखंडों के लिए पंजीकरण शुरू हो जाएंगे। ये भूखंड 2313 वर्ग मीटर से लेकर 12000 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। सेक्टर 10 में चार, सेक्टर 12 में छह, अल्फा टू तथा इकोटेक 12 और टेकजोन में एक.एक और डेल्टा टू में पांच भूखंड स्थित हैं। चार एफएआर होने के कारण आवंटी कुल ग्राउंड कवरेज का 400 फीसदी पर निर्माण कर सकता है। इससे ग्रेटर नोएडा में अब हाईराइज कॉमर्शियल इमारतें बन सकेंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि 28 फरवरी से ब्रोशर डाउनलोड करने की सुविधा शुरू हो जाएगी। इस स्कीम में पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 21 मार्च है। प्रोसेसिंग फीस और डॉक्यूमेंट जमा करने की अंतिम तारीख 23 मार्च है। इन भूखंडों का आवंटन ऑक्शन के जरिए ही किया जाएगा। आवेदन से लेकर आवंटन तक की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। उन्होने बताया कि एसबीआई पोर्टल के जरिए आवेदन किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी एसबीआई पोर्टल को लिंक किया गया है, ताकि आवेदक प्राधिकरण की वेबसाइट से भी आवेदन कर सकें।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा है कि निवेशकों की मांग और ग्रेटर नोएडा वासियों की जरूरत को देखते हुए प्राधिकरण ने चार एफएआर के साथ वाणिज्यिक भूखंड योजना को लॉन्च कर दिया है। प्रक्रिया पूरी होते ही पजेशन दे दिया जाएगा। भूखंडों पर वाणिज्यिक गतिविधियां शुरू होने से आसपास के लोगों की रोजमर्रा की जरूरतें भी पूरी हो सकेंगी।

# गाजियाबाद में अवैध हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी

- लोनी बॉर्डर के सेवा धाम इलाके से आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


जब्त हथियार और पुलिस गिरफ्त में आरोपी

गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर के सेवा धाम चौकी क्षेत्र में गाजियाबाद पुलिस ने अवैध हथियार फैक्ट्री पकड़ी है। यहां बने और अधबने हथियार मिले हैं। साथ ही उनको बनाने के उपकरण और अन्य सामान भारी मात्रा में पकड़ा गया है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए फैक्ट्री मालिक ने बताया है कि चुनाव से पहले बिक्री बढ़ जाती है। इसीलिए उसने यहां फैक्ट्री चालू की थी।

खंडर में चल रही थी ये फैक्टरी। गाजियाबाद में एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना लोनी बॉर्डर के सेवा धाम चौकी क्षेत्र में एक अवैध हथियार की फैक्ट्री चल रही है। जिसको लेकर पुलिस ने फैक्ट्री की घेराबंदी करके रेड की।

रेड करने पर यहां 08 बने हुए 315 बोर के तमंचे और 25 अर्धनिर्मित हथियार मिले हैं। यह फैक्ट्री खंडर में चल रही थी। पुलिस को हथियार बनाने की सामग्री भारी मात्रा में मिली है। साथ ही फैक्ट्री का मालिक सुफियान भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जो की लोनी का रहने वाला है। सुफियान का एक साथी शोएब फरार हो गया है। पुलिस पूछताछ में सुफियान ने बताया है उसने फैक्ट्री हाल में ही शुरू की थी। इलेक्शन आने के बाद बिक्री बढ़ जाती है इसीलिए निर्माण शुरू किया था। हालांकि पुलिस की पूछताछ अभी इस मामले में चल रही है कि यह आगे कहां बेचा करता था। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि पिछले तीन.चार सालों से सुफियान अवैध हथियारों के धंधे में जुड़ा हुआ था।

## पीएनजी गैस गोदाम से लाखों का सामान चोरी

*नोएडा। थाना फेस.3 क्षेत्र के सेक्टर.70 में पीएनजी गैस पाइपलाइन के गोदाम से चोरों ने कंप्यूटर, लैपटॉप, ब्रॉस फिटिंग, इनवर्टर, बैटरी व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बदरपुर साउथ दिल्ली निवासी सागर कुमार ने बताया कि उसका पीएनजी गैस पाइपलाइन का गोदाम नोएडा के सेक्टर.70 में है। 20 फरवरी की सुबह उसे सूचना मिली कि गोदाम पर चोरी हो गई है। सूचना के आधार पर वह गोदाम पर पहुंचा। जांच के दौरान पता चला कि गोदाम से कंप्यूटर, लैपटॉप, ब्रास फिटिंग कॉपर पाइप, इनवर्टर, बैटरी, प्रिंटर मशीन चोरी हो गई है। गोदाम पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने पर पता चला कि दो व्यक्ति स्विफ्ट कार से गोदाम पर आए थे। इन लोगों ने गोदाम का ताला तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और सामान को कार में भरकर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर नोएडा के थाना फेज.3 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान का प्रयास कर रही है।*

## बेलगाम ऑडी कार दीवार से टकराई, पांच घायल

**नोएडा।** बीती रात तेज गति में आ रही ऑडी कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे बने शौचालय की दीवार से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मंगलवार देर रात हरियाणा नंबर की एक ऑडी कार सेक्टर-18 से सेक्टर-37 अंडर पास की ओर जा रही थी।

स्पीड ज्यादा होने से चालक नियंत्रण खो बैठा और कार सेक्टर.37 के पास बने शौचालय की दीवार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि शौचालय की दीवार टूट गई। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर.39 पुलिस ने घायल गौरव सिंह, सागर, अमित, हर्ष और आयुषी को उपचार के लिए कैलाश अस्पताल पहुंचाया।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Arun Rawlley S/o Late Sh V M Rawlley R/o. Flat No. 322 Sunehri Bagh CGHS Ltd Plot No 15 Sector-13 Rohini Delhi-110085, Mob. 9650730092, Email: karan8798rawlley@gmail.com, has applied for the conversion of aforesaid property. The original Share Certificate and Allotment Letter issued from society has been lost. A F.I.R to this effect has been lodged to police station dt. 27/02/2024. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact - Deputy Director Group Housing 2nd Floor Vikas Sadan INA New Delhi

**PUBLIC NOTICE**

KNOW all men by this presents that my client/s namely **Kapoor Singh S/o Chandagi Ram & Sunita W/o Kapoor Singh** both R/o 86, Ajay Park, Naya Bazar, Najafgarh, South West Delhi, Delhi-110043 have disowned and barred their son **RAHUL KADIAN** from all their moveable and immovable properties due to his bad behaviour, misconduct and disobedient attitude and my client/s have severed all relations with him. If anybody deals with him shall do at his/her/their own risk and responsibility and my client/s shall not be responsible for the same in future. Sd/-
VIKRAM SINGH, ADVOCATE
Enrolment No. D/3691/2070

**बिक्री/नीलामी सूचना**

CarDekho दिनांक 01 मार्च 24 को **84 ईवी अपंजीकृत टाटा कारों** की ई-नीलामी आयोजित कर रहा है।

| मॉडल | संख्या |
| --- | --- |
| नेक्सन | 16 |
| टियागो | 35 |
| टाईगोर | 5 |
| एक्सप्रेस | 28 |
| कुल | 84 |

पता स्थान का पताः लखनऊ, यूपी-226028 में रखी है
अधिक जानकारी और वस्तुओं के निरीक्षण हेतु श्री विशाल भारद्वाज 9999618116 या पंकज शर्मा 9210802906 पर कॉल करें
https://auctions.cardekho.com पर जाएं

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, **SMT. ASHA KAPOOR, D/o LATE JIWAN DAS KHANNA, W/o LATE KAMAL KAPOOR, owner of LIG FLAT NO. 52-D, FIRST FLOOR, POCKET-K, SHEIKH SARAI PHASE-II, NEW DELHI has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold vide File No.F.95 (332)79/HBM-2** in DDA. The original documents i.e. DEMAND/ALLOTMENT LETTER, POSSESSION LETTER, NOC TO WATER AND ELECTRIC & SITE POSSESSION SLIP of the above said flat has been lost. An NCR/LR NO .1485812/2024 dated 26.02.2024 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch, Delhi. Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9899530636 with in 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to **Deputy Director (H) or Director (H), D-Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, New Delhi**

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Sandhya Dubey** who is purchasing the Plot area measuring 30 sq.yds., out of Khasra No. 621, situated in the revenue area of Village Chhapraula, Colony known as Singhau Vatika-2, Pargana & Tehsil Dadri, District Gautam Budh Nagar (U.P); from **Mrs. Channo** who is owner of the aforesaid property by virtue of Sale Deed dated 23.07.2022, registered vide Document No.26181 at Sub-Registrar, Dadri, Guatam Budh Nagar, on 23.07.2022;and same to be finance & mortgage by **Ummeed Housing Finance Private Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim/right/title/interest/objection creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
**Lucem Legal LLP**
**Plot No.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049, Contact # 011-40046316**

**RAMPUR FERTILIZERS LTD.**
**Regd. Off.: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 (U.P.)**
**Email id- rkumar@rampurfert.com CIN: L15136UP1988PLC010084**
**POSTAL BALLOT NOTICE**

NOTICE is hereby given pursuant to Section 108 and 110 of the Companies Act, 2013, as amended (hereinafter referred to as the "Act") read together with Rule 20 and 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 ("the Rules"), (including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof for the time being in force), Secretarial Standard-2 on General Meetings ("the SS-2"), read with General Circular Nos. 03/2022, 20/2021, 10/2021, 39/2020, 33/2020, 22/2020, 17/2020 and 14/2020 dated May 05, 2022, December 08, 2021, June 23, 2021, December 31, 2020, September 28, 2020, June 15, 2020, April 13, 2020 and April 08, 2020, respectively, issued by the Ministry of Corporate Affairs, Government of India ("MCA Circulars"), Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (hereinafter referred to as the 'SEBI Listing Regulations') and other applicable laws, rules and regulations, that the **Special Resolution** set out in the Postal Ballot Notice with respect to the following business:

1. Adoption of new set of Memorandum of Association of the Company as per Companies Act, 2013.
2. Adoption of new set of Articles of Association of the Company as per Companies Act, 2013.

are proposed to be passed by the Members through Postal Ballot by voting through electronics means only (remote e-voting System).

In accordance with the MCA Circulars, Notice along with explanatory statement has been sent only through electronic mode to those members whose e-mail addresses are registered with the Registrar and transfer agent/ Depositories as on Friday, February 23, 2024. The Company has completed the electronic dispatch of Postal Ballot Notice on Tuesday, February 27, 2024. The Notice is displayed on the website of the Company www.rampurfert.com and Metropolitan Stock Exhnge Limited (MSE) www.msei.in and Calcutta Stock Exchange Ltd. (CSE) www.cse-india.com and on the Website of NSDL viz. www.evoting.nsdl.com.

In Compliance with the aforesaid provisions, the company has provided the facility to the Members to exercise their votes electronically through remote e-voting only on the e-voting platform provided by the NSDL. The Login credentials for casting votes through remote e-voting have been sent to the members along with notice. The detailed procedure for casting votes through remote e-voting has been provided in the Notice. The instructions for remote e-voting given in notes to Postal ballot Notice is its integral part.

No physical copy of Notice has been sent to Members and the communication of assent / dissent of Members will take place only through e-voting facility.

The "cut-off" date for the purpose of ascertaining the eligibility of members to avail remote e-voting facility is Friday, February 23, 2024. The members whose name is recorded in the register of members of the company or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on cut-off date shall only be entitled to avail the remote e-voting facility.

The remote E-voting period will commence on Wednesday, February 28, 2024 at 09:00 A.M. (IST) and shall end on Thursday, March 28, 2024 at 05:00 P.M (IST). Once the vote on a resolution is cast by a member, no change will be allowed subsequently.

Members who have not registered their e-mail ID are requested to register the same in the following manner-

1. In case of shares are held in physical mode please provide Form ISR-1 with Folio No., Name of shareholder, scanned copy of any one share certificate (Front and back), PAN (self attested scanned copy of PAN Card), Mobile No. and email id (should be mentioned in form ISR-1) AADHAR (self attested scanned copy of AADHAR Card) by email to investor@masserv.com or rkumar@rampurfert.com. Please also send original copy of ISR-1 with copy of PAN/AADHAR to RTA (i.e. MAS Services Limited, T-34, 2nd Floor Okhla Industrial Area, Phase-II New Delhi-110020).
2. Members holding shares in dematerialized mode and have not registered/updated their email address, register/update it with Depositary Participant(s) with whom their demat account is maintained.

The Company has appointed Mr. Sanjiv Nigam (Membership No. FCS9313/CP. No. 8458), Company Secretary in Practice as Scrutinizer for conducting the e-voting process in fair and transparent manner.

The result of the Postal Ballot will be announced at or before on Saturday, March 30, 2024, and shall be placed on the website of the Company at www.rampufert.com and on the website of NSDL and shall also be communicated to the MSE and CSE, where shares of the Company are listed.

For e-voting instructions Members may go through the instructions given in the Notice and in case of any queries or grievances relating to e-voting. Members may Contact NSDL helpdesk by sending a request at evoting@nsdl.co.in or contact at Toll free no. 1800-1020-990 or 1800 22 44 30 or to our RTA at investor@masserv.com.

By Order of the Board
For Rampur Fertilizers Ltd.
Sd/-
Rajeev Kumar
(Company Secretary & Compliance Officer)

Place: Rampur
Date: 27.02.2024

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालयः** आईसीआईसीआई बैंक लि., तीसरी मंजिल, प्लॉट नं. 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को सौंपे गए अंतर्निहित पूल पर) डीएचएफएल और निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) के बीच हुए ऋण करार के अनुसरण में प्रदान की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में जारी किया जा रहा है, जिन्होंने मूलधन और ऋणों के ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक की है उनके द्वारा सुरक्षित लेनदार और ऋणों से प्राप्त सुविधा को गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पतों पर नोटिस जारी किया गया था, हालांकि, यह बिना तामिल के वापस आ गया है और इसलिए, उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से अधिसूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम और पता (ऋण खाता सं.) | सुरक्षित आस्तियों/संपत्ति का पता | नोटिस भेजने की तिथि/नोटिस की तिथि तक बकाया | एनपीए की तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | संदीप शर्मा, चेतना शर्मा, ए 35 ए तीसरी मंजिल, विश्वास पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली 110059, ऋण नं. 13100001763, खाता नं. QZNOD00005008102 | प्लॉट नं. 83ए, प्रथम तल, सामने की तरफ, खसरा नं. 109/14, गली नं. 19, भारत विहार, राजा पूरी, गाँव पालम, उत्तम नगर, नई दिल्ली- 110059 में स्थित | 31/01/2024/ रु. 7,86,239/- | 09/07/2023 |
| 2. | पवन कुमार भारती, सुलेखा देवी, बी-51 प्रथम तल खसरा नं. 68/19, हस्तसाल विहार, उत्तम नगर, दिल्ली-110059, ऋण नं. 254000000305, खाता नं. QZDEL00005016398 | ऊपरी भूतल, बिना छत के अधिकार के , संपत्ति नं. 07, खसरा नं. 57/11 का हिस्सा, गाँव - हस्तसाल, विजय विहार, मोहन गार्डन एक्सटेंशन, उत्तम नगर, नई दिल्ली में स्थित | 05/02/2024/ रु. 8,03,784/- | 07/10/2023 |
| 3. | मोहन सुखीजा, गीता सुखीजा, ए 84, राम दत्त एन्क्लेव, उत्तम नगर, पश्चिमी दिल्ली, 110059 ऋण नं. 13000002409, खाता नं. QZGUR00005003351 | प्लॉट नं. आरजेड-बी-39 और खसरा नं. 189, द्वितीय तल, बिना छत के अधिकार के, ग्राम बिंदापुर, कॉलोनी जिसे अब इंदिरा पार्क कहते है, पूर्वी उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 में स्थित | 05/02/2024/ रु. 9,89,374/- | 13-09-2023 |
| 4. | सुजाता नायक, प्रशंता नायक, मकान नंबर 630 बी एंड सी, ब्लॉक एल 2, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, रघुबीर सिंह स्कूल के पास, दिल्ली 110059, ऋण नं. 19800041990, खाताः QZPTU00005021208 | संपत्ति नं. 7/180, फ्रंट साइड भूतल (बिना छत के अधिकार के), रमेश नगर, नई दिल्ली, दिल्ली में स्थित | 06/02/2024/ रु. 26,51,805/- | 08/11/2023 |
| 5. | पिंकी जेम्स, निजू थॉमस, बी-18, ब्लॉक बी, राम नगर, ओम विहार, दिल्ली 110059, ऋण नं. 26600000699, खाताः QZDEL00005026254 | फ्लैट नं. 103, प्रथम तल (पीछे की ओर), प्लॉट नं. 58 और 59, खसरा नं. 17/21, गली नं. 5, आरएचएस मटियाला एक्सटेंशन, उत्तम नगर, नई दिल्ली, दिल्ली में स्थित | 06/02/2024/ रु. 26,43,219/- | 08/11/2023 |
| 6. | वीना रानी, सुशील कुमार, मकान नं. 110ए, पहली मंजिल, न्यू लायलपुर कॉलोनी, दिल्ली 110051, ऋण नं. 19600044124, खाताः QZGRN00005040008 | संपत्ति नं. बी-62/2, भूतल, अनारकली गार्डन, जगत पुरी, खसरा नं. 28/1, गांव-खुरेजी खास, इलाका शाहदरा, दिल्ली में स्थित | 06/02/2024/ रु. 18,87,542/- | 30/11/2023 |
| 7. | संदीप रावत, सावित्री रावत, निवासी एफ- 102-बी, फ्लैट नं. टी2, तीसरी मंजिल, गली नं. 5, मंगल बाजार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली, नई दिल्ली 110092, ऋण नं. 7700001988, खाताः QZGHZ00005021077 | संपत्ति नं. एफ-44-ए. प्लॉट नं. एफ-44, आरएचएस फ्लैट के पीछे, गली नं. 7, खसरा 59/19/2 और 20 पर निर्मित, गांव खुरेजी खास, आबादी मंगल बाजार, लक्ष्मी नगर, शाहदरा नई दिल्ली 110092 में स्थित | 05/02/2024/ रु. 11,20,376/- | 08/10/2023 |

नोटिस की प्रतिस्थापित सर्विस हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं और/या उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर बकाया भुगतान करने की सलाह दी जाती है। अन्यथा वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : फरवरी 29, 2024
स्थानः दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड

## संक्षिप्त समाचार


विशेष ट्रेन को अयोध्या के लिए रवाना करते केंद्रीय मंत्री वीके सिंह

### वीके सिंह ने अयोध्या के लिए विशेष ट्रेन किया रवाना

**गाजियाबाद।** सांसद एवं केंद्रीय सडक परिवहन, राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ वीके सिंह ने गाजियाबाद से अयोध्या धाम ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराने के लिए विशेष ट्रेन रवाना की गई। इस ट्रेन में गाजियाबाद से 15 सौ श्रद्धालु अयोध्या केलिए गए हैं। वीके सिंह ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं दी। वीके सिंह की पुत्री मृणालिनी सिंह भी यात्रा में शामिल हैं। इस यात्रा पर निकले सभी श्रद्धालुओं के चेहरे पर राम दर्शन का संतोष अलग ही दिख रहा था। सभी क्षेत्रवासियों ने यात्रा की शुरुआत होते ही वीके सिंह का धन्यवाद किया। इस यात्रा के शुरू होने से पहले रेलवे स्टेशन पर एक समारोह भी किया गया। जिसमें मृणालिनी सिंह ने यात्रियों को प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पत्र और एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इस यात्रा के इंचार्ज अश्वनी शर्मा हैं।

### डीएम ने किया गोविंदपुरम अनाज मंडी का निरीक्षण

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनावों को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव के दौरान होने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चुनाव के उपरांत ईवीएम रखने, स्ट्रांग रूम, कांउटिंग स्थल, एआरओ के बैठने, मतगणना कर्मचारियों के बैठने का जायजा लिया। डीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को समय से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही साफसफाई, बिजली, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। डीएम ने समय से दुकानों का अधिग्रहण किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एसडीएम सदर अरुण दीक्षित, मंडी सचिव आदि मौजूद रहे।

### रवि काना के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

नोएडा। स्क्रैप व सरिया माफिया रवि काना के खिलाफ गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। रवि काना की संपत्ति को कुर्क करने के लिए आज उसके पैतृक गांव दादूपुर स्थित मकान पर धारा 82 का नोटिस चस्पा किया गया। ढोल नगाड़ों के बीच पुलिस ने मकान पर नोटिस चस्पा करने की कार्यवाही की। थाना नॉलेज पार्क प्रभारी विपिन कुमार आज पुलिस बल के साथ दादूपुर गांव पहुंचे। उन्होंने ढोल नगाड़ों के बीच स्क्रैप माफिया रवि काना के घर पर संपत्ति कुर्क किए जाने के लिए धारा 82 का नोटिस चस्पा किया। बता दें कि स्क्रैप माफिया रवि काना के खिलाफ थाना सेक्टर 39 में गैंगरेप का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में पुलिस ने उसके कुछ साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गैंगरेप का मुकदमा दर्ज होने के बाद थाना बीटा दो में रवि काना के खिलाफ गैंगस्टर का मामला दर्ज हुआ था। गैंगस्टर का मामला दर्ज होने के बाद कमिश्नरेट पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी करोड़ों रुपए की संपत्ति को सील कर दिया था। हाल ही में पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से रवि काना की पत्नी को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस ने रवि काना व उसकी पत्नी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर रखा था। पुलिस रवि काना की गिरफ्तारी का लगातार प्रयास कर रही है लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा है।

### यूको बैंक के पूर्व मैनेजर को 5 साल की सजा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की सीबीआई कोर्ट ने जनपद यूको बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक केके भारद्वाज को 5 साल की सजा सुनाई है। उन पर 70 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। केके भारद्वाज मुकदमा दर्ज होने के वक्त जनपद मुजफ्फरनगर में ताहरपुर भबीसा शाखा के प्रबंधक थे। आरोप है कि केके भारद्वाज ने बैंक मैनेजर रहते हुए एक फर्जी सटिफिकेट बनाया। इस सर्टिफिकेट के आधार पर 48 लाख रुपए ड्राफ्ट के जरिये बैंक से निकाले गए और आयकर छूट में लाभ पाया। सीबीआई ने 31 मार्च 1993 को केके भारद्वाज और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया था। आरोप था कि वर्ष 1991.92 के दौरान केके भारद्वाज ने बतौर मैनेजर काम करते हुए एक निजी व्यक्ति संग मिलकर अपराधिक साजिश रची। इसके तहत निजी व्यक्ति ने बैंक की उक्त शाखा में दो फर्जी नामों अशोक कुमार शर्मा और नरेंद्र कुमार गोयल से दो बचत खाते खोले। इन्हें खोलने की अनुमति केके भारद्वाज ने दी। इसके बाद अशोक कुमार नामक खाते में 24 दिसंबर 1991 व 4 नवंबर 1992 को 27 लाख रुपए जमा किए गए। बाद में निजी व्यक्ति द्वारा एक चेक दिया गया। जिसके आधार पर तीन लोगों के नाम 27 लाख रुपए के ड्राफ्ट तैयार किए गए। इसी तरह नरेंद्र कुमार गोयल के खाते में 21 लाख रुपए जमा हुए थे।


### बिसरख में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को अवैध कब्जों को मुक्त कराया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुल्डोजर की कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे को ढहा दिया। इस कार्रवाई ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने में 20 हजार वर्ग मीटर जमीन खाली कराई गई है। दरअसल ग्रेटर नोएडा के बिसरख में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने खसरा नंबर 773 की जमीन पर अवैध कब्जे को ढहा दिया। इस कार्रवाई में 20 हजार वर्ग मीटर जमीन खाली कराया गया है। जिसकी कीमत लगभग 40 करोड़ रुपये होने का आकलन किया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि बिसरख के खसरा नंबर 773 की जमीन प्राधिकरण की अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन है। वर्क सर्किल तीन के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान, प्रबंधक प्रशांत समाधिया और सहायक प्रबंधक गौरव बघेल की टीम ने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

# स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के डिजाइन में होगा बदलाव डीपीआर बनाने की प्रक्रिया शुरू

- 70 करोड़ की लागत से 26 एकड़ में खेल परियोजना विकसित होगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा शहर के सेक्टर-123 में प्रस्तावित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की डिजाइन में बदलाव किया जएगा। इसके लिए नोएडा प्रधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

नोएडा के सेक्टर-123 में एक ही छत के नीचे खेलों के अलावा वाणिज्यिक सुविधाएं भी मिलेंगी। नोएडा में प्रस्तावित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए 70 करोड़ की अनुमानित लागत से 26 एकड़ में खेल परियोजना विकसित की जाएगी। दरअसल कानपुर के आर्य नगर में पालिक स्टेडियम में बने द स्पोर्ट्स हब की तर्ज पर नोएडा में प्रस्तावित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण की योजना है। लेकिन जो डिजाइन बनाया गया है उसमें किसी तरह की खूबी नहीं दिखी। यही वजह है कि नोएडा सीईओ ने इसमें बदलाव के लिए कहा है। नोएडा प्रधिकारण के सीईओ की ओर से कहा गया है कि इसे ऐसे बनाना चाहिए कि इसमें खेल सुविधाओं के अलावा कैंटीन समेत हॉल आदि हो। इस बाबत नोएडा प्राधिकरण ने एक टीम को कानपुर भेजा था। नोएडा प्रधिकरण की टीम ने वहां अध्ययन किया और वापस नोएडा आ गई। अब योजना में इसे शामिल करना है। प्रोजेक्ट की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके बाद टेंडर और फिर निर्माण शुरू होगा। आपको बता दें कि नोएडा में प्रस्तावित इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सिंथेटिक ट्रैक, स्विमिंग पूल, फुटबाल ग्राउंड और दर्शकों को बैठने की जगह भी बनाई जाएगी।

# उपराज्यपाल और केजरीवाल सरकार आमने-सामने

## एलजी अड़ंगा डाल रहे हैं जिससे कि यह लोस चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले अधिसूचित न हो पाए : आतिशी

**सौर ऊर्जा नीति**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच विवाद कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ऊर्जा मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना आम आदमी पार्टी सरकार की सौर ऊर्जा नीति में अड़ंगा डाल रहे हैं जिससे कि यह लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले अधिसूचित न हो पाए।


ऊर्जा मंत्री आतिशी

आतिशी ने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया और बाद में संवाददाताओं से भी बातचीत की। विधानसभा के बजट सत्र में सोलर पॉलिसी पर आम आदमी पार्टी की विधायक राजेश गुप्ता ने निंदा प्रस्ताव रखा, जो सर्वसम्मति से ध्वनि मत से पास हो गया। इस बीच उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने केजरीवाल सरकार के आरोपों से इनकार किया और सरकार पर झूठ बोलने का आदी होने का आरोप लगाया। आतिशी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एलजी भाजपा की ओर से बैटिंग कर रहे हैं।

इसलिए उन्होंने इतनी अच्छी सोलर पॉलिसी 2024 की फाइल को रोक दी है। इस नीति को लाने का मकसद दिल्ली में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ दिल्ली वालों के बिजली बिल जीरो करना है। अगर कोई उपभोक्ता 400 यूनिट से अधिक बिजली की खपत कर रहा है तो वह योजना के तहत अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाकर बिजली का बिल जीरो कर सकता है।

आतिशी ने कहा, पहले तो उप राज्यपाल फाइल को दबाए बैठे रहे। मैंने खुद उनसे इसके बारे में पूछा। जब फाइल वापस आई तो इसमें कई आपत्तियां थीं। इसके बाद यह इस अधिकारी से उस अधिकारी के पास भटकती रही। इसके पीछे केवल एक ही उद्देश्य है और वह यह कि इसे रोका जाए और लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले यह अधिसूचित न हो पाए। उपराज्यपाल साहब एक संवैधानिक पद पर होते हुए भी भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। एलजी से अनुरोध है कि वह नीति के क्रियान्वयन में देरी का प्रयास न करें। यह एक उत्कृष्ट नीति है और इससे प्रदूषण में कमी आएगी।

इससे पहले दिल्ली विधानसभा ने भी उपराज्यपाल द्वारा नीति में कथित बाधा डालने पर निंदा प्रस्ताव पारित किया। वहीं, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने केन्द्र पर नीति के क्रियान्वयन में बाधा डालने का आरोप लगाया। पाठक ने आरोप लगाया, दिल्ली सरकार की सौर ऊर्जा नीति बहुत उन्नत और प्रगतिशील है। वह देश भर में लोगों को इसका अध्ययन करने को कहूंगा। भाजपा ने इसे रोक दिया है।

### झूठ बोल कर लोगों को गुमराह कर रही है सरकार : एलजी

*नई दिल्ली। उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि केजरीवाल सरकार आदतन झूठ बोल कर दिल्ली वालों को गुमराह कर रही है। एलजी ने सौर ऊर्जा नीति को नहीं रोका है। पालिसी में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिससे लोगों के बिजली बिल जीरो हो जाते। उलटे सौर ऊर्जा नीति में एक रेसको प्रावधान है जिससे सिर्फ निजी बिजली कंपनियों को फायदा होगा। उपराज्यपाल ने ने इसी प्रावधान पर विवरण मांगा है। एलजी ने यह भी पूछा कि क्या इस पॉलिसी में भारत सरकार की हजारों करोड़ की कैपिटल सब्सिडी से उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिये सामन्जस्य का प्रावधान है।*


उपराज्यपाल विनय सक्सेना

# 'पानी के बिल माफ करने की योजना भ्रामक कल्पना'

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच घमासान जारी है। एलजी ने एक पत्र में सीएम केजरीवाल और उनकी सरकार पर पानी के बिल माफी योजना को लेकर भ्रामक कहानी गढ़ने का आरोप लगाया है। ये पत्र उस दावे के जवाब में लिखा गया था जिसमें कहा गया था कि कि भाजपा उपराज्यपाल की संवैधानिक ताकतों पर अनुचित कंट्रोल कर रही है। इस दावे को एलजी ने गैर-जिम्मेदाराना और संवैधानिक औचित्य का उल्लंघन करार दिया है।

उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने केजरीवाल को लिखे पत्र मे कहा कि दिल्ली जल बोर्ड पूरी तरह से आपके नियंत्रण में है, स्वयं निर्णय लें, दूसरों को दोष न दें। आप कह रहे हैं कि, दिल्ली में 27 लाख जल उपभोक्ता कनेक्शन हैं, जिनमें से लगभग 10 लाख ने अपने बिल का भुगतान नहीं किया है और आपका लक्ष्य उन्हें लाभ पहुंचाना है। मेरी आपको सलाह है कि, यदि 10 लाख उपभोक्ताओं के बिल, जुर्माना, एलपीएससी और बकाया माफ करने जैसी किसी बात पर विचार किया जा रहा है, तो शेष 17 लाख उपभोक्ताओं, जिन्होंने, इतने वर्षों में ईमानदारी से अपने बिलों का भुगतान किया है, उन्हें भी ब्याज सहित राशि वापस की जानी चाहिए।

उपराज्यपाल ने कहा कि आपको सभी पर दोष मढ़ने की आदत है। सभी उपराज्यपालों, वर्ष 2013 से लगातार भारत की सरकारों, भाजपा और कांग्रेस और यहां तक कि कर्मचारियों पर भी, प्रचार अभियान में, बार-बार झूठ बोलकर आपने जो नाटक रचा है, सभी को दोषी ठहराना आपकी आदत है।

# डॉक्टर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने में आप विधायक दोषी करार

● अदालत ने दुर्गा विहार के डॉ. राजेंद्र सिंह के मामले में प्रकाश जारवाल को दोषी माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक प्रकाश जारवाल को एक डॉक्टर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया।


प्रकाश जारवाल

दक्षिणी दिल्ली के दुर्गा विहार में 18 अप्रैल, 2020 को 52 वर्षीय डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने आत्महत्या कर ली थी। न्यायाधीश ने देवली विधानसभा क्षेत्र के विधायक जारवाल को दोषी करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने तार्किक संदेह से परे जाकर उनके खिलाफ मामला साबित किया। न्यायाधीश सजा को लेकर 13 मार्च को दलीलें सुनेंगे।

अपने सुसाइड नोट में डॉक्टर ने अपनी खुदकुशी के लिए जारवाल को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने इस सुसाइड नोट के आधार पर जारवाल के खिलाफ रंगदारी एवं आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया था।

### आपराधिक प्रवृत्ति के विधायकों को विस व आप से करें निष्कासित : सचदेवा

*पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली*

*प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के विधायक प्रकाश जरवाल को अदालत द्वारा हत्या दोषी करार देने पर आम आदमी पार्टी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रकाश जरवाल के दोषी करार दिए जाने से एक बार फिर आम आदमी पार्टी का काला चेहरा सामने आया है। सचदेवा ने कहा कि भाजपा लगातार कहती रही है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी को अपराधिक एवं भ्रष्ट प्रवृति के लोगों की शरणस्थली बना दिया है और आज न्यायालय द्वारा जरवाल को हत्या का दोषी ठहराये जाने के बाद एक बार फिर उसका असली चेहरा उजागर हो गया है।*

*वीरेंद्र सचदेवा और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रकाश जरवाल दक्षिण दिल्ली में टैंकर माफिया के संरक्षक हैं और वर्ष 2021 में उनके चुनाव क्षेत्र के एक डॉक्टर ने आत्महत्या की थी और एक पत्र छोड़ा था जिसमें जरवाल को अपने आर्थिक एवं मानसिक उत्पीड़न का दोषी ठहराया था जिसके बाद वह जेल में रहे और वर्तमान में जमानत पर बाहर थे। भाजपा लगातार मुख्यमंत्री से इस अपराधिक विधायक पर कार्रवाई की मांग करती रही पर केजरीवाल ने अपने इस भ्रष्ट नवरत्न पर कोई कार्रवाई नहीं की क्योंकि सम्भवत: जरवाल टैंकर माफिया से उगाही का बड़ा भाग पार्टी खाते में जमा कराते रहे होंगे। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि कोर्ट का फैसला आएगा तो जरवाल की विधायकी तो चली ही जाएगी लेकिन आज अरविंद केजरीवाल को डॉक्टर के परिवार से जरवाल का बचाव करने की माफी मांगनी चाहिए और जरवाल सहित दागी विधायकों को विधानसभा एवं पार्टी से निष्कासित करें।*


वीरेंद्र सचदेवा

# एआईसीटीई की पहल से छात्रों के लिए नौकरी की तलाश हुई आसान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंजीनियरिंग और प्रबंधन की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को नौकरी की तलाश करने में आसानी हो, इसके लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने जॉब्स एवं प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म अपना डॉटकॉम के साथ समझौता किया है।

केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा स्वयं प्लस के उद्घाटन अवसर पर एआईसीटीई ने अपना डॉटकॉम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान उच्च शिक्षा सचिव संजय के मूर्ति, एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टी.जी. सीताराम, यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार, एनसीवीईटी के अध्यक्ष डॉ. निर्मलजीत कलसी आदि मौजूद रहे। यह रणनीतिक साझेदारी एआईसीटीई अनुमोदित संस्थानों के छात्रों को एआईसीटीई करियर पोर्टल के माध्यम से प्लेसमेंट सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करेगी।

यह इस साझेदारी का एक महत्वपूर्ण तत्व है। यह पोर्टल नौकरी की तलाश करने वाले प्रतिभाशाली छात्रों और अपने लिए वर्कफोर्स की तलाश कर रहे नियोक्ताओं के बीच की खाई को पाटेगा।

इससे छात्र नौकरी और इंटर्नशिप के अवसरों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठा सकेंगे।

# मेट्रो ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

● येलो लाइन पर हुआ हादसा, आधे घंटे बाद सेवा हुई सामान्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेट्रो की येलो लाइन पर बुधवार को चलती ट्रेन के सामने एक युवक कूद गया। चालक ब्रेक लगाकर गाड़ी को रोकने की कोशिश की लेकिन तब तक युवक ट्रेन की चपेट में आ चुका था।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन में यह घटना होने के बाद ट्रेन सेवाओं में करीब 35 मिनट की देरी हुई। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के अनुसार व्यक्ति अपनी बीमारी से परेशान था लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। यलो लाइन मिलेनियम सिटी सेंटर-गुरुग्राम और दिल्ली के समयपुर बादली मेट्रो स्टेशनों को जोड़ती है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राजीव चौक थाने में इस घटना को लेकर फोन आया था। पुलिस का दल मौके पर पहुंचा और सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद जांच शुरू की गई। छानबीन में पता चला कि व्यक्ति ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो पर पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे ट्रेन के सामने कूदकर खुदकुशी कर ली।

मुकुंदपुर निवासी इस व्यक्ति की पत्नी ने पुलिस को बताया कि उसके पति पहले पेंटर का काम करते थे लेकिन कैंसर से पीड़ित होने की वजह से इन दिनों वह काम नहीं कर रहे थे। अधिकारी ने कहा कि मृतक की जेब से बरामद हुई एक पर्ची में फोन नंबर लिखा हुआ मिला।

येलो लाइन मेट्रो समयपुर बादली को मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम को जोड़ती है। जो दिल्ली मेट्रो रेल निगम का सबसे व्यस्त कॉरिडोर है।

इससे पहले पिछले महीने दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन पर तकनीकी खराबी के चलते कुछ समय के लिए सेवाएं बाधित रही। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने एक्स पर बताया कि समयपुर बादली से मिलेनियम सिटी सेंटर को जोड़ने वाली येलो लाइन पर तकनीकी दिक्कतों के चलते कुछ समय के लिए सेवाएं प्रभावित रही।

# सोशल मीडिया दोस्त ने नाबालिग से किया दुष्कर्म

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सोशल मीडिया के बढ़ते हुए चलन ने अपराधों को भी बढ़ा दिया है। ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां सोशल मीडिया पर बने दोस्तों ने लड़कियों को अपनी हवस का शिकार बनाया है। ऐसा ही एक मामला पश्चिमी दिल्ली के सागरपुर इलाके में सामने आया है।

सोशल मीडिया पर बने दोस्त ने लड़की को मिलने के बहाने बुलाकर उसके साथ बलात्कार किया। उसके साथ मारपीट की और उसे डाबरी मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास छोड़कर वहां से भाग गया था। बाद में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पीड़िता का बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग से दोस्ती करने वाले आरोपी को पकड़ लिया गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



पीड़िता कोचिंग क्लास के लिए गई थी जिसके बाद वह अपने एक दोस्त से मिलने गई। जांच में पता चला कि उसने अपने सोशल मीडिया मित्र से मिलने की योजना बनाई और वहां उसके साथ बलात्कार किया गया। मालूम हो कि इससे पहले भी 18 फरवरी को ऐसा ही एक मामला सामने आया था, जहां 18 साल की लड़की अपने सोशल मीडिया दोस्त से मिलने पहुंची तो उन्होंने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ रेप किया।

● आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट की और उसे डाबरी मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास छोड़कर भाग गया

## संक्षिप्त समाचार


नई दिल्ली नगर पालिका परिषद की बैठक में सीएम केजरीवाल व अन्य।

### एनडीएमसी की बैठक बुनियादी ढांचे के विकास पर मुहर

**नई दिल्ली।** नागरिक केंद्रित और बुनियादी ढांचे संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विचार और अनुमोदन के लिए नई दिल्ली नगर पालिका परिषद की बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और परिषद के अध्यक्ष अमित यादव संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न नागरिक केंद्रित, बुनियादी ढांचे और कर्मचारी कल्याण संबंधी प्रस्तावों पर विचार किया और उन्हें मंजूरी भी दी गई। एनडीएमसी को अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं से लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिसमें व्यवसाय घाटे, बंदी और चिकित्सा मुद्दों जैसे विभिन्न कारणों से संचित बिजली और पानी के बिलों का पूरा भुगतान करने में असमर्थता व्यक्त की गई है। वर्तमान में, एनडीएमसी इस मामले पर विशिष्ट नियमों या निर्देशों के अभाव का हवाला देते हुए किश्तों में भुगतान की अनुमति नहीं देता है। संचित बिजली बकाया का भुगतान किश्तों में करने के इच्छुक उपभोक्ताओं को संबंधित विभाग को आवेदन करना होगा। संबंधित विभाग, उपभोक्ता की प्रदर्शित वितीय स्थिति के आधार पर, निम्नलिखित शर्तों के अधीन अनुरोध को मंजूरी दे सकता है। किश्त केवल दो/तीन भागों में ही स्वीकृत की जाएगी। संचित बिजली बकाया का 50 फीसदी अग्रिम भुगतान करना आवश्यक होगा और शेष 50 फीसदी अधिकतम दो किश्तों में देय होगा, जिसका प्रतिशत विभाग द्वारा तय किया जा सकता है। विलंबित भुगतान पर लागू दरों के अनुसार विलंबित भुगतान अधिभार लगाया जाता रहेगा।

### चांदनी चौक इलाके में युवक को चाकू मारा, घायल

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक इलाके में सनई सड़क टाउन हॉल पर आइसक्रीम बेचने वाले युवक पर देर रात स्कूटी पर आए तीन बदमाशों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल को एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। मंगलवार/बुधवार की रात लगभग 12.40 पर चांदनी चौक इलाके में बाग वाली मस्जिद के सामने आइसक्रीम बेचने वाला युवक बंटी अपने ठेले पर खड़ा था कि तभी स्कूटी पर तीन युवक आए और उसपर हमला कर दिया। दो ने बंटी को पकड़ा और एक युवक ने चाकू निकाल कर मरना शुरू कर दिया। बंटी ने खुद को बचाने के लिए भागने की कोशिश की मगर आरोपियों ने दोबारा पकड़ फिर से चाकू मारे। बंटी को हाथ, कमर और जांघ में चाकू लगे हैं। घायल बंटी को उसका भाई एलएनजेपी अस्पताल में इलाज के लिए ले गया। इस दौरान बंटी को बचाने आए उसके छोटे भाई रवि के भी हाथ में चाकू लग गए। बंटी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हैं।

### राम प्रकाश कपूर के निधन पर शोक सभा

नई दिल्ली ।उर्दू डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन (यूडीओ) ने साहित्यकार राम प्रकाश कपूर के निधन पर नई दिल्ली के दरियागंज में एक शोक सभा आयोजित की और उर्दू के प्रति उनके समर्पण के लिए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उर्दू डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि जब हमने अल्लामा इकबाल के जन्मदिन पर विश्व उर्दू दिवस की शुरुआत की तो राम प्रकाश कपूर ने हमारा समर्थन किया जब तक वे स्वस्थ थे, 9 नवम्बर को उर्दू दिवस कार्यक्रम में भाग लेते रहे। वह उर्दू दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपने खर्चे पर कई बार अमेरिका से दिल्ली आए और अल्लामा इकबाल के बारे में यह भी कहा करते थे कि कुछ नकारात्मक सोच वाले लोग गलत प्रचार और गलत बाते फैलाते रहते हैं जिसमें कोई सच्चाई नहीं है। याद रहे कि 19 फरवरी को राम प्रकाश कपूर का 95 साल की उम्र में निधन हो गया था।

# अपशिष्ट केंद्रों पर अक्टूबर से 52 हजार टन कचरा जमा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अक्टूबर से निर्माण और विध्वंस कचरा संग्रह बिंदुओं पर 52,000 टन मलबा जमा किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप अक्टूबर-नवंबर की अवधि के दौरान अवैध डंपिंग में 38 प्रतिशत की कमी आई है।

निगम ने फरवरी की शुरुआत में कहा था कि वह प्रदूषण को कम करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 100 मलबा संग्रहण बिंदु स्थापित करने की प्रक्रिया में है। एमसीडी ने बुधवार को एक बयान में कहा, वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने और दिल्ली में बढ़ते निर्माण और तोड़फोड़ से उत्पन्न कचरे से निपटने के लिए नगर निगम ने वायु प्रदूषण कार्रवाई समूह (ए-पीएजी) के सहयोग से सक्रिय पहल की है।

मुख्य रूप से सी एंड डी कचरा संग्रहण बिंदु की पहचान करने, कचरा संग्रहण बिंदु, अवैध डंपिंग पर अंकुश लगाने और नागरिकों को जिम्मेदार कचरा निपटान के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

यद्यपि 35 ऐसे बिंदु पहले से ही विभिन्न क्षेत्रों में चालू हैं, जबकि अन्य 49 के लिए स्थलों की पहचान की गई है। एमसीडी ने बयान में दावा किया, अक्टूबर (2023) से, इन संग्रह केंद्रों पर 52,000 टन मलबा एकत्र किया गया है।

# कांग्रेस मेनिफेस्टो न्याय संकल्प पत्र करेगी तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सभी वर्ग के लोगों के मुद्दे को शामिल किया जाएगा: लवली



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनता के बीच अपनी बात रखने के जिल कांग्रेस अपना मेनिफेस्टों तैयार करने में जुट गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि इंडिया गठबंधन की विचारधारा को ध्यान रखकर दिल्ली वालों की समस्याओं को खत्म करने के लिए न्याय संकल्प पत्र तैयार किया जाएगा। जिसमें सभी वर्ग के लोगों के मुद्दे और समस्याओं का समाधान शामिल किया जाएगा।

अरविन्दर सिंह लवली व कांग्रेस महासचिव दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया व मेनिफेस्टो कमेटी के चेयरमैन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चै. अनिल कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस लोगों की परेशानियों और उनके अधिकारों के लिए 24 घंटे काम करती है। पार्टी कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर उनकी परेशानियों को खत्म करने के लिए मेनिफेस्टो तैयार करेगी। जहां भाजपा सरकार केवल बड़े-बड़े लोग और पूंजीपतियों से मिलते है और उनको लाभ पहुचाने के लिए सरकारी नीतियां बनाते है, वहीं हमारे नेता राहुल गांधी मजदूरों, सड़कों पर रहने वाले, विश्वविद्यालय के छात्रों और टीचरों से सीधा संवाद करके युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, किसानों के अधिकारों की लड़ाई के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे है।

दीपक बाबरिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के संबध में मेनिफेस्टो कमेटी का गठन किया गया है और कांग्रेस समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि शीला दीक्षित सरकार ने 15 वर्षों में दिल्ली का इन्फ्रास्ट्रक्चर विश्वस्तरीय बनाया। अनिल कुमार ने कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के न्याय शब्द से हमें जो उर्जा मिलती है उसके उदेश्य को लेकर हम दिल्ली की जनता के बीच जाऐंगे।

### रुपये के लेन-देने को लेकर हिंसा, तीन घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके में बुधवार सुबह रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हिंसा में तब्दील हो गया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। वहीं, इस दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस पर पथराव किया और एक वाहन में आग लगा दी। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ख्याला में बी-1 चौक के पास स्थानीय लोगों के बीच झड़प हुई। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के बीच पैसे को लेकर विवाद हुआ था, जो हिंसक हो गया।

# मौसम: इस साल फरवरी में 2014 के बाद हुई सर्वाधिक बारिश

## खराब श्रेणी के एयर क्वालिटी इंडेक्स वाले दिन घटे, मध्यम श्रेणी के दिन बढ़ गए : सीपीसीबी

● दिल्ली वालों ने बारिश के साथ नौ वर्षों में सबसे साफ हवा में भी ली सांस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में इस साल फरवरी में वर्ष 2014 के बाद सबसे ज्यादा बारिश हुई है। इस महीने अब तक 32.5 मिमी बारिश हुई है। इससे पहले 2014 के फरवरी माह में 48.8 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।


फाइल फोटो

मौसम विभाग में क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले साल फरवरी में गर्मी थी, लेकिन 2023 से पहले के वर्षों में फरवरी में ठीक-ठाक ठंड रही थी। फरवरी में दिल्ली वालों ने रिकॉर्डतोड़ बारिश ही नहीं देखी, नौ वर्षों में सबसे साफ हवा में भी सांस ली है। ना सिर्फ खराब श्रेणी के एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) वाले दिन घटे बल्कि मध्यम श्रेणी के दिन बढ़ गए। महीने का औसत एक्यूआई भी सबसे कम दर्ज किया गया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, इस साल भी फरवरी में कोई दिन 400 से ऊपर यानी गंभीर श्रेणी के एक्यूआई वाला दिन नहीं रहा। चार दिन 300 से 400 के बीच यानी बहुत खराब जबकि 10 दिन 200 से 300 के बीच यानी खराब श्रेणी का एक्यूआई रहा। कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि फरवरी में पश्चिमी विक्षोभ के कारण सर्द हवाओं के चलने से ठंड महसूस होती है और अगले महीने के शुरुआती हफ्ते तक मौसम की मौजूदा स्थिति बनी रहेगी। इसे जलवायु परिवर्तन का असर कहना ठीक नहीं है, क्योंकि हर साल मौसम की स्थिति बदलती है जैसे गत वर्ष फरवरी में गर्मी थी लेकिन मार्च, अप्रैल और मई में मौसम सुहाना रहा था। फरवरी के महीने में बारिश होना भी सामान्य है, और इस महीने में आम तौर पर बारिश होती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फरवरी में अधिक बारिश होने की वजह एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभों का सक्रिय होना है जिससे पहाड़ों पर बर्फ पड़ रही है, मैदानी इलाकों में बारिश हो रही है और साथ ही सर्द हवाएं चलने के कारण ठंड महसूस हो रही है। जनवरी में राष्ट्रीय राजधानी में बिल्कुल बारिश नहीं हुई थी। आईएमडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले साल फरवरी में गर्मी थी और बारिश भी नहीं हुई थी, लेकिन इस बार स्थिति उससे पूर्व के वर्षों जैसी है। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2023, 2018 और 2017 में फरवरी में बारिश नहीं हुई थी, लेकिन वर्ष 2022 में फरवरी में 29.7 मिमी, 2021 में 2.6 मिमी और 2020 में 1.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी। आंकड़ों के अनुसार,वर्ष 2019 के फरवरी में 23.9, 2016 में 1.3, 2015 में 1.8 , 2014 में 48.8, 2013 में 103.1, 2012 में 1.06, 2011 में 53.7 और 30.1 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में अब तक सबसे ज्यादा वर्षा 1915 में हुई थी जब 153.4 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 21 फरवरी को 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था लेकिन इस साल 21 फरवरी को अधिकतम पारा 28.1 डिग्री सेल्सियस रहा था। इस बार फरवरी में अब तक पांच दिन वर्षा हुई है और फरवरी में 21.3 मिमी बारिश सामान्य है।

# अरावली श्रृंखला के गैर मुमकिन पहाड़ क्षेत्र में ना हों कॉमर्शियल गतिविधियां: निशांत यादव

## डीसी ने ली खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

सोहना क्षेत्र में अरावली श्रृंखला के गैर मुमकिन पहाड़ क्षेत्र में कॉमर्शियल गतिविधियों को लेकर डीसी निशांत कुमार यादव ने खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी को सख्त निर्देश दिए हैं कि इन पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सोहना के एसडीएम व जिला खनन विभाग के अधिकारी एक संयुक्त विजिट कर ऐसी गतिविधियों की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए उन पर प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करें। वे बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में कही।

बैठक में डीसी ने जिला में अवैध खनन गतिविधियों से सख्ती से निपटने के लिए विशेष निगरानी टीमें गठित करने के निर्देश दिए हैं। ये विशेष टीमें जिला में विभिन्न सड़क मार्गों पर अवैध खनन गतिविधियों में शामिल वाहनों की निगरानी रखते हुए उन पर निर्धारित नियमों के तहत विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। डीसी ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि खनन विभाग को जिला में जहां भी अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों की सूचना मिले उस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए अवैध खनन करने वालों पर एफआईआर दर्ज करें। खनन विभाग ने वर्तमान वित्त वर्ष में अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त 49 वाहनों को किया सीज, लगाया 57 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि खनन विभाग ने जिला गुरुग्राम में वर्तमान वित्त वर्ष में अवैध खनन गतिविधियों में शामिल 49 वाहनों को सीज किया है। जिसमें से 11 वाहनों को रिलीज किया गया है व 38 वाहन सुपरदारी पर छोड़े गए हैं। उन्होंने बताया कि इस पूरी अवधि में 57 लाख 27 हजार 200 का चालान कर 35 लोगों पर एफआईआर भी करवाई गई है। बैठक में आरटीए विभाग के अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा जनवरी व फरवरी माह में ओवरलोड वाहनों पर 2 करोड़ 31 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बैठक में सोहना के एसडीएम सोनू भट्ट, मंडल वन अधिकारी राजीव तेजयान, गुरुग्राम के एसडीएम रविन्द्र यादव, सीटीएम कुंवर आदित्य विक्रम सहित खनन व आरटीए विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 31 मार्च तक जारी रहेगी एकमुश्त व्यवस्थापन स्कीम: गीतांजली मोर

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आबकारी एवं कराधान विभाग ने गुरुग्राम जिला के सभी व्यापारियों, चार्टड एकाउंटेंट, अधिवक्ताओं एवं अकाउंटेंट की सुविधा को देखते हुए शुरू की गई पुराने वैट एरियर के निपटान के लिए एकमुश्त व्यवस्थापन स्कीम को 31 मार्च तक चालू रखा है।

यह जानकारी गुरुग्राम की संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त गीतांजली मोर ने दी। उन्होंने करदाताओं को दी जा रही छूट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस स्कीम के तहत उन्हें जुर्माना राशि एवं ब्याज राशि की पूर्ण छूट, स्वीकृत कर पर 100 प्रतिशत देय सहित यदि विवादित कर की राशि रूपये 50 लाख के बराबर या उससे कम है तो विवादित कर का 30 प्रतिशत तथा अन्य सभी मामलों में विवादित कर का 50 प्रतिशत भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि वहीं निर्विवादित कर की राशि रुपये 50 लाख के बराबर या उससे कम है तो विवादित कर का 40 प्रतिशत तथा अन्य सभी मामलों में विवादित कर का 60 प्रतिशत भुगतान करना होगा। इसके साथ ही अंतरीय कर पर 30 प्रतिशत भुगतान करना होगा। उन्होंने सभी करदाताओं से आह्वान किया है कि वे ज्यादा से ज्यादा इसका लाभ लें।

# हनुमान चालीसा के पाठ का आंकड़ा साढ़े 5 लाख के पार

## बोधराज सीकरी की यह मुहिम निरंतर आगे बढ़ रही

एजेंसी। गुरुग्राम


हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में बोलते बोधराज सीकरी।

**बोधराज** सीकरी समाजसेवी की निरंतर एक वर्ष से अधिक समय से चली आ रही हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के तहत चोटी पंचायत न्यू कॉलोनी गुरुग्राम में ओमप्रकाश कथूरिया, चेयरमैन ओम स्वीट्स ने पाठ का आयोजन करवाया। इस बार के पाठ को मिलाकर 227 स्थानों पर 41,152 साधकों द्वारा 566,320 हनुमान चालीसा पाठ हो चुके हैं।

चोटी पंचायत का हॉल भक्ति रस से खचाखच भरा हुआ था। सर्वप्रथम पंडित भीम दत्त ने मंत्रोच्चारण से पूजा करवायी और उसके उपरांत गजेंद्र गोसाई ने गायकी के माध्यम से सुर और ताल से हनुमान चालीसा पाठ का गायन किया और लगभग डेढ़ घंटे में समापन की ओर पहुंचे। बोध राज सीकरी ने अपने वक्तव्य में यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि हनुमान चालीसा पाठ और सुंदरकांड पाठ एक मैनेजमेंट का पूरा कोर्स है। अंगद का उदाहरण देकर सीकरी ने साधकों को बताया कि कैसे अंगद ने लंका में जाकर अपने पिता का परिचय देकर रावण का मनोबल गिराया। रावण का मनोबल हनुमान जी ने भी गिराया।

युद्ध से पहले किसी योद्धा का मनोबल गिरा देना, इस प्रकार की मैनेजमेंट स्किल रामायण में है। शिक्षाविद् डॉक्टर अशोक दिवाकर ने अपने वक्तव्य में राम तत्व की बात की। युवा के संस्कारवान होने की बात पर विचार प्रकट किए।

डॉक्टर परमेश्वर अरोड़ा ने आगाह किया कि जो गलत भ्रांतिया हमारे धर्म के बारे में और हमारे ग्रंथों के बारे में की जाती है, उनका खंडन करना चाहिए।

इस पाठ में नवनियुक्त अर्जुन मण्डल के मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र बजाज ने आकर बड़ों से आशीर्वाद लिया। सीमा पाहूजा अपने पति बंटी पाहूजा के साथ, केंद्रीय आर्य सभा के प्रधान अशोक आर्य, आर्य समाज के पुराने कार्यकर्ता लक्ष्मण पाहूजा, प्रमोद सलूजा, यदुवंश चुग, दिलीप लूथरा, आरडी क्वात्रा, रमेश कामरा, युधिष्ठिर अलमादी, सतपाल नासा, उपस्थित रहे। महिला शक्ति में सुरेश सीकरी,ज्योत्सना बजाज, पुष्पा नासा, रचना बजाज, सिमरन बजाज, वीणा अरोड़ा, उपस्थित रही।

# सफाई में कहीं कमी नजर आए तो नगर निगम को सूचना दें: डॉ. बलप्रीत सिंह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने कहा कि स्वच्छ गुरुग्राम अभियान में नागरिक भी अपना सहयोग दें। नागरिक कचरा अलगाव को अपनाएं। अपने घरों, दुकानों आदि में गीले व सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन का प्रयोग करें। कचरे को इधर-उधर ना फेंके। कचरा एकत्रित करने वाले कर्मचारी को ही कचरा सौंपें। यह बात उन्होंने बुधवार को सेक्टर-4 में आयोजित स्वच्छता से समृद्धि कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। यह



कार्यक्रम नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सेक्टर-4 मार्केट एसोसिएशन तथा सेंटर फॉर साइट के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में रामकला सदन के बच्चों ने स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता की अलख जगाई। स्वच्छता के लिए बेहतर कार्य करने वाली आरडब्ल्यूए तथा सोसायटियों को प्रशस्ति-पत्र भी भेंट किए गए।

# साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थीं रुक्मिणी: कृष्णचंद्र शास्त्री

## श्याम प्रभु खाटू वाले का 36वां श्री श्याम बसंत महोत्सव में सुनाई श्री कृष्ण-रुक्मिणी मंगल कथा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**श्री** खाटू श्याम प्रचार मंडल गुरुग्राम की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 36वें आठ दिवसीय श्री श्याम बसंत महोत्सव के छठे दिन बुधवार को वृंदावन से कृष्णचन्द्र शास्त्री जी ने महारास के साथ कंस वध पर प्रवचन किए। उन्होंने श्री कृष्ण रुक्मिणी मंगल की कथा भी सुनाई।

श्री कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि


श्री खाटू श्याम प्रचार मंडल गुरुग्राम की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 36वां श्री श्याम बसंत महोत्सव में कथा करते कृष्णचन्द्र शास्त्री जी व उपस्थित श्रद्धालु।

रुक्मिणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थीं। वह दिखने में बहुत ही सुंदर, बुद्धिमान और स्वभाव की सरल कन्या थीं। राजा भीष्मक के दरबार में जो कोई आता, वह भगवान श्रीकृष्ण के साहस और बुद्धिमता की तारीफ करता। रुक्मिणी बचपन से कई लोगों के मुख से कृष्ण की तारीफ सुनती आ रही थीं। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी का अवतार थीं। वह मन ही मन श्री कृष्ण से विवाह करना चाहती थीं। उधर श्री कृष्ण भी जानते थे कि रुक्मिणी में कई गुण है। लेकिन रूकिमणी का भाई रूक्मी श्री कृष्ण से शत्रुता रखता था। श्री कृष्ण जी ने रुक्मी को युद्ध में परास्त करके रुक्मिणी से विवाह किया।

मंडल के प्रचार मंत्री राकेश शर्मा ने बताया कि संस्था के प्रधान राजकुमार कौशिक के नेतृत्व में संस्था के सभी पदाधिकारी और प्रदीप मोदी, बीएल अग्रवाल, ललित शर्मा, दिनेश मंगला, रणबीर भारद्वाज, विजय अग्रवाल, सुभाष रोहिल्ला, नवनीत बंसल, सुकन पाल नागर, सरोज गर्ग, संगीता गुप्ता, कैलाश यादव आदि सभी कार्यकारिणी सदस्य दिन रात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सेवा में लगे हुए हैं। प्रचार मंत्री ने बताया कि आठ दिवसीय इस महोत्सव के सातवें दिन गुरुवार को सुदामा चरित्र की कथा होगी।

# आईटीआई की छात्राएं सैलून में ले रही हैं ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग


गुरुग्राम में ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण लेती छात्राएं।

एजेंसी। गुरुग्राम

## वूमेन आईटीआई के साथ कंपनी ने किया है एमओयू साइन

**कौशल** विकास की दिशा में राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम में एक नए ब्यूटीशियन कोर्स की शुरुआत की गई है। इसके लिए संस्थान ने कट एंड स्टाइल सैलून से एमओयू साइन किया है। महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जेपी यादव ने बताया कि इन दिनों आईटीआई में छात्राओं को कॉस्मेटोलॉजी का कोर्स करवाया जा रहा है, जिसकी अवधि तीन माह की है। कट एंड स्टाइल सैलून के दक्ष ब्यूटीशियन छात्राओं को सौंदर्य कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रहे हैं। दोहरी शिक्षा प्रणाली के तहत कंपनी के निदेशक दिनेश शर्मा और राजेश यादव ने इस व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए आईटीआई के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसमें प्लेसमेंट अधिकारी जागृति भाटिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कट एंड स्टाइल कंपनी की मैनेजर मेघना आईटीआई की कॉस्मेटोलॉजी विषय की छात्राओं के साथ मिलकर काम कर रही हैं। प्राचार्य जेपी यादव के मुताबिक 18 छात्राएं गुरुग्राम में विभिन्न स्थानों पर कट और स्टाइल के सैलून में प्रशिक्षण ले रही हैं। आठ छात्राओं को मार्च माह के अंतिम सप्ताह में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। सैलून के साथ काम कर रही छात्राएं काफी प्रसन्न हैं। उनको व्यावहारिक ट्रेनिंग के साथ-साथ नवीनतम मशीनरी पर काम करने का मौका मिल रहा है। ग्राहक के साथ बातचीत व उनके अनुसार कार्य करना छात्राएं बखूबी सीख रही हैं। ये ट्रेनिंग लेने से इन छात्राओं को कोर्स पूरा होने के बाद उनका कैरियर बनाने में बेहतर सहयोग प्राप्त होगा और आसानी से कहीं भी रोजगार मिल सकेगा। इसके अलावा सरकार की रोजगारपरक योजनाओं के अंतर्गत ये छात्राएं बैंक लोन लेकर खुद का भी व्यवसाय प्रारंभ कर सकती हैं।

# वित्त वर्ष 2024 में 9 महीने की अवधि में शीर्ष 10 निजी जीवन बीमाकर्ताओं में बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने दर्ज की सबसे अधिक बढ़ोतरी

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ / आगरा

**भारत** की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने अपनी परिवर्तनकारी यात्रा के माध्यम से अपने बिजनेस पेरामीटर्स को बढ़ाना जारी रखा है। वित्त वर्ष 2024 में 9 महीने की अवधि के परिणाम भारतीय जीवन बीमा उद्योग में अन्य निजी खिलाड़ियों की तुलना में इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाते हैं। वित्त वर्ष 2024 में 9 महीने की अवधि के लिए कंपनी का व्यक्तिगत रेटेड नया व्यवसाय (IRNB) पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 24 प्रतिशत बढ़ा। यह उद्योग के औसत द्वारा प्रदर्शित वृद्धि का लगभग तीन गुना था। व्यक्तिगत रेटेड नए व्यवसाय (आईआरएनबी) में बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस की तीन साल (वित्त वर्ष 2020 से वित्तीय वर्ष 2023) 39 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) कंपनी के मजबूत विकास पथ की पुष्टि करती है। व्यक्तिगत व्यवसाय में मजबूत वृद्धि और प्राप्त नवीकरण प्रीमियम के कारण, कंपनी का GWP वित्त वर्ष 2024 के 9 महीनों में 14,860 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 13,028 करोड़ रुपये था।

ऑटो-भुगतान पंजीकरण, डिजिटल भुगतान इत्यादि जैसी पहलों के माध्यम से नवीनीकरण भुगतान प्रक्रियाओं को बढ़ाने पर मजबूत फोकस के कारण अधिकांश क्षेत्रों में लगातार बेहतर स्थिति बनी हुई है। 31 दिसंबर, 2023 तक पर्सिस्टेंसी 13वें महीने के लिए 83 प्रतिशत, 37वें महीने के लिए 65 प्रतिशत और 61वें महीने के लिए 51 प्रतिशत थी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 की 9वीं तिमाही में नवीनीकरण प्रीमियम में 31 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की। पर्सिस्टेंसी में सुधार के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के कारण यह संभव हुआ। इसके अतिरिक्त मजबूत आईआरएनबी विकास और विविध उत्पाद मिश्रण पर ध्यान केंद्रित करने के कारण नए व्यापार मूल्य (एनबीवी) में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2023 के 9 महीनों के लिए 535 करोड़ रुपये से बढ़कर 9 महीनों के वित्त वर्ष 24 के लिए 581 करोड़ रुपये हो गया। बजाज आलियांज लाइफ पूरी तरह ग्राहकों को प्राथमिकता देती है, कंपनी तेजी से पॉलिसी जारी करने और अत्याधुनिक तकनीक द्वारा समर्थित विविध उत्पाद पेश करने पर जोर देती है। ग्राहकों ने मौजूदा उत्पाद समूह और नई पेशकशों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

# न्यूज18 इंडिया ने शुरू किया 'न्यूज18 इंडिया गूंज' रुबिका लियाकत संचालित कर रहीं एक अनोखा डिबेट शो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**न्यूज18** इंडिया ने अपना खास डिबेट शो 'न्यूज18 इंडिया गूंज' लांच कर दिया है। लोकप्रिय न्यूज एंकर रुबिका लियाकत इस कार्यक्रम को प्रस्तुत कर रही हैं। यह शो 21 फरवरी को शुरू हुआ है। यह सप्ताह में रोजाना शाम 5 बजे से 6 बजे तक प्रसारित होगा।

'न्यूज18 इंडिया गूंज' एक तेज तर्रार राजनीतिक समाचार डिबेट शो है। जो हर शाम लाखों समाचार दर्शकों के घरों में गूंजने लगा है। आगामी आम चुनावों की पृष्ठभूमि में लांच किया गया यह शो राजनीतिक स्पेक्ट्रम के जाने पहचाने प्रमुख चेहरों की भागीदारी के साथ बड़ी राजनीतिक खबरों को कवर कर रहा है। यह शो एक ऐसे फार्मेट में विभिन्न मुद्दों की जानकारी देता है, पड़ताल करता है, विश्लेषण करता है और उन मुद्दों पर बहस करता है, वैसा फार्मेट भारत में न्यूज टेलीविजन पर पहले कभी नहीं देखा गया। प्रत्येक एपिसोड चुनी गई खबरों (न्यूज स्टोरीज) पर असरदार विजुअल्स और ग्राफिक्स के साथ संक्षिप्त ब्योरे के साथ शुरू होता है। इसके बाद एक खास (एक्सक्लूसिव) सिगमेंट है। इसमें खबर के बारे में शोध पर आधारित अनकहे तथ्यों का खुलासा किया जाता है। इससे उस विषय पर दर्शकों की समझ को समृद्ध करने में मदद मिलती है। इसके बाद वाद-विवाद या डिबेट का सिगमेंट है। यह केंद्रीय स्तर पर संचालित होता है। इसमें पैनल की ओर से संक्षिप्त प्रारंभिक टिप्पणियां होती हैं और प्रत्येक भागीदार के लिए स्क्रीन पर उलटी गिनती चल रही होती है। शो में एक इंटरैक्टिव तत्व जोड़ने से, टीवी और डिजिटल दोनों के दर्शकों को ऑडियंस पोल में वोट करने और टिप्पणी करने का मौका मिलता है। परिणाम शो के अंत में घोषित किए जाते हैं। इससे बहस के मुद्दे पर जनता की सोच पता लगती है। संतुलित और सार्थक चर्चा सुनिश्चित करने के लिए, पैनल में एक प्रमुख पत्रकार/विश्लेषक को शो के रेफरी के रूप में रखा जाता है जो व्यावहारिक जानकारी प्रदान करता है और संवाद में गहराई लाता है। शो का समापन इस पोल के परिणामों और संबंधित विषय पर रुबिका लियाकत के अपने विचार के साथ होता है। इससे दर्शकों को चर्चा किए गए विषय की एक समाहित करती जानकारी दी जाती है।

इस शो के बारे में न्यूज18 इंडिया और हिंदी डिजिटल की संपादक, ज्योति कमल ने बताया, "आम चुनावों से पहले, यह शो दर्शकों को प्रमुख चुनावी मुद्दों और महत्वपूर्ण खबरों के बारे में विविधतापूर्ण नजरिए से व्यापक समझ प्रदान करने की दिशा में हमारा एक प्रयास है। यह शो दर्शकों के लिए इस तरह से बनाया गया है कि वे सटीक जानकारी के आधार पर अपनी राय बना सकें। दर्शकों को इतनी अच्छी तरह से सूचनाएं दी जाएंगी कि वे सटीक और मूल्यवान अंतर्दृष्टि के साथ अपने निष्कर्ष निकाल सकें। यह डिबेट शो दूसरे किसी भी शो से अलग है। मैं यह देखने के लिए काफी उत्सुक हूं कि दर्शक इसे किस तरह अपनाते हैं।" 21 फरवरी से 'न्यूज18 इंडिया गूंज' सप्ताह के दिनों में शाम 5 बजे से 6 बजे तक न्यूज18 इंडिया पर प्रसारित होने लगा है। यह चैनल के यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर भी स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होता है।

# लैंक्सेस इंडियाने गुजरात में रेनोडीव उत्पादन प्लांट का विस्तार पूरा किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**स्पेशियलटी** केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस ने झागड़िया, गुजरात में रेनोडीव की उत्पादन लाइन के संचालन और विस्तार का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस नए संयंत्र के साथ कंपनी की रीन केमी बिजनेस यूनिट की उत्पादन क्षमता उल्लेखनीय ढंग से बढ़ गई है। यह भारतीय उपमहाद्वीप और एशियाई टायर और रबर मार्केट की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगा।

नई उत्पादन यूनिट में आधुनिक उपकरणों और तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। इससे लैंक्सेस उच्च गुणवत्ता के टेक्नोलॉजी टायर रिलीज एजेंट्स का उत्पादन ज्यादा दक्षतापूर्वक कर पाएगा। लैंक्सेस का इसी तरह का एक दूसरा प्लांट अर्जेंटीना में भी है। हाई-परफॉर्मेंस टायर्स और मोल्डेड इलास्टोमर प्रॉडक्ट्स का उत्पादन पूरी तरह से प्रभावी रिलीज एजेंट्स के इस्तेमाल पर निर्भर करता है। टायरों और मोल्डेड इलास्टोमर प्रॉडक्ट्स के उत्पादन के लिए निर्माण की प्रक्रिया में सावधानी और स्क्रैप की कम दरें काफी महत्वपूर्ण है। रेनोडीव0 रिलीज एजेंट्स पूरी तरह से पानी पर आधारित, घुलनशील विशेषताओं* और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (वीओसी) से मुक्त है। इस तरह, यह पर्यावरण के अनकूल है। लैंक्सेस रीन केमी बिजनेस यूनिट प्रोसेस चेन के हर चरण में सोल्यूशंस के साथ मार्केट की समझ, उत्पादन के ज्ञान के साथ उपभोक्ताओं की हर तरह से मदद के लिए संपूर्ण सेवाएं मुहैया कराती हैं।

लैंक्सेस एजी के सीईओ और बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन मैथियास जैशर्ट ने कंपनी में हो रही नई विकास गतिविधियों पर कहा, भारत हमारे लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यह रणनीतिक उपलब्धि क्षेत्र के हमारे मूल्यवान उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की झलक देती है। इस नए प्लांट से न केवल कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि इससे भारतीय मार्केट की असीम क्षमता में हमारा भरोसा भी दिखेगा।"

रीन केमी बिजनेस यूनिट के ग्लोबल हेड डॉ. जेंस हेंड्रिक फिशर ने कहा, झागड़िया साइट पर हमारी रेनोडीव प्रोडक्शन लाइन का विस्तार लैंक्सेस इंडिया की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रबर इंडस्ट्री के विश्वसनीय भागीदार के रूप में यह हमारी स्थिति को मजबूत करता है और नवाचार और स्थिरता के लिए हमारी प्रतिबद्धता का समर्थन करता है।

# क्यू एंड आई ने प्रगतिशील जेईई एडवांस्ड लर्निंग सॉल्यूशन की नई पेशकश की घोषणा की है।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**शिक्षात्मक** प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी एक व्यक्ति के रूप में क्यू एंड आई, इस उत्कृष्ट जेईई एडवांस्ड समाधान का आगाज करने के लिए उत्साहित है। उत्कृष्टता के साथ विकसित, यह कटिंग-एज पेशकश परीक्षा की तैयारी रणनीतियों में एक महत्वपूर्ण उन्नति का चिह्न बनाता है। विनय सिंह, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ, थॉमसन डिजिटल और क्यू एंड आई के नेतृत्व में, यह रिलीज छात्रों और शिक्षकों के लिए जेईई एडवांस्ड अनुभव को पुनः परिभाषित करने का वादा करता है।

**मुख्य विशेषताएँ : 1) विशेषज्ञ प्रश्न सेट :** क्यू एंड आई का जेईई एडवांस्ड समाधान विशेष रूप से विशिष्ट विषयों और अध्यायों के लिए ध्यान से चुने गए प्रश्न प्रदान करता है। एक विस्तृत प्रकार के प्रश्नों को शामिल करके, जैसे कि बहुविकल्पीय, समझ, पूर्णांक, और मैच करना, यह संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करता है।

**2) व्यापक मूल्यांकन:** छात्र अब अपनी प्रगति और सफलता की संभावना को सटीकता से माप सकते हैं। क्यू एंड आई प्रदर्शन पर विस्तृत प्रतिक्रिया प्रदान करता है, जो छात्रों को अपने शक्तियों और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में सहायक है।

**3) व्यक्तिगत सिफारिशें :** उन्नत एल्गोरिदम का लाभ उठाते हुए, क्यू एंड आई व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर व्यक्तिगत सिफारिशें प्रदान करता है। यह छात्रों को अपने अध्ययन का समय अनुकूलित करने और कमजोर क्षेत्रों को प्रभावी रूप से संबोधित करने में सहायक है।

**4) वास्तविक परीक्षा अनुकरण :** क्यू एंड आई वास्तविक परीक्षा वातावरण को नकल करता है, जिससे छात्रों को वास्तविक परीक्षा के दबाव और समय की बाधाओं का अनुभव होता है। यह इस घोलनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है और परीक्षा लेने की रणनीतियों को सुधारता ।

# अखिल भारतीय मसाला निर्यातक मंच ने अंतरराष्ट्रीय मसाला सम्मेलन 2024 के 7वें संस्करण की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। गुडगाँव

**मार्च** 3-6 2024 गुड़गांव, भारत-ऑल इंडिया मसाला एक्सपोर्टर्स फोरम (AISEF) जल्द आयोजित करने जा रहा है अपना 7 वां अंतर्राष्ट्रीय मसाला सम्मेलन (ISC) जो कि 3 मार्च से 6 मार्च, 2024 तक गुड़गांव, दिल्ली-एनसीआर के हयात रीजेंसी में संपन्न होगा। कोचीन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री इस आयोजन के को-होस्ट होंगे। इस सम्मेलन में भारत और विदेश से बड़ी संख्या में मसाला व्यवसायी शामिल होंगे।

इस आईएससी 2024 सम्मेलन का विषय "शेपिंग द फ्यूचर ट्रेंड्स एंड इनसाइट्स" है, जो मसाला व्यवसाय में आनेवाली चुनौतियों और अवसरों पर केंद्रित होगा ताकि मसाला उद्योग को बढ़ावा मिल सके। यह विषय मसाला उद्योग की सफलता सहित नए प्रयोगों और गुणवत्ता के मानकों को भी सुनिश्चित करता है। आईएससी 2024 में विभिन्न मसालों की खेती और किसानों के सामने आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा होगी ताकि आनेवाले समय में मसाला व्यवसाय को बढ़ावा मिल सके।

इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, भारत के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ भागीदार श्री अभीक सिंघी के द्वारा किया जाएगा। सम्मेलन में वे "भविष्य को आकार देना द ग्रेट न्यू इंडिया स्टोरी" पर अपने विचार भी व्यक्त करेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में माननीय अतिथि मैककॉर्मिक के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ब्रेंडन एम. फोले, "वैश्विक




मसाला उद्योग का भविष्य" विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस सम्मेलन का दूसरा दिन, 4 मार्च की सुबह "जलवायु परिवर्तन और स्थिरता" विषय के साथ शुरू होगा, इसके बाद "वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में परिवर्तन और चुनौतियां" इस विषय पर भी चर्चा की जाएगी। दूसरे दिन दोपहर को "मसालों में कीटनाशकों के अवशेष" विषय पर गहरी चर्चा होगी। तीसरे दिन (5 मार्च) की शुरूआत "मसालों और मसालों में मूल्यवर्धन" और "खाद्य सुरक्षा पर विनियमों में चुनौतियां" विषय पर पैनल चर्चा के साथ होगी। इसके साथ ही तीसरे दिन की दोपहर को छोटे मसालों के उत्पादन, आपूर्ति और मांग को कवर करने वाले "फसलें और बाजार" सत्र की पीपीटी प्रस्तुतियां दी जाएँगी। चौथे दिन 6 मार्च को इस सम्मेलन के समापन पर "फसलें और बाज़ार काली मिर्च, मिर्च, जीरा और हल्दी" विषय पर ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियों के साथ किया जायेगा।

# वेस्ट टू वंडर पार्क में मस्ती के साथ रचनात्मकता सीखेंगे नौनिहाल

**परियोजना में वेस्ट चीजों से दुनिया के सात अजूबों को बनाया जाएगा**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-31** स्थित टाउन पार्क में नगर निगम वेस्ट टू वंडर पार्क तैयार करेगा। पार्क में बच्चे मस्ती के साथ खराब चीजों से कुछ बनाने की प्रेरणा भी लेंगे। इस परियोजना में वेस्ट चीजों से दुनिया के सात अजूबों को बनाया जाएगा। इसके अलावा पार्क में झूलों सहित अलग-अलग तरह की फन एक्टिविटी भी होंगी। परियोजना पर लगभग 28 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा। निगम ने योजना तैयार कर मुख्यमंत्री के पास भेजा है, यहां से हरी झंडी मिलते ही वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। निगम ने निजी एजेंसी की मदद से पार्क बनाने की योजना तैयार की है।



नगर निगम की ओर से बनाया जाने वाला यह पार्क दिल्ली में वेस्ट टू वंडर पार्क की थीम पर बनाया जाएगा। इस पार्क में दुनिया के सात अजूबों का दीदार किया जा सकेगा। रात के समय यह सात अजूबे लाइटिंग में चमकेंगे। इस पार्क में सात अजूबों को घरों में वेस्ट हो चुके सामान से बनाया जाएगा। इसके अलावा पार्क में अलग से फूड जोन और म्यूजियम भी होगा। यह भी वेस्ट से बनाया जाएगा। इस पार्क में बच्चों के लिए झूले भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा साइंस आधारित चीजों से भी बच्चों को सीखने को मिलेगा। थीम पार्क में बच्चे मस्ती के साथ-साथ साइंस भी सीख सकेंगे।

इसके अलावा पार्क में प्रकृति से जोड़ने के लिए सघन वन का निर्माण भी किया जाएगा। पार्क में गुफाएं बनाई जाएंगी, जिसमें बच्चे खेल सकेंगे। इस प्रस्ताव को सीएम के पास भेज दिया गया है। यहां से हरी झंडी मिलते ही नगर निगम इसपर कार्य शुरू कर देगा। योजना बनाने से पूर्व निगम के अधिकारियों ने एजेंसी के साथ दिल्ली में बने वेस्ट टू वंडर पार्क का भी दौरा किया है।

### हरियाणा अर्बन बॉडी के सुझाव पर बन रहा पार्क

कुछ दिनों पहले हरियाणा अर्बन लोकल बॉडी के उच्च अधिकारियों ने शहर का दौरा किया था। अधिकारियों के दल ने कहा था कि नगर निगम कुछ ऐसा प्रोजेक्ट लेकर आए, जिससे शहर का विकास तो हो साथ में लोगों और नगर निगम का फायदा हो।

इस धारणा को लेकर नगर निगम अधिकारियों ने काम करना शुरू कर दिया है। नगर निगम ने प्राइवेट एजेंसी हायर कर वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने के लिए पहले खोरी की खाली जमीन को चिन्हित किया था। बाद में इसे निरस्त कर सेक्टर 31 के टाउन पार्क में बनाने का निर्णय ले लिया गया है। एक निजी एजेंसी ने पूरी योजना तैयार की है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीआईए टीम पर बदमाशों ने किया पथराव

**पलवल।** होडल में हुई लूट के मामले में पूछताछ करने पहुंची सीआईए की टीम पर पथराव कर दिया गया। हमलावरों ने सरकारी वाहन में भी तोड़फोड़ की। होडल थाना पुलिस ने सीआईए प्रभारी की शिकायत पर आठ नामजद सहित करीब 17 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। होडल थाना प्रभारी उमर मोहम्मद के अनुसार, सीआईए प्रभारी रविंद्र कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि वे अपनी टीम के साथ होडल में दुकान पर हुई लूट के आरोपियों की तलाश में गए थे। उसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि भुलवाना गांव निवासी राहुल व मनीष लूटपाट करते हैं, उनसे पूछताछ की जाए तो लूट का मामला खुल सकता है। इस सूचना पर उनकी टीम भुलवाना गांव में राहुल व मनीष के घर पूछताछ के लिए पहुंची तो वहां काफी महिला-पुरुष एकत्रित हो गए। जिनमें गांव निवासी विशाल, अमित, अनिल, रामकिशन, लालाराम, सुखराम व 4-5 लड़के और 4-5 महिलाएं शामिल थे। जिन्होंने राहुल व मनीष से पूछताछ करने से पहले ही सीआईए टीम के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि मनीष व राहुल ने उन लोगों के साथ मिलकर पुलिस कर्मियों के साथ हाथापाई करने लगे। पुलिस कर्मियों ने विरोध किया तो आरोपियों ने ईंट-पत्थरों से हमला कर कई पुलिस कर्मियों को गुम चोटें पहुंचाते हुए उनकी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस टीम वहां से जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर भागी तो आगे 10-15 महिला-पुरुषों ने दौबारा गाड़ी का रास्ता रोकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिसकर्मी वहां से बचकर भागने लगे तो हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी। होडल थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए दबिश शुरू कर दी है।

### नाबालिग की शादी करने पर मां सहित पांच पर केस दर्ज

पलवल। नाबालिग लड़की की शादी करने पर बाल विवाह निषेध अधिकारी की टीम मौके पर पहुंची और शादी कराने में शामिल मौलाना व दो महिलाओं सहित पांच के खिलाफ हथीन थाना में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायत लड़की के पिता ने दी थी, जो स्वयं नीमका जेल में बंद है। हथीन थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की प्रोटेक्शन अधिकारी सुमन चौधरी ने दी शिकायत में कहा है कि सीजेएम कार्यालय पलवल में ई-मेल से एक शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें एक पीड़ित पिता ने कहा कि उसकी बहन उसकी नाबालिग बेटी की शादी जबरदस्ती कर रही है। वह स्वयं जेल में बंद है। जिस पर वे अपनी टीम के साथ हथीन थाना पहुंची और लड़की की मां के बयान दर्ज किए। जिसमें उसने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी तावडू के एक गांव निवासी युवक के साथ की है। जिसके बाद टीम ने लड़की का स्कूल से जन्म प्रमाण पत्र निकलवाया तो उसमें लड़की की उम्र 16 वर्ष पांच महीना है, जो नाबालिग है। शिकायत में कहा है कि नाबालिग की शादी करने में उसकी बुआ, उसकी मां, शादी कराने वाला, लड़का और उसका पिता शामिल है। हथीन थाना पुलिस ने प्रोटेक्शन अधिकारी की शिकायत पर उक्त सभी के खिलाफ धारा 9, 10 व 11 बाल विवाह निषेध अधिनियम-2006 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### यातायात के बेहतर संचालन के लिए मीटिंग में दिए निर्देश



**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त यातायात अमित यशवर्धन द्वारा अपने कार्यालय में ट्रैफिक एसीपी, एसएचओ, सभी जोनल पुलिस अधिकारी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर तथा सभी चालान शाखा प्रभारी प्रभारियों के साथ मीटिंग का आयोजन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। डीसीपी ट्रैफिक द्वारा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और नागरिकों की सुविधा को मद्देनजर रखते हुए आवश्यक निर्देश देते हुए बताया कि सभी चालान पुलिस अधिकारी अपने अपने एरिया में सुगम यातायात संचालन में आ रही बाधाओं एवं समस्याओं की समीक्षा करें तथा उनका समाधान निकाल कर साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार करें। इसके साथ साथ बताया कि सभी चालान अधिकारी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर अपने अपने एरिया में आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलायें। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए कहा कि सभी यातायात अधिकारी दुर्घटना के कारणों की पहचान करके तुरंत उपचारात्मक कदम उठाएं एवं इसकी साप्ताहिक रिपोर्ट कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान करके उसमें सुधार किया जा सके तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए सभी चालान अधिकारी सुरक्षित वाहन पॉलिसी के अंतर्गत मोटर वाहन अधिनियम के तहत सभी 21 मानकों को ध्यान में रखते हुए स्कूल बस एवं स्कूल कैब इत्यादि की चेकिंग करना सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक जोन के स्कूल, कॉलेज क्षेत्र में अंडर एज ड्राइविंग करने वाले युवाओं एवं बच्चों पर विशेष नजर रखते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

### दो भाइयों पर रंजिश के चलते जानलेवा हमला

**पलवल।** रंजिश के चलते अपनी बैठक पर बैठे दो भाइयों पर गांव के ही दो युवकों ने अपने 8-10 नकाबपोश दोस्तों के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उनके पिता की शिकायत पर दो नामजद सहित 12 के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दज किया है। हथीन थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, भंगूरी गांव निवासी धर्मवीर ने दी शिकायत में कहा कि गांव के अड्डे पर स्थित एक दुकान पर उसके बेटे सुधीर व अमन के साथ गांव के ही निवासी नीरज व सतेंद्र के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद आरोपी युवक उसके बेटों को जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। लेकिन अगले दिन जब उसके दोनों बेटे सुधीर व अमन घर के सामने अपनी बैठक पर बैठे हुए थे, उसी दौरान सतेंद्र व नीरज हाथों में हथियार लेकर अपने 8-10 अन्य नकाबपोश दोस्तों के साथ सुधीर व अमन पर जानलेवा हमला कर दिया।

### नाले से मिला अज्ञात युवक का शव

**पलवल।** गौछी ड्रेन से मुंडकटी थाना पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर शव को पहचान व पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मुंडकटी थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के अनुसार, बंचारी गांव निवासी वीरेंद्र ने दिए बयान में कहा है कि उसने बंचारी नाले गौछी ड्रेन पर कुछ जमीन पट्टे पर लेकर गेहूं की फसल बोई हुई है। खेतों में पानी लगाने के लिए गौछी ड्रेन पर ट्रैक्टर-पंखा लगाकर खेतों में पानी चलाया हुआ था। पीड़ित जब ट्रैक्टर में तेल चेक करने के लिए खेत पर पहुंचा तो देखा कि एक युवक का शव पंखे के पास नाले में पड़ा हुआ था। किसान ने इसकी सूचना मुंडकटी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को नाले से निकाल कर जिला नागरिक अस्पताल पलवल भिजवा दिया। चिकित्सकों ने शव का पोस्टमार्टम कर बिसरा जांच के लिए भेजा गया, ताकि पता लगाया जा सके कि कहीं मृतक ने कहीं अल्कोहल तो नहीं ली हुई व हड्डी डीएनए विश्लेषण के लिए भेजी गई है। मौत के कारणों का पता बिसरा रिपोर्ट आने व शव की शिनाख्त होने पर ही हो पाएगा।

### दुर्घअना में बाइक सवार की मौत

**पलवल।** नेशनल हाईवे पर बहरौला फ्लाईओवर के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक पर ड्यूटी से घर लौट रहे व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है। सदर थाना प्रभारी मलखान सिंह के अनुसार, जिला मथुरा (यूपी) के तरौली जनूबी गांव निवासी विष्णु ने दी शिकायत में कहा है कि उसका भाई नेम सिंह मित्रोल गांव के पास स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करता था।

# सरकार को किसानों की मांगों को पूरा करना चाहिए: सौरोत



**14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत में भाग लेंगे क्षेत्र के किसान**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**संयुक्त** किसान मोर्चा के आह्वान पर देशभर में निकाले गए ट्रैक्टर मार्च का असर पलवल में भी देखने को मिला। ट्रैक्टर मार्च का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव रत्न सिंह सौरोत ने किया।

प्रेसवार्ता के माध्यम से ट्रैक्टर मार्च में शामिल किसानों का धन्यावाद करते हुए रत्न सिंह सोरोत ने कहा कि अन्नदाता अपनी मांगों को मनवाकर ही दम लेगा। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सौरोत ने कहा कि सरकार ने किसानों के 13 महीने चले पहले किसान आंदोलन में जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया गया। इसलिए किसान मजबूरन आंदोलन कर रहा है। सरकार को अपने वादे को निभाते हुए किसानों की मांगों को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा किसानों की मांग है की एमएसपी पर कानून बने, किसान आंदोलन पार्ट वन के दौरान किसानों पर दर्ज हुए मुकदमों को रद्द किया जाए। लखीमपुर खीरी के किसानों को न्याय दिया जाए, किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले किसानों को शहीद का दर्जा दिया जाए और पराली पर बने कानून से किसानों को अलग रखा जाए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने किसानों की मांगे नहीं मानीं तो चाहे कितना ही लंबा आंदोलन करना पड़े, किसान उससे पीछे नहीं हटेंगे।

उन्होंने कहा कि 14 मार्च को संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में बुलाई गई महापंचायत में पलवल के भी हजारों किसान हिस्सा लेंगे। पिछले किसान आंदोलन के दौरान भी सरकार को किसानों के सामने झुकना पड़ा था और इस बार भी सरकार को झुकना होगा और किसानों की मांग माननी होंगीं। रत्न सिंह ने कहा कि सरकार कहती है किसान विपक्षी राजनैतिक दलों की शह पर आंदोलन कर रहें हैं। किसानों की मांगों को पूरा कर आंदोलन को खत्म करवाएं।

# मैरिंगो एशिया अस्पताल ने वाल्व क्लीनिक लांच किया

**डॉक्टरों ने बताया हृदय स्वास्थ्य के लिए एक क्रांतिकारी सेवा समाधान**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बुधवार** को मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद हृदय देखभाल में वाल्व क्लीनिक की शुरुआत करके फरीदाबाद और आसपास के क्षेत्रों में आबादी के लिए हृदय स्वास्थ्य प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए समर्पित हेल्थ केयर नवीनीकरण में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वाल्व क्लीनिक हृदय वाल्व की स्थिति वाले रोगियों के लिए व्यापक देखभाल और एडवांस्ड ट्रीटमेंट विकल्प प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित करता है कि रोगियों को उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप उच्चतम मानक की देखभाल प्राप्त हो।



क्लीनिक का लांच डॉ. अजय डोगरा, रीजनल डायरेक्टर, मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। जिनके साथ मैरिंगो एशिया अस्पताल में कार्डियोलॉजी एचओडी डॉ. राकेश राय सपरा और डॉ. गजिंदर कुमार गोयल शामिल हुए। लांच में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अपूर्व पटेल, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी एंड स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज इंटरवेंशन, यूएसए को सम्मानित किया गया।

डॉ. अपूर्व पटेल नॉर्थवेल हेल्थ लेनॉक्स हिल अस्पताल यूएसए के साथ कार्डियोलॉजी और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के सहायक प्रोफेसर और स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज विशेषज्ञ के रूप में जुड़े हुए हैं। उन्होंने क्लीवलैंड क्लीनिक में आंतरिक चिकित्सा और माउंट सिनाई बेथ इजराइल अस्पताल में हृदय रोग में प्रशिक्षण लिया। उन्होंने बताया कि हृदय वाल्व रोग दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं, जो उनके स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा करते हैं। इस क्षेत्र में विशेष देखभाल की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पहचानते हुए, वाल्व क्लीनिक आशा की किरण के रूप में उभरा है, जो मरीजों और उनके परिवारों को एडवांस्ड क्लीनिकल विशेषज्ञता, अत्याधुनिक तकनीक और सहानुभूतिशील सहायता प्रदान करता है। मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद की बहु-विषयक टीम में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ, कार्डियक सर्जन और विशेष स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर शामिल होंगे, जो रोगी की यात्रा के हर चरण में व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने के लिए सुचारू रूप से सहयोग करेंगे।

डॉ. राजीव सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं ग्रुप सीईओ, मैरिंगो एशिया अस्पताल कहते हैं कि कार्डिएक केयर में इस थेरेपी को बनाने का लक्ष्य है, क्योंकि हमने अन्य विशिष्टताओं पर ध्यान केंद्रित किया है। जिसे हम यहां वाल्व क्लीलनिक लांच करने के लिए एकत्र हुए, जो हमारे समुदाय में हृदय संबंधी देखभाल को आगे बढ़ाने की हमारी जारी प्रतिबद्धता में एक बड़ी उपलब्धि है।

डॉ. अपूर्व पटेल इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी एंड स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज इंटरवेंशन, यूएसए कहते हैं, मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद में इस लांच का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। हृदय वाल्व विकार निराली चुनौतियां पेश करते हैं जिनके लिए इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, कार्डियक सर्जन, इमेजिंग विशेषज्ञों और अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों की विशेषज्ञता के संयोजन की आवश्यकता होती है। कार्डियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. राकेश राय सपरा कहते हैं, हम अपने मुख्य अतिथि डॉ. पटेल की मेजबानी करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जो इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी और स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज इंटरवेंशन में सुपर स्पेशलाइज्ड हैं। कार्डियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. गजिंदर गोयल कहते हैं, अस्पताल में एक व्यापक हृदय देखभाल विभाग बनाने की दिशा में एक एडवांस्ड कदम के रूप में इस क्लीनिक को शुरू करने पर हमें गर्व है। डॉ. अजय डोगरा, रीजनल डायरेक्टर, मैरिंगो एशिया अस्पताली कहते हैं, हृदय वाल्व विकार निराली चुनौतियां पेश करते हैं। इस अवसर पर डॉक्टरों ने सभी का धन्यवाद किया।

# डॉ. बीआर अंबेडकर कॉलेज में वार्षिक समारोह का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**बुधवार** को डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्या अर्चना वर्मा के निर्देशन में एक दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक समारोह झंकार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। जिसमें एकल नृत्य व गायन तथा सामूहिक नृत्य व गायन एवं कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनु, द्वितीय स्थान शिवांगी व तृतीय स्थान सादगी ने प्राप्त किया। एकल गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रविता, द्वितीय स्थान शरीन व तृतीय स्थान पूर्णिमा ने प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शीतल एंड ग्रुप, द्वितीय स्थान दर्शना एंड ग्रुप व तृतीय स्थान रोहित एंड ग्रुप ने प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में पलक ने प्रथम स्थान व निशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्या अर्चना वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम की बधाई दी तथा सभी विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार वितरित किये तथा विद्यार्थी जीवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान उपप्राचार्य डॉ. बाबूलाल शर्मा ने कार्यक्रम में भाग ले रहे सभी विद्यार्थियों को प्रोत्सहित किया और राष्ट्र निर्माण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भूमिका पर विचार प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन शोभा ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका बंदना भारद्वाज, डॉ. अनिता मिश्रा, निशा आदि मौजूद थे।

# सुभाष कौशिक ने लोकसभा टिकट की दावेदारी ठोक मांगा ब्राह्मणों का हक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व ट्रिब्यूनल जज सुभाष कौशिक एडवोकेट ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव बंचारी व हसनपुर में संपर्क किया और कांग्रेस की रीति-नीतियों के बारे में लोगों को बताया। वहीं श्री कौशिक ने होडल में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान से मुलाकात की और उन्हें लोकसभा क्षेत्र से अपनी दावेदारी को लेकर बताया कि फरीदाबाद लोकसभा सीट पर सही मायने में ब्राह्मणों का हक बनता है।



उन्होंने लोकसभा क्षेत्र से टिकट उन्हें दिए जाने की मांग उठाई। वहीं उन्होंने दावा किया कि अगर पार्टी ने उनको मौका दिया तो वह निश्चित तौर पर इस सीट को जीतकर भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का अलख जगाने में काम करेंगे। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष उदयभान को अवगत करवाया कि पंडित धर्मवीर वशिष्ठ ब्राह्मण समुदाय से फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रह चुके है और ब्राह्मणों की संख्या लोकसभा क्षेत्र में अन्य जातियों से कम नहीं है। छत्तीस बिरादरी का ब्राह्मण समुदाय पर आशीर्वाद रहा है। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड तोड़ महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग आज दुखी व परेशान है, बस इंतजार चुनावों का है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार में हरियाणा विकास की बुलंदियों पर पहुंचा।

## महिलाओं पर बढ़ रहा अपराध : गोस्वामी

**फरीदाबाद।** क्राइम अगेंस्ट वूमेन और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर अब तक हुए सरकार के कार्यों पर बड़ा खुलासा शहर के युवा अनशनकारी समाजसेवी अभिषेक गोस्वामी ने इंडस्ट्रियल एरिया स्थित होटल श्रीजी में एक प्रेस वार्ता कर किया। इस प्रेस वार्ता में अनशनकारी बाबा रामकेवल, आरटीआई एक्टिविस्ट लाखन सिंह, समाजसेवी प्रीतपाल सिंह और अमृतलाल ने मौजूद रहे। अभिषेक गोस्वामी ने प्रेसवार्ता में देश में महिलाओं की गुमशुदगी, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, बलात्कार जैसे संवेदनशील मुद्दों को लेकर आवाज उठाई। जिसमें लगातार देश में हो रही लापता लड़कियों और महिलाओं का लिखित आंकड़ा आरटीआई और नेशनल क्राइम की रिपोर्ट के आधार पर बताया गया। अभिषेक गोस्वामी ने लापता महिलाओं के आंकड़े बताए।



## चोरी के वाहन व कबाड़ खरीदने वाले छह गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार के नेतृत्व में अपराध शाखा टीम व थाना सेंट्रल प्रभारी रनवीर मलिक की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कबाड़ी और चोरी के वाहन खरीदने वाले आरोपी सहित वाहन चोरी करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी अपराध अमन यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बबलू, संदीप, दिनेश उर्फ गंजा, आरिफ, मुस्तफा और सोनू का नाम शामिल है। आरोपी बबलू और आरोपी दिनेश उर्फ गंजा संजय कॉलोनी फरीदाबाद, आरोपी संदीप गांव महेशपुर पलवल, आरोपी आरिफ गांव मामलिका नूंह, आरोपी मुस्तफा गांव जमालगढ़ नूंह तथा आरोपी सोनू गांव मंडावर सोहना का रहने वाला है। टीम ने सूचना से आरोपी बबलू, संदीप और दिनेश को थाना सेंटर की टीम की मदद से सेंट्रल थाना के चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार किया है।

## सीएम कप के तहत होने वाली प्रतियोगिताएं स्थगित

**पलवल।** ब्लॉक, जिला व राज्यस्तर पर होने वाले मुख्यमंत्री कप का आयोजन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। सीएम कप के तहत ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर छह खेलों-नेशनल स्टाइल कबड्डी, वालीबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, फुटबॉल तथा बास्केटबॉल में करवाया जाना था। जिला पलवल में यह प्रतियोगिता 28 फरवरी से एक मार्च तक ब्लॉक स्तर तथा पांच मार्च को जिला स्तर पर आयोजित करवाई जानी प्रस्तावित थी। जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि खेल निदेशालय पंचकूला की ओर से निर्देश दिए गए हैं।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। यह दिवस हर साल सीवी रमन के रमन इफेक्ट के अविष्कार के उपलक्ष्य में मनाया जाता है । इस उत्सव में सभी विज्ञान विषय के प्रोफेसर्स और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर एसके चक्रवर्ती के व्याख्यान के साथ हुआ। डॉक्टर चक्रवर्ती ने प्रतिष्ठित संस्थान एनआईटी कुरुक्षेत्र में प्रोफेसर, चेयरमैन और डीन एकेडमिक के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने अपने व्याखान में विद्यार्थियों को आज के युग में विज्ञान का क्या महत्व है, उसके बारे में विस्तृत रूप से बताया और सीवी रमन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने उनके अविष्कारों से विशेष रूप से रमन इफेक्ट के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।



साइंटिफिक रंगोली थ्रू बायोडिग्रेडेबल मैटेरियल प्रतियोगिता में भावना और भावना एमएससी बॉटनी ने प्रथम पुरस्कार, एकता और हेमलता एमएससी बॉटनी ने द्वितीय पुरस्कार और हेमलता व ज्योति बीएससी सीएस ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। कैप्शन लेखन प्रतियोगिता में कोमल बीएससी मेडिकल और आरती बीएससी नॉन मेडिकल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। राम लखन बीएससी नॉन मेडिकल ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया और नेहा बीएससी मेडिकल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में तमन्ना बीएससी मेडिकल ने प्रथम पुरस्कार, अंजली बीएससी मेडिकल ने द्वितीय पुरस्कार और मनीषा बीएससी मेडिकल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में मंजीत ने प्रथम पुरस्कार, वंशिका ने द्वितीय पुरस्कार और योगिता ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ उद्योगपति और समाजसेवी लोक नाथ कालरा सम्माननीय अतिथि रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर नरेश कामरा ने सभी अथितियों का स्वागत किया। रसायन विभाग की विभागाध्यक्षा डॉक्टर अंजू, जंतु विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉक्टर वंदना कालरा, वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉक्टर कांता रानी, गणित विभाग की विभागाध्यक्षा डॉक्टर अंजू, भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉक्टर पूनम और कंप्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष पवन मुखीजा ने सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। मंच संचालन डाक्टर रुचि शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर मनीषा अग्रवाल, डॉक्टर रमन सैनी, डॉक्टर जितेंद्र, डॉक्टर नरेश, डॉक्टर वनिता, डॉक्टर नेहा, डॉक्टर कुसुम ने अहम भूमिका निभाई।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 29 फरवरी, 2024



# मोदी की रणनीति

## युवाओं से अपील

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं से अपील की है कि वे भारत को विकसित देश बनाने की अपनी इच्छा पूरी करें। मोदी ने कहा है कि पहली बार मतदान करने वाले 18 वर्ष के युवा महत्वपूर्ण रूप से 18वीं संसद का गठन करेंगे। दुनिया की सर्वाधिक युवा जनसंख्या वाले देश भारत के पास ऊर्जा, खोज एवं रचनात्मकता से भरा कार्यबल है। बड़ी संख्या में 35 साल से कम आयु के नागरिकों का 'जनसंख्या लाभांश' उसे व्यापक आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति का स्वर्णिम अवसर देता है। युवाओं की शक्ति का प्रयोग कर भारत वैश्विक शक्ति बन कर टिकाऊ विकास तथा समृद्धि की ओर बढ़ सकता है। लेकिन युवाओं की ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक दोधारी तलवार की तरह है। इस संदर्भ में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील महत्वपूर्ण है। अपना वोट डालने से आगे जाकर यह राष्ट्र की राजनीतिक गत्यात्मकता समझने तथा सही सूचना के आधार पर निर्णय लेने का मामला है। मोदी ने जोर दिया है कि युवाओं के पास 'भारत को स्वरूप देने का अधिकतम अधिकार' है। उनका यह कथन लाखों युवाओं की महत्वाकांक्षाओं तथा क्षमताओं को अभिव्यक्त करता है। युवााओं के सपनों के साथ विकसित भारत का सपना जोड़ने के इस आह्वान का अत्यधिक महत्व है क्योंकि देश इस समय परिवर्तनकारी चरण में है। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं का सशक्तीकरण राजनीतिक गत्यात्मकताओं में परिवर्तन का भी प्रतीक है जहां उनकी आवाज लगातार विकास नीतियां निर्धारित करने में केन्द्रीय भूमिका निभा रही है। मोदी ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की केन्द्रीय भूमिका पर जोर देते हुए उनकी ऊर्जा, रचनात्मकता और महत्वाकांक्षा प्रगति के अनिवार्य संसाधन के रूप में रेखांकित की है।



युवाओं की महत्वाकांक्षाओं और सपनों को स्वीकार कर प्रधानमंत्री ने न केवल उनकी शक्ति पहचानी है, बल्कि उनमें जिम्मेदारी की भावना पैदा करने का प्रयास भी किया है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की सक्रिय सहभागिता की अपील कर मोदी उनसे सक्रिय होने का आह्वान भी कर रहे हैं। इसके साथ ही उनके दृष्टिकोण से युवा सशक्तीकरण का विस्तार चुनावी सहभागिता से आगे बढ़ कर कौशल विकास, उद्यमिता और खोज तक जाता है। 'स्किल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' तथा 'डिजिटल इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से सरकार ने ऐसा उपयुक्त परिस्थितिकी तंत्र बनाने का प्रयास किया है जो युवाओं की प्रतिभा और महत्वाकांक्षाओं को पोषित करता है तथा उनको राष्ट्र की प्रगति हेतु सार्थक उपकरण के रूप में योगदान को प्रेरित करता है। विकसित भारत का सपना पूरा करने के लिए सभी पक्षों का सक्रिय प्रयास जरूरी है जिसमें सरकार, सिविल सोसाइटी और निजी क्षेत्र शामिल हैं। इसके लिए समावेशी नीतियों की जरूरत है जो युवाओं की विविधतापूर्ण आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरी करें, भले ही उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि या भौगोलिक स्थिति चाहे जो हो। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा, ढांचागत संरचना तथा रोजगार सृजन में समुचित निवेश जरूरी है। सरकार को नीतियां बनाते समय युवाओं को केन्द्र में रखना चाहिए ताकि उनको इनका अधिकतम लाभ मिल सके। देश की प्रगति के साथ जरूरी है कि युवाओं की आकांक्षाओं और क्षमताओं का प्रभावी प्रयोग किया जाए ताकि शानदार और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित हो सके। पिछले समय की तुलना में आज देश के युवाओं का भविष्य और राजनीतिक व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# चुनावी राजनीति में जेंडर पूर्वाग्रह

निक्की हेली की उपलब्धियों के बावजूद ट्रंप की विजय एक गहरी सामाजिक अवधारणा की प्रतीक है। इससे पुरुष बनाम महिला उम्मीदवार के मामले प्रभावित होते हैं।





**अर्चना दत्ता**
(लेखिका, दूरदर्शन की पूर्व महानिदेशक हैं)

मानव सभ्यता के विज्ञान, तकनीक तथा अन्य अनेकानेक क्षेत्रों में प्रगति के बावजूद अभी पश्चिमी विकसित देशों के साथ ही दुनिया की राजनीति में महिला-विरोधी जेंडर पूर्वाग्रह प्रचालित हैं। निक्की हेली की उपलब्धियों के बावजूद ट्रंप की विजय एक गहरी सामाजिक अवधारणा की प्रतीक है। इससे पुरुष बनाम महिला उम्मीदवार के मामले प्रभावित होते हैं। दक्षिण कैरोलिना के प्राइमरी में डोनाल्ड ट्रंप ने अंतिम प्रमुख रिपब्लिकन उम्मीदवार निक्की हेली को राष्ट्रपति नामांकन में पराजित कर दिया। निक्की हेली के गृह राज्य साउथ बताया जाता है कि कैरोलिना में एक रिपब्लिकन समर्थक ने चुनाव के पहले कहा, 'हां, सुश्री हेली ने गर्वनर के रूप में कुछ अच्छे काम किए, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप पुरुष हैं।' इससे संभवत: जनता की सोच प्रकट होती है। सवाल है कि क्या यह मतदाताओं में व्याप्त महिला-विरोधी पूर्वाग्रह का प्रतीक है जो महिला उम्मीदवारों की तुलना में पुरुष उम्मीदवारों को पसंद करते हैं?

इस बारे में किए अनेक अध्ययन एक जटिल तस्वीर पेश करते हैं। ओहियो विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर कीरा सन्बोन्मात्सू ने कहा 'संभवत: अनेक मतदाता उम्मीदवारों के चयन में जेंडर का प्रयोग करते हैं। इससे उम्मीदवार के विश्वास और क्षमतायें प्रकट होती हैं और यह उम्मीदवारों के बारे में सूचनाओं का शार्टकट है। चुनावी मुकाबलों में इस प्रकार के पूर्वाग्रह उसके जेंडर के कारण उम्मीदवार को नुकसान पहुंचा सकते हैं।'

कीरा ने 2000 में 'जेंडर और मतदाताओं के पूर्वाग्रह' पर अध्ययन किया था। महिला-विरोधी पूर्वाग्रह अनेक पश्चिमी देशों में अब भी पाए जाते हैं। फ्रांस के संसदीय चुनावों में विभिन्न पोलिंग स्टेशनों पर किए एक अध्ययन से पता चलता है कि नगरपालिकाओं में परंपरागत जेंडर पूर्वाग्रहों के कारण महिलाओं को कम वोट मिलते हैं। लेकिन इसके उलट 2018 के एक शोध ने नतीजा निकाला था कि पुरुष और महिलायें पुरुषत्व व नारीत्व की पहचान उनकी भूमिकाओं, विरासत और आदर्शों के आधार पर करते हैं जिससे मतदान पैटर्न पर लिंग का व्यापक प्रभाव पड़ता है। हालांकि, यह दृष्टिकोण हर मामले में अलग-अलग होता है। इससे स्पष्ट होता है कि कोई स्वयं को पुरुषत्व या नारीत्व के मामले में कहां रखता है। आक्रामक पुरुषत्व के साथ पहचान बनाने वाले अनेक पुरुष विभिन्न मुद्दों पर उन महिलाओं की तुलना में ज्यादा उदार हो सकते हैं जो कुछ मुद्दों पर अत्यधिक नारीवादी हों। इस प्रकार अध्ययन के अनुसार, अधिकांश मामलों में जेंडर स्वत: ही पहली पसंद का आधार नहीं बनता है।

इसके उलट एक अन्य अध्ययन के अनुसार, 'मतदान या राजनीतिक दृष्टिकोण के मामले में जेंडर बहुत महत्वपूर्ण नहीं होता है। इसके साथ ही मतदान दृष्टिकोण के मामले में पुरुष-महिला अंतर अधिक नहीं है।' स्पेन में 2007 में एक कानून लागू हुआ जिसके अनुसार राजनीतिक पार्टियों को हर चुनाव सूची में कम से कम 40 प्रतिशत महिलाओं को शामिल करना अनिवार्य हो गया। लेकिन इसके बाद हुए एक अध्ययन से पता चला कि इससे महिलाओं का तुलनात्मक चुनावी प्रदर्शन खराब होने या अनेक कारणों से मतदाताओं के कम चुनावी समर्थन का कोई प्रमाण नहीं मिला। इसका यह भी अर्थ है कि केवल विधिक आरक्षण या महिला-सशक्तीकरण प्रयासों का जमीनी नतीजों के रूप में सामने आना जरूरी नहीं है। लेकिन 2018 में अमेरिका के मध्यकालीन चुनाव में लिंग और जेंडर ने प्रमुख भूमिका निभाई। इससे अपने मतदान का प्रयोग करने के मामले में पुरुषों और महिलाओं के बीच ज्यादा पक्षपाती अंतर दिखा। लेकिन भारत में किए एक अध्ययन से पता चलता है कि 'महिला मतदाता' किसी पुरुष उम्मीदवार को ज्यादा वोट दे सकती हैं, जबकि पुरुषों द्वारा महिला उम्मीदवार को वोट देने की संभावना कम होती है। इसका संबंध उम्मीदवार की उपयुक्तता के बजाय सामाजिक दृष्टिकोण से अधिक है।

दु:ख की बात है कि चुनावी राजनीति में महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व एक यथार्थ है। विश्व आर्थिक मंच की 'जेंडर इक्वलिटी रिपोर्ट' के अनुसार महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता में अब तक केवल 25 प्रतिशत कमी ही पूरी की जा सकी है, जबकि इसकी कल्पना शत प्रतिशत की गई थी। अनेक राजनीति विज्ञानियों ने इस कमी को मांग एवं सप्लाई के दृष्टिकोण से देखा है। इसका अर्थ चुनावी मुकाबलों में महिला राजनेताओं की संख्या कम होना तथा उनका कम आकर्षण है। अनेक सामाजिक-आर्थिक व सांस्कृतिक बाधायें महिलाओं को राजनीति से दूर रखती हैं तथा चुनाव लड़ने पर उनको अवसर प्राप्त करना आसान नहीं होता है। महिलायें ऐसे पेशों में कम हैं जो राजनीतिक कॅरियर का रास्ता बन सकते हैं। अध्ययनों ने 'महत्वाकांक्षा में कमी' का भी उल्लेख किया है। इसका अर्थ है कि उचित पेशेवर व आर्थिक पहचान होने के बावजूद अक्सर महिलायें प्रतियोगी राजनीति में प्रवेश करने से हिचकती हैं। स्वीडेन में एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि परिवार एवं संबंधों के कारण अनेक महिलायें राजनीति में प्रवेश करने से हिचकती हैं।

इस अध्ययन के अनुसार महिला राजनेताओं के मेयर के पद पर आने के कारण उनकी अपने जोड़ीदार से तलाक की संभावना बढ़ जाती है। दूसरी ओर महिलाओं को परंपरागत रूप से राजनीति में प्रवेश करने से रोका जाता है। अध्ययन के अनुसार, 'महिलाओं को हतोत्साहित करते हुए कहा जाता है कि यह तुम्हारा स्थान नहीं है। इससे राजनीति में एक उत्पीड़क जेंडर पदानुक्रम जैसी ढांचागत संरचना तैयार हो जाती है।' इसके साथ ही यदि राजनेताओं को महिलाओं के खिलाफ पूर्वाग्रहों का पता चलता है तो वे अपने वोट अधिकतम करने की रणनीति में 'यौनवाद' को भी बढ़ावा देते हैं।

हालांकि, भारत में 2019 के चुनाव में महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत बढ़ा था, पर महिला उम्मीदवारों की संख्या 9 प्रतिशत से कम बनी हुई है। जिन महिलाओं को पार्टियों से टिकट मिलते हैं, उसके पीछे भी पारिवारिक संबंध या 'वंशवादी' राजनेताओं का हाथ होता है। पंचायती राज संस्थानों-पीआरआई में जेंडर कोटा का 'राज्य स्तर पर ज्यादा महिला उम्मीदवारों के रूप में असर नहीं हुआ है।' हालांकि, तीन दशकों के चुनाव डेटा विश्लेषण के आधार पर किए एक अध्ययन से पता चला है कि महिलाओं की चुनावी विजय 18.5 प्रतिशत होने के कारण अगले चुनावों में महिला उम्मीदवारों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। नवंबर, 2021 तक 132 देशों में जेंडर कोटा निर्धारित हो चुका था जो स्वैच्छिक पार्टी आबंटन या अनिवार्य विधायी कोटा के आधार पर है। 1995 से 2012 तक हुए एक अध्ययन से पता चला है कि महिलाओं के प्रतिनिधित्व में 11 प्रतिशत से लेकर 21 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। कुछ आलोचकों का तर्क है कि यह 'लोकतंत्र-विरोधी' तथा 'मतदाताओं की पसंद में हेरफेर' है।

महिला अधिकार एक्टिविस्टों के एक तबके के अनुसार 'यह अनुमान लगाना अपमानजनक है कि महिलायें अपने आप सीट नहीं जीत सकती हैं और अक्सर उन पर नकारात्मक रूप से कोटा महिला का लेबिल लगा दिया जाता है।' लेकिन राजनीति में महिला-आरक्षण से महिलायें कम विकसित देशों, जैसे, र्वांडा, युगांडा और तंजानिया में राजनीतिक मोर्चे पर आ गई हैं। इसके साथ ही उनका ऐसे मुद्दों पर प्रतिनिधित्व काफी बढ़ा है जिनको परंपरागत रूप से जेंडर पूर्वाग्रह के कारण पुरुषों का मुद्दा समझा जाता था। पिछले वर्षों में अनेक राज्यों में पंचायत राज संस्थानों तथा शहरी निकायों में 50 प्रतिशत तक महिला आरक्षण देने के बाद भारत ने अंतत: महिला आरक्षण विधेयक, 2023 पास कर दिया है।

सरकार का कहना है कि इसे अगली जनगणना तथा उसके अनुसार संसदीय तथा विधानसभा सीटों के पुन: निर्धारण के बाद लागू किया जाएगा। विपक्ष इसे फौरन लागू करने की मांग कर रहा है। अत: भारत में महिला आरक्षण कानून को लागू करने की तिथि निर्धारित करनी चाहिए क्योंकि इसका क्रियान्वयन अनिश्चित तिथि तक टालना उचित नहीं होगा।

# राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता आवश्यक

"सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप राजनीतिक दलों के वित्त पोषण की मौजूदा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाए जाने की जरुरत है।"



**अश्विनी महाजन**
(लेखक, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)

चुनावी बांड पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक कानूनी प्रक्रिया है और इस पर कोई विशेष टिप्पणी करने का कोई मतलब नहीं है। लेकिन इस संबंध में सबसे पहली बात जो विचारणीय है वह यह है कि सबसे पहले चुनावी बांड की व्यवस्था क्यों शुरू की गई। राजनीतिक दलों को चंदा एकत्र करने का अधिकार है और उन्हें एकत्र किए गए धन पर कोई आयकर नहीं देना पड़ता है। जो लोग दान के रूप में धन प्राप्त करते हैं, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे चुनाव आयोग को इसकी जानकारी प्रदान करें। पहले बैंक चेक या ड्राफ्ट के माध्यम से प्राप्त धन की जानकारी तो मिल जाती थी, लेकिन नकद प्राप्ति को लेकर पारदर्शिता का पूर्ण अभाव था।

यह सच है कि हमारे देश की राजनीति और चुनावी प्रक्रिया में काले धन की मौजूदगी व्याप्त है और इस समस्या के समाधान पर लंबे समय से चर्चा चल रही है। चुनावी बांड की शुरुआत से पहले, बड़ा नकद संग्रह कानूनी था और अब यह नहीं है।

काले धन के कारण धन देने वाले राजनीतिक दलों और उनकी सरकारों से अनुचित लाभ उठाते रहे। यह स्थिति हमारी राजनीतिक व्यवस्था के लिए एक गंभीर चुनौती थी। इसी पृष्ठभूमि में चुनावी बांड की व्यवस्था शुरू करके काले धन की समस्या को रोकने और उसे हतोत्साहित करने का प्रयास किया गया।

वर्ष 2017 में भारत सरकार द्वारा पहली बार चुनावी बांड की व्यवस्था शुरू की गई थी, जिसमें यह प्रावधान किया गया था कि चुनावी बांड को कोई भी व्यक्ति या संस्था खरीद सकती है और किसी भी पार्टी को दे सकती है। पार्टियां तय अवधि के भीतर चुनावी बांड भुनाती हैं। इस व्यवस्था में यह जानकारी सार्वजनिक करने का कोई प्रावधान नहीं है कि किस व्यक्ति या संस्था ने चुनावी बांड के माध्यम से किस पार्टी को कितना



चंदा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रावधान पर आपत्ति जताई है और कहा है कि चुनावी चंदे के लेन-देन में उचित पारदर्शिता होनी चाहिए। कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी बांड जारी करने पर रोक लगाने का निर्देश दिया है. सुप्रीम कोर्ट की मुख्य आपत्ति पारदर्शिता को लेकर है. हमें यह समझना चाहिए कि चुनावी बांड के आगमन से पहले जो व्यवस्था थी और राजनीतिक दलों द्वारा जिस तरह से धन जुटाया जाता था, उसमें पारदर्शिता की भारी कमी थी। इसके अलावा यह भी समस्या थी कि जो लोग बड़ी मात्रा में नकदी दे रहे हैं उनके पैसे का स्रोत क्या है. यह पता लगाना असंभव था कि संबंधित राजनीतिक दल को किसने नकदी दी थी और क्या इसके बदले में कोई कार्रवाई हुई थी, यानी कि राजनीतिक दल को चंदा देने वाले व्यक्ति या कंपनी को कोई अनुचित लाभ दिया गया था या नहीं। हमारे देश में पंजीकृत राजनीतिक दलों की संख्या सैकड़ों में है। ऐसी स्थिति में, धन का एक केंद्रीय भंडार बनाना और सभी पक्षों को समान हिस्सेदारी प्रदान करना संभव नहीं है। इसके अलावा राजनीतिक दलों की विचारधाराएं भी अलग-अलग हैं। मान लीजिए किसी को चंदा देना है और उसे लगता है कि किसी पार्टी की विचारधारा और कार्यक्रम संकीर्ण सोच पर आधारित हैं और देश के लिए हानिकारक हैं. वे उस पार्टी को चंदा नहीं देना चाहेंगे. यदि सभी पार्टियों को समान फंडिंग मिले तो पार्टी बनाना एक व्यवसाय बन जाएगा।

अगर सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि यह पारदर्शी रूप से पता चलना चाहिए कि किस व्यक्ति या संस्था ने किस पार्टी को कितना पैसा दिया है, तो यह कानून की व्याख्या है और इसे सकारात्मक रूप से लिया जाना चाहिए। हमारे पास अतीत में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को नहीं माना और अदालत के फैसलों को रद्द करने के लिए संसद में कानून पारित किया। इसके अतिरिक्त, ऐसे भी उदाहरण हैं जब अदालती आदेशों के मुख्य बिंदुओं को स्वीकार करते हुए और उन्हें कानून में शामिल करते हुए संशोधन कानून पारित किए गए हैं। चूंकि सरकार को सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को समझने और उनकी व्याख्या करने के लिए अभी समय चाहिए। ऐसा लगता है कि मौजूदा व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और सुप्रीम कोर्ट की आपत्तियों के अनुरूप बनाने की जरूरत है और सरकार एक संशोधित मसौदा संसद के समक्ष पेश कर सकती है. लेकिन ये तुरंत नहीं किया जा सकता। राष्ट्र की यात्रा जारी है. इस यात्रा में परिस्थितियां बदलने के साथ कानून बनते हैं, संशोधित होते हैं और समाप्त भी होते हैं। इस चुनावी बांड मुद्दे पर अल्पकालिक दृष्टिकोण से विचार करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

चूंकि यह फैसला भारत के सर्वोच्च न्यायालय का है, इसलिए देश और सरकार का सम्मान करना होगा, लेकिन यह भी समझना होगा कि चुनावी बांड की व्यवस्था चुनावों में काले धन के इस्तेमाल से निपटने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। चुनावी बांड का प्रावधान इसी सरकार के कार्यकाल में किया गया था, इसलिए इस सरकार को यह देखना होगा कि सुप्रीम कोर्ट की आपत्तियों और निर्देशों के अनुपालन में एक संशोधित प्रणाली लाई जाए। किसी भी व्यवस्था या कानून का उद्देश्य यही होता है कि हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आर्थिक और बाहुबल का हस्तक्षेप न हो

## आप की बात

### फ्रांस का फैसला

**फ्रांस** की एमैनुएल मेक्रो सरकार ने इमाम महजूब महजबीं को अपने देश से निकाल बाहर किया है। इस धर्मगुरु ने फ्रांस के राष्ट्रीय ध्वज को शैतान जैसा दिखने वाला बताया था। सरकार का यह सही निर्णय है क्योंकि किसी देश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने या उसके बारे में निन्दाजनक बातें कहने को किसी प्रकार उचित नहीं ठहराया जा सकता है। भारत को भी इस घटना से सबक लेकर किसी विदेशी द्वारा तिरंगे का अपमान करने पर उसे देश निकाला की सजा देना होगा। इसी प्रकार किसी देशवासी द्वारा भी राष्ट्रीय ध्वज का जानबूझ कर अपमान करने के लिए कठोरतम दंड दिया जाना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग के बारे में भी नियम-कानूनों को कठोर बनाया जाना चाहिए। पिछले वर्षों में कुछ राजनीतिक दलों द्वारा विभिन्न प्रकार के सही-गलत आंदोलनों में तिरंगे झंडे के प्रयोग का फैशन बन गया है। राष्ट्रीय ध्वज को अराजकता, अनुशासनहीनता या आपराधिक गतिविधियों का सुरक्षा कवच बनने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। अक्सर अराजक व चरमपंथी तत्व विभिन्न आंदोलनों में तिरंगे झंडे का प्रयोग संभवत: इसलिए करते हैं कि इससे पुलिस की कार्रवाई से बच जाएंगे। राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान सर्वोपरि है और उसके किसी समूह द्वारा अपने स्वार्थ में प्रयोग की अनुमति कतई नहीं दी जा सकती है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### पालाबदल के निहितार्थ

**गतिशील लोकतंत्र** के लिए मजबूत विपक्ष जरुरी है। मगर हमारे देश में विपक्ष में एकता का अभाव एवं बिखराव ज्यादा दिख रहा है। इसका कारण स्पष्ट है। राजनीति को पहले सेवाभाव के रूप में देखा जाता था, पर अब वह सिर्फ सत्ता सुख भोगने का साधन बन गई है। राज्य सभा चुनाव में धडल्ले से हुई क्रास वोटिंग से स्पष्ट है कि विपक्ष के अनेक विधायकों ने पैसों या अन्य सुविधाओं के लिए खुद को बेच दिया है। उन्होंने राजनीति की विचारधाराओं को ताक में रख दिया गया है। समाजवादी पार्टी के कुछ विधायकों ने बीजेपी को वोट दिए हैं। कुछ ही समय पहले बनी हिमाचल की सुक्खू सरकार के भी कई विधायक पाला बदल चुके हैं। बिहार विधानसभा में महागठबंधन के तीन विधायकों को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ विधानसभा में दाखिल होते देखा गया। वर्तमान पालाबदल संभवत: अभूतपूर्व है और इसके निहितार्थो पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। अब भारत में राजनीतिक दल आलाकमान या वंशवादी आधार पर नहीं चल सकते हैं तथा चुने गए सांसद, विधायक व अन्य नेता सत्ता में अपनी समुचित भागीदारी के बिना संतुष्ट नहीं किए जा सकते हैं। ऐसे में अधिकाधिक या त्वरित लाभ के लिए पालाबदल सामान्य होती जा रही है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### भिक्षावृत्ति की बीमारी

**सरकार** द्वारा गरीबों को मुफ्त अनाज व कई प्रकार की सुविधा दिए जाने के बावजूद देश में भिक्षावृत्ति में कमी नहीं आ रही है। यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि बहुत कम लोग ही पेट पालने के लिए भिक्षा मांगते हैं। अधिकांश भिखारी इसे धंधा बना चुके हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार, वेश्यावृत्ति में कई ग्रेजुएट्स भी शामिल हैं। थोड़े दिन पहले एक व्यक्ति पकड़ा गया जो देश ही नहीं, विदेशों तक में भिक्षावृत्ति गैंग चलता है। उसकी आमदनी करोड़ों रुपए प्रति वर्ष है। भिक्षावृत्ति बनी रहने के लिए भीख मांगने वाला जितना दोषी है उतना ही हम नगद भिक्षा देने वाले भी उस के भागीदार हैं। भूखे को खाना खिलाना या कपड़े आदि देना कुछ सीमा तक ठीक कहा जा सकता है, लेकिन भिक्षुकों को नकद देना बंद करना चाहिए। यदि सब लोग प्रण कर लें कि भिक्षा में नगद एक रुपया भी नहीं देंगे तो कुछ ही समय में भिक्षावृत्ति पर लगाम लग सकती है। विभिन्न राज्य सरकारों ने भिक्षावृत्ति जैसी बीमारी पर लगाम लगाने के प्रयास किए हैं, लेकिन उनका समुचित परिणाम जमीन पर नहीं दिखा है। सरकार सुविधाओं में भर्ती किए भिक्षुक मौका मिलते ही भाग खड़े होते हैं और फिर भीख मांगने लगते हैं। इस समस्या पर गंभीर कार्रवाई की जरूरत है।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### पटाखों पर लगाम

**हरदा,** कौशांबी तथा इससे पहले देश में अनेक स्थानों पर पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के चलते लोगों की मौतों व संपत्ति के विनाश की खबरें आती रही हैं। इनको देखते हुए पटाखों और आतिशबाजी पर राष्ट्रीय स्तर पर लगाम लगाने की जरूरत सामने आई है। हरदा दुर्घटना के बाद मध्य प्रदेश में कई तरह की पाबंदी लागू की गई हैं। पटाखा और गैस टंकियों के गोदाम तथा प्लास्टिक कचरे के गोदामों को शहरों से बाहर करने के निर्देश दिए गए हैं। अन्य प्रदेशों को भी ऐसे ही कदम उठाने चाहिए। हमें इस तथ्य पर भी ध्यान देना चाहिए कि पटाखे या आतिशबाजी कोई अनिवार्य चीज नहीं है। एक प्रकार से यह धन की बर्बादी और पर्यावरण प्रदूषण के चलते कई तरह की बीमारियों का कारण भी है। पटाखा फैक्ट्री की आड़ में आतंकवादी बम बनाने की कोशिश कर सकते हैं। पटाखे स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। इसे देखते हुए पटाखों और आतिशबाजी को कुछ विशिष्ट सार्वजनिक आयोजनों तक सीमित करना चाहिए। दीपावली जैसे आयोजनों पर पटाखों का प्रयोग हतोत्साहित करने के लिए धर्म गुरुओं को सामने आना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 29 फरवरी, 2024



# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की मेहनत से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में आई कमी

## मुख्यमंत्री ने मिशन रोजगार के अन्तर्गत 3077 नवचयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले सात वर्ष में प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या दोगुनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की मेहनत की वजह से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में 2014 के सापेक्ष कमी आई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार 2014 में प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 285 प्रति लाख थी, जो घटकर 167 पर आ गई है। वहीं शिशु मृत्यु दर 2014 में जो 48 हजार प्रति लाख थी, जो घटकर 38 हजार हो गई है। सीएम योगी ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार महिला स्वयं सहायता समूह और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से हॉट कुक्ड मील उपलब्ध करा रही है।

सीएम योगी ने बुधवार लोकभवन में मिशन रोजगार के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में 3077 नवचयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। साथ ही 173 करोड़ रुपए की लागत से 31 जनपदों में 1459 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, एनएम और आशा वर्कर ने संक्रमित लोगों की सेवा की। इन फील्ड वर्कर्स से कोरोना संक्रमितों की स्क्रीनिंग करने के साथ ही उन्हें दवा उपलब्ध कराने का कार्य किया था। यही वजह रही की प्रदेश में कोरोना के संक्रमण को रोकने में सरकार को सफलता मिली।

सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में इंसेफेलाइटिस से कोई मौत नहीं होती है। इसके पीछे उत्तर प्रदेश के फील्ड कर्मियों की मेहनत है, जिनका कार्य आज देश में मॉडल बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री यशोदा मईया की तरह हैं, जिस तरह से लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण का पालन माता यशोदा ने किया था। उसी तरह से प्रदेश के प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में आंगनवाड़ी कार्यकत्री हजारों बच्चों का पालन कर रही हैं। सीएम योगी ने कहा यह वही उत्तर प्रदेश है, वही विभाग हैं, वही लोग हैं, लेकिन पिछले सात वर्ष में प्रदेश की तस्वीर बदली है। हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया है, जो किसी से छुपा नहीं है।

डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अंदर आंगनवाड़ी केंद्र और महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हर एक विकासखंड स्तर पर क्वालिटी रेसिपी केंद्र विकसित कर रहे हैं। पहले चरण में ऐसे 204 ऐसे केंद्र विकसित किए जाएंगे। इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही उत्तर प्रदेश के अंदर गुणवत्तापूर्ण भोजन और पोषाहार मिल पाएगा। इससे प्रदेश सुपोषण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि बचपन को स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी इन्हीं पर है। अगर बचपन स्वस्थ होगा तो जवानी स्वस्थ होगी और जवानी स्वस्थ होगी तो समाज उसकी प्रतिभा और उसकी क्षमता का भरपूर लाभ ले पाएगा।

कार्यक्रम में महिला कल्याण बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य, महिला कल्याण बाल विकास राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला सहित गणमान्य लोग एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

# पेंशनर्स की समस्याओं का समय पर निस्तारण करेगी योगी सरकार: खन्ना

● वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने पेंशन निदेशालय के नए भवन का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वित्त** एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को इंदिरा नगर में वित्तीय प्रबंध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान परिसर में पेंशन निदेशालय के नवीन भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि पेंशनर्स की पेंशन समय से निस्तारित की जाए, ये हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कोई भी वजह हो, लेकिन पेंशनर्स को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निदेशालय में कार्यरत कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें बुजुर्गों की सेवा का अवसर मिला है। ये पेंशनर्स हमारे बीच के ही लोग हैं। उनकी सेवा करना आपका कर्तव्य है। वित्त मंत्री ने सभी ट्रेजरी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें ऐसा मैकैनिज्म बनाना होगा कि पेंशनर्स या उनके आश्रितों को दी जाने वाली पेंशन में किसी तरह की त्रुटि न हो। उन्हें निर्धारित राशि समय पर मिलेए इसकी व्यवस्था करनी होगी। इसके गलत निस्तारण पर बाद में रिकवरी जैसी चीजों से हमें बचना होगा। मालूम हो कि राजकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का निस्तारण महालेखाकार कार्यालय के स्थान पर उत्तर प्रदेश राज्य से ही कराए जाने के लिए पेंशन निदेशालय की 2 जून 1988 को स्थापना की गई थी। अभी तक यह निदेशालय इंदिरा भवन के आठवें तल पर क्रियाशील था, लेकिन आवश्यक पत्रावलियों, अभिलेखों के अभिरक्षण के लिए पर्याप्त स्थान न होने के कारण इसे वित्तीय प्रबंध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान परिसर में स्थानांतरित किया गया है।

# कृषि क्षेत्र में सहयोग करेगा आस्ट्रेलिया: कृषि मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि** मंत्री के आवास 8 कालीदास मार्ग पर बुधवार को आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त एवं उनकी टीम के साथ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अपर मुख्य सचिव कृषि एवं कृषि निदेशक की उपस्थिति में भारत और आस्ट्रेलिया के मध्य कृषि क्षेत्र में सहयोग के लिए विस्तृत चर्चा की गयी।इस दौरान उच्चायुक्त आस्ट्रेलिया द्वारा अवगत कराया गया कि वो दो क्षेत्रों यथा कृषि एवं शिक्षा के क्षेत्र में भारत के साथ कार्य करने हेतु इच्छुक हैं। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि के क्षेत्र में माइक्रो इरीगेशन, उत्पादन एवं तकनीकी हस्तानांतरण के क्षेत्र में आस्ट्रेलिया की तकनीकी टीम द्वारा चर्चा हेतु लोक सभा चुनाव के उपरान्त भारत आकर उत्तर प्रदेश में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की जायेगी।

इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त एवं उनकी टीम को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में 05 कृषि विश्वविद्यालय एवं 89 किसान विज्ञान केन्द्र स्थापित हैं। कृषि विश्वविद्यालयों में कृषि शिक्षा के साथ-साथ शोध एवं प्रचार आदि का कार्य भी तकनीकी हस्तनान्तरण के माध्यम से किया जाता है। कृषि शिक्षा में सुधार लाने हेतु उच्चायुक्त आस्ट्रेलिया द्वारा अवगत कराया गया कि उनका देश उत्तर प्रदेश में आस्ट्रेलिया के कृषि विश्वविद्यालय की शाखा खोलने की इच्छुक हैं जिसमें भारतीय छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में अत्याधिक ध्यान दिया गया है तथा ई.गर्वेनेन्स के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को किसानों तक पहुॅचा रहे है। उच्चायुक्त आस्ट्रेलिया द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उनके देश में दुग्ध उत्पादन का औसत 20ली. प्रति गाय प्रतिदिन है तथा आस्ट्रेलिया में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र मे उच्च तकनीकी उपलब्ध है इसके लिए भी आस्ट्रेलिया उत्तर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने की तकनीकी हस्तनान्तरण के लिए इच्छुक है। उनके द्वारा मल्टी फर्मिंग को बढ़ानेए उद्यान के अन्तर्गत फूल, सब्जी के उत्पादन में सहयोग किये जाने हेतु इच्छुक है।

# मऊ, पीलीभीत व अमेठी के एसपी सहित आधा दर्जन आईपीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** सरकार ने बुधवार को मऊ, पीलीभीत और अमेठी जिले एसपी सहित आधा दर्जन आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में मऊ के एसपी अविनाश पांडेय को एसपी पीलीभीत, एसपी पीलीभीत अतुल शर्मा-2 को एसपी पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट आगरा और एसपी अमेठी इलामारन जी को यहां से हटाकर मऊ का नया एसपी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सीबीसीआईडी से सुनीता सिंह को सेनानायक 37वीं वाहिनी, पीएसी कानुपर, तकनीकी सेवाएं से अनूप कुमार सिंह को एसपी अमेठी और पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, आगरा रवि कुमार को सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर के पद पर नई तैनाती प्रदान की गई है।

# योगी सरकार की कार्यशैली में ना पक्षपात और ना ही भ्रष्टाचार: स्वतंत्र देव सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जलशक्ति** मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि योगी सरकार की कार्यशैली में ना पक्षपात है और ना ही भ्रष्टाचार का कोई स्थान। हमारी सरकार ने पहले दिन से ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई हुई है। पदस्थापना से लेकर स्थानांतरण तक सभी प्रक्रिया व्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न हो रही है। समस्त अभियंता कार्यभार ग्रहण करने के अगले क्षण से ही क्षेत्र के किसानों की खुशहाली के लिए काम करें।

उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री ने यह बातें बुधवार को तेलीबाग स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन के सभागार में सहायक अभियंता सिविल के ऐक्षिक विकल्प चयन आधारित पारदर्शितापूर्ण स्थानांतरण कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती और स्थानांतरण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। भर्ती से लेकर तैनाती तक की पूरी प्रक्रिया में कहीं भी किसी प्रकार की अनियमित्ता नहीं होने दी जाएगी। जलशक्ति मंत्री ने अभियन्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ईमानदारी से कार्य करते हुए प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। आप सभी अभियंता अपने तैनाती स्थल पर ग़रीबों की खुशहाली के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। जल शक्ति मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि सभी अभियंता अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए अन्नदाता किसानों को खुशहाल बनाएं, किसानो की आय बढ़ाना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिएए यदि किसान खुशहाल होंगे तो देश एवं प्रदेश की तरक्की होगी। आप सभी देश एवं प्रदेश का भविष्य हैं। परादर्शिपूर्ण स्थानांतरण कार्यक्रम में सहायक अभियन्ता सिविल को उनके द्वारा चुने गए ऐच्छिक विकल्प के आधार पर स्थानांतरण किया जाएगा। ऐच्छिक विकल्प चयन आधारित स्थानांतरण प्रक्रिया पर सहायक अभियंताओं सिविल द्वारा प्रसन्नता भी व्यक्त की गयी। इस अवसर पर जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जलसंसाधन अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, प्रमुख अभियंता परियोजना अखिलेश सचान सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# भगवान बुद्ध से जुड़े स्थानों का किया जा रहा विकास: केशव प्रसाद मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि तथागत बुद्ध के दिखाए गए अहिंसाए प्रेम व करूणा के मार्ग से विश्व शांति एवं राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मिलती है। भगवान बुद्ध करुणा के अवतार के रूप में विश्व पटल पर स्वीकार्य हैं। डबल इंजन सरकार तथागत बुद्ध से जुड़े स्थानों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित संस्थान के स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस अवसर पर 'बौद्ध अनुशीलन में पंचशीलन' विषय पर आयोजित परिचर्चा में, जहां भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन व आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला, वहीं भगवान बुद्ध के आदर्शों को जीवन्त व कालजयी बनाये रखने के लिए डबल इंजन सरकार द्वारा किये गए उल्लेखनीय व सकारात्मक कार्यों की विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने तथागत भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन के प्रचार-प्रसार, और उनकी प्रेरक स्मृतियों की याद ताजा बनाए रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रतिबद्धताओं का बखान करते हुएए इस सन्दर्भ में सरकार द्वारा प्रदेशएदेश व दुनिया में किये कार्यों का भी वर्णन किया। इस अवसर पर उन्होंने 'धम्मपदं' नामक पुस्तक का विमोचन भी किया और खुशी फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या, मथुरा व काशी की तरह भगवान बुद्ध से जुड़े स्थानों का विकास किया जा रहा है। भगवान बुद्ध शान्ति व अहिंसा के पुजारी थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भगवान बुद्ध के सपनों के अनुरूप भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि मा प्रधानमंत्री मन्त्री ने कहा है कि देश में युवा, महिलाये, गरीब व किसान चार जातियां हैं, मौर्य ने कहा कि सबको साथ लेकर चलने के लिए भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपनाना ही होगा।

# सपा प्रतिनिधिमण्डल 3 मार्च को जाएगा वाराणसी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल 3 मार्च 2024 को जनपद वाराणसी जायेगा। जनपद वाराणसी के ग्राम भिटकूटी सेवापुरी निवासी पुनवासी पाल की पुत्री मोनिका पाल की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या कर दी गई। जिसकी सही जानकारी लेने एवं शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने हेतु प्रतिनिधि मण्डल ग्राम भिटकूटी जनपद वाराणसी पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल में शामिल है सुरेन्द्र पटेल पूर्व मंत्री, प्रभुनारायन सिंह यादव विधायक, आशुतोष सिन्हा एमएलसी, विरेन्द्र सिंह प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र चन्दौली, मनोज राय पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त, सुजीत यादव पहलवान जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी वाराणसी, डॉ. अवधनाथ पाल पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी जौनपुर, चन्द्रशेखर यादव, ज्ञानेन्द्र यादव (ज्ञानू), पाखण्डी बिन्द विधान सभा अध्यक्ष एवं रेखा पाल पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी महिला सभा वाराणसी।

# लोकसभा चुनाव में होगा संविधान मंथन: अखिलेश

● क्रास वोटिग करने वाले विधायकों पर होगी कार्रवाई: सपा प्रमुख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पार्टी मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा संविधान विरोधी काम कर रही है। संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। उन्होंने कहा कि कभी समुद्रमंथन हुआ था इस बार संविधान मंथन होगा। लोकसभा चुनाव में लड़ाई संविधान रक्षकों और संविधान खत्म करने वालों के बीच है।

सपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अखिलेश ने कहा कि राज्य सभा चुनाव में क्रास वोटिंग करने वाले विधायकों पर जो नियम है, उसके हिसाब से उन पर कार्रवाई होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा में हताशा है। इसीलिए लालच, लोभ, प्रलोभन देकर दूसरे दलों के विधायकों को तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए की बढ़ती ताकत से भाजपा घबराहट में है। इसी के कारण भाजपा दूसरी पार्टियों को तोड़ रही हैं। विधायकों को लालच देकर, पैकेज देकर और तरह-तरह के प्रलोभन दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सिद्धांत विहीन पार्टी है। भाजपा को एक अलग गुट बना लेना चाहिए। भाजपा सिद्धांत विहीन है। उसमें सभी सिद्धांत विहीन लोगों को शामिल कर लेना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि एक मजबूत नेता हमारे साथ आया है। इसका संदेश दूर तक जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस पार्टी में आपको अपने घर जैसा लगेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी परिवार लगातार बढ़ रहा है। पीडीए की बढ़ती ताकत से भाजपा घबराई हुई है। समाजवादी लोग पीडीए परिवार को जितना बढ़ा लेंगे भाजपा को उतनी आसानी से 2024 के चुनाव में हरा देंगे।

# विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिये रणनीति तैयार की जाये: जयवीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन सेक्टर में रोजगार तथा राजस्व अर्जन की असीमित संभावनायें है। इसको दृष्टिगत रखते हुये प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में पर्यटन विभाग महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उन्होने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्यटन विभाग के सामर्थ्य को देखते हुये ऐसी नीतियां एवं कार्यक्रम तैयार करें, जिससे उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन सके। पर्यटन मंत्री गोमती नगर स्थित पर्यटन विभाग के सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ विभाग द्वारा इस दिशा में लिये गये निर्णयों तथा भावी रणनीति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। अयोध्या में राम मन्दिर के लोकार्पण के बाद पूरे देश और दुनिया से श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे है। उन्होने कहा कि एक पर्यटक के आने से 06 लोगों को रोजगार मिलता है। इसके साथ ही पर्यटक होटलए टैक्सी के उपयोग के अलावा स्थानीय उत्पाद के क्रय करके स्थानीय लोगों को रोजगार तथा आमदनी का जरिया बनते है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि विदेशी पर्यटकों की प्रदेश में अधिक से अधिक संख्या बढ़ाने के लिये नये सिरे से रणनीति तैयार की जाएं। उन्होने कहा कि अधिकांश विदेशी पर्यटक प्रदेश के 10 शहरों तक सीमित रहते है। घरेलू पर्यटक 15 शहरों में ज्यादा आते है। प्रदेश में लगभग हर जनपद में पर्यटकों के लिये कुछ न कुछ विशेष है। इसके अलावा विशिष्ट प्रकार के स्थानीय उत्पाद एवं खानपान की प्रसिद्ध वेराइटी है। पर्यटकों को इनकी ओर लुभाने के लिये नये सिरे से रणनीति तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक ले जाने के लिये कृषिए मैनुफेक्चुरिंग, पर्यटन और सूचना प्रौद्योगिकी को रखा गया है।

मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास क्षमता, सामर्थ्य एवं मानव सम्पदा का बड़ा बाजार है। इसके साथ ही पूरे देश में सर्वाधिक एक्सप्रेस वे तथा इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। कानून व्यवस्था पूरे देश में बेहतर है। इसीलिये पर्यटक प्रदेश के एक कोने से दूसरे कोने तक असानी से जा सकते है। उन्होने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से करोना काल को छोड़कर उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। पर्यटक फैड्ली परिस्थितियों के कारण पिछले साल लगभग 38 करोड़ पर्यटक प्रदेश में आये। विगत 02 वर्षो से उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन के क्षेत्र में पहले स्थान पर बना हुआ है।

पर्यटन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में पर्यटन विभाग का अधिकतम योगदान के लिये मौजूदा नीतियों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करे। इसके साथ ही पर्यटकों को प्रदेश में दो.तीन दिन से अधिक ठहराव के लिये विकल्प तलाशने पर जोर दे। उन्होने कहा कि आगरा आने वाले पर्यटकों को बटेश्वर भ्रमण के लिये प्रेरित करे। इसके अलावा ईको.टूरिज्म पर विशेष ध्यान दे। उन्होने कहा कि धार्मिक पर्यटन के साथ अन्य गतिविधियां जोड़ी जा सकती है। जिससे पर्यटक प्रदेश में अधिक समय तक रूक सके।

जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का योगदान की कैसी बढोत्तरी हो तथा अधिक से अधिक राजस्व की प्राप्ति हो, इसके लिये तैयार की गयी नीति का परिणाम एवं प्रगति धरातल पर दिखनी चाहिये। उन्होने कहा कि विभागीय अधिकारी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने पर जोर दे। उन्होने कहा कि थाईलैण्डए वियतनाम के बौद्ध श्रद्धालुओं का उत्तर प्रदेश से भावनात्मक लगाव है। इसके अलावा बौद्ध धर्म को मानने वाले देशों को नये भारत का नया उत्तर प्रदेश के बारे में बताये। उन्होने कहा कि राजस्थान की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में वेडिंग डेस्टिनेशन को बढ़ावा दिया जा सकता है। इस बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम, सचिव नियोजन अनुराग यादव के अलावा निदेशक पर्यटक प्रखर मिश्र, विभागीय अधिकारी तथा डेलोइट संस्था के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# परिवहन निगम लगायेगा बीएस 6 यूरिया उत्पादन इकाई: दयाशंकर सिंह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि बीएस 6 बसों में पड़ने वाले यूरिया का उत्पादन अब परिवहन निगम स्वयं करेगा। परिवहन निगम इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि अभी वर्तमान में बीएस 6 बसों में पड़ने वाले यूरिया को प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा ओपन मार्केट में टेन्डर के माध्यम से क्रय किया जाता है। इस क्षेत्र में उत्पादन इकाई लगाये जाने के पश्चात परिवहन निगम आने वाला खर्च में लगभग 20 प्रतिशत की कमी का अनुमान है।

परिवहन मंत्री ने कहा कि विगत दिनों में परिवहन निगम के अधिकारियों द्वारा मार्केट में संचालित यूरिया उत्पादन इकाईयों का निरीक्षण किया गया है, जिसके पश्चात तकनीकी अधिकारियों द्वारा स्वयं परिवहन निगम में यूरिया उत्पादन इकाई लगाने पर मंथन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम द्वारा अपनी बसों में प्रयुक्त टायरों का रिट्रीडिंग करके आर्थिक खर्च में काफी कमी लाई गयी है। ठीक इसी प्रकार बीएस 6 बसों में प्रयुक्त होने वाले यूरिया के प्लान्ट लगाने से आर्थिक खर्चे में काफी कमी आयेगी और यह निगम के लिए लाभकारी होगा।

परिवहन मंत्री ने कहा कि बीएस. 6 बसें अत्याधुनिक होने के साथ.साथ न्यूनतम प्रदूषण करती हैं। उन्होंने कहा कि बीएस 6 बसों को क्रय किया जाना परिवहन निगम के साथ.साथ लोगों के स्वास्थ्य एवं सुविधा की दृष्टि से अहम है।

# धरातल पर उतरने जा रहे उद्यम बड़ी संख्या में प्रदान करेंगे रोजगार के अवसर

जीबीसी-4

● कानपुर और बुलंदशहर जैसे शहरों में मिलेगा बंपर रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ग्राउंड** ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से प्रदेश में 10 लाख करोड़ का निवेश धरातल पर उतारने वाली योगी सरकार इसके जरिए 34 लाख रोजगार भी सृजित करने जा रही है। युवाओं को ये रोजगार के अवसर पूरे प्रदेश यानी हर क्षेत्र, हर मंडल और हर जनपद में उपलब्ध होंगे। दिलचस्प बात ये है कि इन निवेश के माध्यम से कानपुर नगर और बुलंदशहर जैसे टियर 2/3 शहर भी बड़े पैमाने पर रोजगार के साधन उपलब्ध कराने जा रहे हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कानपुर नगर में लगने जा रहे प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क से ही सिर्फ 2.5 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं, बुलंदशहर में ओब्दु ग्रुप के द्वारा डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक में किए जा रहे निवेश से भी 70 हजार लोग रोजगार से लाभान्वित होंगे। इसी तरह, कई अन्य जिलों में भी बड़े प्रोजेक्ट्स के जरिए व्यापक पैमाने पर रोजगार सृजित होने जा रहे हैं।

योगी सरकार ने 19 फरवरी को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 10 लाख करोड़ से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इसमें कानपुर नगर में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क का भूमि पूजन भी सम्मिलित था। मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट (यूपी) लि. के माध्यम से इस परियोजना की शुरुआत की जा रही है, जिसमें 5850 करोड़ रुपए निवेश किए जा रहे हैं। प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क परियोजना पूर्ण होने के बाद कानपुर नगर में इसके माध्यम से 2.5 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेंगे। रोजगार के लिहाज से यह आंकड़ा जीबीसी 4.0 में सर्वाधिक है। उल्लेखनीय है कि कानपुर नगर में कुल 408 कंपनियां विभिन्न परियोजनाओं में 25,339 करोड़ रुपए का निवेश कर रही हैं, जिससे लाखों रोजगार धरातल पर उतरने जा रहे हैं। इसी तरह, ओब्दु ग्रुप अपनी सहायक कंपनी ओब्दु डिजिटल हेल्थ लि. के माध्यम से प्रदेश के कई शहरों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित विलेज हेल्थ सेंटर की स्थापना कर रहा है। यह विलेज हेल्थ सेंटर डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक की तरह काम करेंगे, जहां सुदूर गांवों में मरीजों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए टेलीमेडिसिन के साथ कर्मचारी की उपस्थिति में आने वाले मरीजों को तमाम तरह की हेल्थ फैसिलिटीज उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके माध्यम से अकेले बुलंदशहर में 3350 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है, जिससे 70 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। वहीं, यह परियोजना बुलंदशहर के बाद लखनऊ, प्रयागराज, फतेहपुर, गोण्डा, बहराइच, कन्नौज, कानपुर, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली, मिर्जापुर, गाजीपुर, वाराणसी, शाहजहांपुर, बांदा, हमीरपुर, प्रतापगढ़, भदोई, कौशाम्बी, चित्रकूट और गोरखपुर जैसे जिलों में भी धरातल पर उतारी जाएगी। इस पर ग्रुप द्वारा लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है तो प्रदेश भर में 1.90 लाख लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी प्रदान किए जाएंगे। रियल एस्टेट सेक्टर के माध्यम से भी बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के साधन मिलेंगे। निवेश के लिहाज से सबसे फेवरिट रहे गौतमबुद्ध नगर में एम4एम इंडिया प्रा. लि. द्वारा 7500 करोड़ के निवेश से रीयल एस्टेट एंड कॉमर्शियल प्रोजेक्ट की स्थापना की जा रही है जिससे 14 हजार रोजगार प्रदान किए जा रहे हैं। इसी तरह, प्रतीक रिलेटर्स इंडिया प्रा. लि. गाजियाबाद में 2600 करोड़ की निवेश राशि से मिक्स्ड यूज रियल एस्टेट प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है, जो क्षेत्र में 5 हजार से अधिक रोजगार उत्पन्न करेगा। इसी प्रकार, चित्रा रियलकॉन प्रा. लि.गाजियाबाद में 500 करोड़ रुपए के निवेश से रियल एस्टेट एंड कॉमर्शियल प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। इससे 5000 रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे।

# बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली अपने समर्थकों के साथ सपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में बुधवार को आजमगढ़ जिले के पूर्व विधायक और बसपा के वरिष्ठ नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली सपा मुखिया अखिलेश के समक्ष अपने हजारों समर्थकों के साथ सपा में शामिल हो गए। इस मौके पर शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने कहा कि हमारे सामने दो विकल्प थे। एक दल जो देश बांटना और तोड़ना चाहता है और दूसरा दल जो देश को जोड़ना और मजबूत बनाना चाहता है। इसलिए हमने दिल से सदस्यता ली है। हम पीडीए को ताकत देंगे।

उन्होंने कहा कि मैं ताउम्र अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी के साथ रहूंगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी में गुड्डू जमाली और उनके साथियों का सम्मान रहेगा। गुड्डू जमाली के साथ बसपा के प्रमुख नेताओं में अब्दुल्ला, अलाउद्दीन, खलाक अहमद, अबरार अहमद, मिर्ज़ा महफूज बेग, सुहैल अहमद, फैजान अहमद, अनवार अहमद खां, सुलेमान अंसारी, जियाउरहमान, नोमान प्रधान, सलाउद्दीन, श्रीकृष्ण शास्त्री, हरीराम, मोहम्मद सलीम गुड्डू, पप्पू प्रधान, माधव राजभर, अमरचंद, दिनेश मौर्या, मुमताज प्रधान, संजय राजभर, वसीमुद्दीन, अरशद फरीदी, आदि ने भी बसपा छोड़कर आज समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर आजमगढ़ के विधायक एवं वरिष्ठ नेता डॉ. बलराम यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, आलमबदी, नफीस अहमद, नंद किशोर, हवलदार यादव, संग्राम यादव, ब्रजलाल सोनकर, विद्या भारती, राम अचल राजभर आदि प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 29 फरवरी 2024



# घोषणा मंत्री नहीं, काम वाला मंत्री बनना चाहता हूं: जितिन

● लोक निर्माण मंत्री ने फतेहपुर को दी कई बड़ी सौगातें

**संवाददाता।** फतेहपुर



**प्रदेश** के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार जिले को 60300.04 लाख की लागत की कई बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने कहा कि वह हवा हवाई घोषणाएं नहीं करते हैं। वह घोषणा मंत्री नहीं काम करने वाला मंत्री बनना चाहते हैं। परियोजनाओं के शिलापट का जिक्र करते हुए बोले कि यहां महाजपत्र नहीं बल्कि जनता की साख हैं। जिन पर किसी तरह का समझौता मंजूर नहीं। जिले की सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का जिक्र करते हुए दावा किया कि उन्होंने इतना काम कराया है जो शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने जनपद के बहुप्रतीक्षित फतेहपुर, बहुआ, हिनौता राज्यमार्ग (170) के अवशेष गाजीपुर विजयीपुर के 33,775 किलोमीटर का उद्घाटन के साथ विभिन्न विभागीय कार्यों का लोकार्पण किया। उक्त गाजीपुर विजयीपुर मार्ग के निर्माण प्रारंभ तिथि पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों से जनता के सम्मुख जानकारी मांगी। जिस पर विभागीय अफसर ने तीन मार्च से कार्य प्रारंभ होने और मार्च 2024 तक उसे पूरा करने की बात कही। जितिन ने कहा कि देश प्रदेश में मोदी योगी की सरकार है। काम की गुणवत्ता के साथ ही समयावधि का पूरा ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि 90 करोड़ की लागत से गाजीपुर विजयपुर मार्ग पर काम चल रहा है। यह सौगात इतनी आसानी से नहीं मिली है। यह देन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की है।

उन्होंने बनखंडी घाट में बनने जा रहे 115 करोड़ की लागत से सेतु का जिक्र करते हुए विभागीय अफसर से इस परियोजना के पूरा होने का समय बताने को कहा। जिस पर विभागीय मंत्री को भरोसा दिया गया कि वर्ष 2025 के मार्च महीने तक इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है वह करती है। हम हवाई घोषणाएं नहीं करते हैं। मैं घोषणा मंत्री नहीं काम करने वाला मंत्री बनना चाहता हूं।

# छूटे लोगों का सर्वे करा गोल्डन कार्ड बनाने का काम करें पूर्ण: जिलाधिकारी

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में व मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. की उपस्थिति में जनपदीय स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम गोल्डन कार्ड के प्रगति की समीक्षा की गई, जिलाधिकारी ने कहा छूटे हुए लोगों का सर्वे करा कर गोल्डन कार्ड बनाने की कार्यवाही पूर्ण की जाए।तत्पश्चात जिलाधिकारी ने गत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा कर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी बिंदु डीएचएस की समीक्षा के दौरान उठाया जाए उसका अनुपालन आने वाली बैठक से पूर्व जरूर कर लिया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने इम्यूनाइजेशन के लक्ष्य को सत प्रतिशत प्राप्ति के निर्देश दिए।जिलाधिकारी द्वारा पुरुष नसबंदी, एनआरसी, वीएचएडी सत्र, जननी सुरक्षा योजना, मातृत्व मृत्यु दर, सी सेक्शन डिलीवरी, फैमिली प्लानिंग, टीकाकरण की भी समीक्षा की गई। उन्होंने हेल्थ वैलनेस सेंटरों की समीक्षा करते हुए कहा कि उन्हें शीघ्र संचालित कराया जाय। जो हेल्थ वेलनेस सेंटर तैयार हो गए हैं, उन्हें शीघ्र हस्तानांतरित कराया जाय। जिलाधिकारी ने सीएमएस पुरुष को निर्देश दिए कि एनआरसी में सभी आवश्यक सुविधाएं शीघ्र दुरुस्त कर ली जाए तथा एनआरसी में जो भी डॉक्टर अपने दायित्व का निर्वाहन सम्यक् ढंग से नहीं कर रहे हैं उन पर कार्यवाही करें। उन्होंने मातृत्व मृत्यु दर को कम करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग आपस में समन्वय बनाकर जोखिम पूर्ण प्रसव की पहचान कर समय से भर्ती कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा एमओआईसी सीडीपीओ आपस में समन्वय कर साप्ताहिक बैठक करें जिससे बच्चों से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक संचालन कराया जा सके।

# सीएम योगी ने फतेहगढ़ पुलिस लाइन में बने साइबर थाने का वर्चुअली किया लोकार्पण



**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ ही फर्रुखाबाद में नये साइबर थाने समेत जिले के सभी थानों में साइबर सेल का आज बुधवार को वर्चुअल लोकार्पण किया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में नए साइबर थानों के साथ ही फर्रुखाबाद जिले केफतेहगढ़ पुलिस लाइन में स्थापित नए साइबर थाने समेत जिले के सभी थानों में साइबर सेल के वर्चुअल लोकार्पण किये गये।

उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में पुलिस को साइबर अपराधों के विरुद्ध बहुत संवेदनशील एवं संगठित होकर कार्रवाई करने पर आम जनता को राहत मिलेगी। इस अवसर पर अमृतपुर भाजपा विधायक सुशील शाक्य, सीडीओ अरविंद कुमार आदि अधिकारी एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# 598 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न



**संवाददाता।** कानपुर देहात

जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉक्टर प्रज्ञा शंकर ने अवगत कराया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद कानपुर देहात में आज दिनांक 28 फरवरी 2024 को कुल 598 (सामान्य वर्ग के 08, अनुसूचित जाति के 475, अन्य पिछड़ा वर्ग के 106, अल्पसंख्यक वर्ग के 09) जोड़ों का सामूहिक विवाह पुलिस लाइन मैदान में सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में श्री भानु प्रताप वर्मा, मा. राज्य मंत्री भारत सरकार, श्रीमती प्रतिभा शुक्ला मा. राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, श्रीमती पूनम संखवार, मा. विधायक रसूलाबाद, श्रीमती नीरज रानी, मा. अध्यक्ष जिला पंचायत, श्री मनोज शुक्ला, मा. जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी द्वारा वर-वधू को आशीर्वाद दिया गया एवं उपहार स्वरूप सामग्री भेंट की गयी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आलोक सिंह, पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण व वर-वधू के परिजन आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण व प्रगति में वैज्ञानिकों की अहम भूमिका है: अमित यादव

**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। भौतिकी में नोबल पुरस्कार विजेता सर सी.वी. रमन 28 फरवरी 1928 को रमन इफेक्ट की खोज की थी। इसलिए हर साल इस आविष्कार की याद में 28 फरवरी का दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह बात प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 'साइंस क्विज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महान भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन की ओर से विज्ञान जगत को दिए गए अनुपम उपहार रमन इफेक्ट की वर्षगांठ के मौके पर साइंस को प्रोत्साहित करने के लिए देश में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं जिसमें से एक क्विज कम्पटीशन विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं, खास तौर पर विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना और लोगों को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। इस दौरान विद्यालय के छात्र/छात्राओं की अलग अलग चार टीमों सीवी रमन, न्यूटन, गैलीलियो तथा मैरी क्यूरी का चयन किया गया। जिसमें उनके बीच 'साइंस क्विज कम्पटीशन' का आयोजन किया गया। प्रत्येक टीम आठ-आठ छात्र/छात्राओं में विभाजित की गयी। कड़े मुकाबले के बीच 'गैलीलियो' टीम विजयी रही। विजयी टीम को प्रधानाचार्य द्वारा शील्ड तथा प्रत्येक विजेता खिलाड़ी को मेडल व प्रमाण पत्र सौंपकर सम्मानित किया गया।

# जिले में शीघ्र ही विद्युत स्मार्ट मीटर स्थापित कर रोकी जायेगी बिजली चोरी

**संवाददाता।** हमीरपुर

**हमीरपुर।** जिले में शासन ने शीघ्र ही पहली मर्तवा बुन्देलखंड में उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट विद्युत मीटर लगाने का फैसला किया है। अब उपभोक्ता को पहले मीटर में मोवाइल की तर्ज पर रिचार्ज कराने के बाद ही उसे विद्युत आर्पूति मिल सकेगी। केंद्र सरकार ने इसका ठेका जीनस कंपनी को दिया है। पहले सरकारी आवासो व दफ्तरों में स्मार्ट मीटर से शुरुआत की जायेगी।

विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) एनपी सिंह ने बताया कि स्मार्ट मीटर पूर्वांचल के जिलों में स्थापित कर दिये गये थे। अब पहली मर्तवा संपूर्ण बुंदेलखंड में स्मार्ट मीटर लगाये जायेगे ताकि विद्युत चोरी पर लगाम लगायी जा सके। कल शाम लखनऊ की जीनस कंपनी के सदस्यों ने यहां पर विद्युत अफसरों को मिलकर स्मार्ट मीटर लगाये जाने कीक जानकारी दी इस कंपनी को केंद्र सरकार ने ठेका दिया है।एसई ने बताया कि जिस प्रकार से पहले मोवाइल पर पैसे रिचार्ज कराये जाते है उसी प्रकार से उपभोक्ताओं को एक माह कितनी यूनिट विजली खर्च होगी उसी के अनुसार रिचार्ज कराना होगा। यदि कम विजली की खपत हुई है तो बचे पैसे अगले माह काम आयेगे। उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगवाने की जिम्मेदारी शासन को होगी। जिले में दो लाख तेरह हजार विजली उपभोक्ता है। करीब पच्चीस फीसदी लाइन लास भी हो रही है। विभाग के उपखंड अधिकारी(एसडीओ) हमीरपुर हरिश्चंद्र ने बताया कि स्मार्ट मीटर सबसे पहले सराकारी विभागों व आवासों मे लगाये जायेगे ताकि अधिकारी व कर्मचारी तवादला होने के बाद विद्युत बिल जमा करके ही जाये। अधिकारी व कर्मचारी तवादला के बाद विल भुगतान के बाद निकल जाते थे जिससे बिभाग का भारी नुकसान होता था। हालाकि स्मार्ट मीटर फिलहाल ग्रामीण क्षेत्रों में नही लगेगे क्योकि यह मीटर वही कारगर है जहां पर अंडरग्राउन्ड विद्युत केविल गयी है। बाद में गावों में भी स्मार्ट मीटर लगाये जायेगे। इसके लिये उच्चाधिकारी एक आवश्यक बैठक कर स्मार्ट मीटर की ठोस पालिसी जिले के लिये बनायेंगे।

## क्विक न्यूज

### केंद्रीय राज्यमंत्री ने थानों के साइबर हेल्प डेस्क का किया शुभारंभ

**फतेहपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश पुलिस की अवस्थापना, सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रदेश में 148 निर्माण कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास वर्चुअली किया। जिसके क्रम में जनपद के थाना कोतवाली पर केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरजंन ज्योति की गरिमामयी उपस्थिति में जनपद के साइबर क्राइम थाना स्थित चांदमारी खंभापुर राधानगर सहित जनपद के 21 थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। साथ ही जनपद के थाना औंग, कल्यानपुर, मलवां, कोतवाली नगर, थरियांव एवं थाना खागा में मेडिकल कक्ष मय प्रसाधन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, विधायक जहानाबाद राजेंद्र पटेल समेत संभ्रान्त व्यक्तियों सहित आम जनमानस उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर वीर सिंह, क्षेत्राधिकारी साइबर/अपराध सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

### डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार खीरी का औचक निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार खीरी का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा जिला कारागार खीरी का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण कारागार परिसर का भ्रमण कर पुरुष बैरक, महिला बैरक, मेस, अस्पताल आदि तथा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया एवं कारागार परिसर में साफ-सफाई बनाये रखने के संबंध में निर्देश दिए गए। सभी बैरकों में प्रवेश करके गहनता के साथ जांच-पड़ताल किया गया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जेल अधीक्षक जिला कारागार खीरी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मृत्यु

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा से गांव लौट रहे बाइक सवार की डंपर की टक्कर लगने से मौके पर मृत्यु हो गयी। चालक वाहन खडा कर भाग निकला।पुलिस के मुताबिक मकराव निवासी बलराम कुशवाहा(60) बाइक से गांव मकराव जा रहा था तभी मौदहा व मकराव के मध्य पीछे से आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बलराम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। रोड में काफी देर तक शव पड़ा रहने के कारण जाम लग गया पुलिस ने मौके पर जाकर जाम खुलवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया है।

### हम शिलान्यास भी करते हैं और उद्घाटन भी: साध्वी



फतेहपुर। जिले की सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि उनकी सरकार केवल शिलान्यास ही नहीं करती है, बल्कि उद्घाटन भी करती है। पूर्व प्रधानमंत्री राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह का सीवर लाइन मसले पर जिक्र करते हुए उन्होंने यह बात कही। जिले की सांसद ने राज्यसभा में पार्टी को मिली कामयाबी पर बोलते हुए गेंद, जनता के पाले में डाल दी। सवाल किया कि यूपी में कितनी सीटें हैं। उत्तर 80 मिलने पर कहा कि कल कितनी सीट जीती। 8 का जवाब मिलने पर बोलीं कि इसमें सिर्फजीरो लगाने की दरकार है। संगठन व एकता का हवाला देते हुए कहा कि उनकी सरकार यूपीए सरकार के गढ्ढे भरने का काम कर रही है।

### भूमि विवाद में हुई मारपीट में पुलिस ने दो लोगो को किया गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। भूमि विवाद में हुई मारपीट में पुलिस नें दोनों पक्षों के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना कादरी गेट के ग्राम नगला खैरबंद निवासी 50 वर्षीय कमलेश शाक्य का निहास भरनें को लेकर रामसेबक से विवाद हो गया था । दोनों पक्षों के परिजनों के बीच जमकर लाठी-डंडे, जूता चप्पल चले थे । मामले में पुलिस नें कमलेश व रामसेबक को शांति भंग में गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया ।

### धोखाधड़ी में आरोपी को किया गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। भूमि के मामले में धोखाधड़ी करनें में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया । उनका न्यायालय के लिए चालान कर दिया। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहगा जाफरी ग्रामीण बैंक परिसर निवासी अखिलेश कुमार शुक्ला नें दर्ज करायी गयी एफआईआर में कहा था कि दीपक दुबे पुत्र बृजेश दुबे निवासी जिला जेल चौराहा, विमल दुबे उर्फरीटू दुवे पुत्र उमेश चन्द्र दुबे निवासी बेबर रोड व अजय द्विवेदी पुत्र सुरेश बाबू द्विवेदी निवासी 1/83 आवास विकास कालोनी छिबरामऊ कन्नौज के साथ मिलकर आपसी सहमति से 1.60 एकड जमीन खार बन्दी शहर के भीतर विशुनदयाल पुत्र बाबूराम तथा लाला राम व दाता राम पुत्रगण मनु शाक्य निवासी मो0 बहादुरगंज तराई मऊदरवाजा से क्रय करने तथा चारो भागीदारो की आपसी सहमति से जमीन से होने वाले लाभ से शर्तों के अनुसार लाभ प्राप्त करने हेतु तय हुयी थी। अब आरोपियों द्वारा जमीन पर कब्जा कर बिल्डिंग बनाने की नियत से अखिलेश शुक्ला हिस्से को भी हजम कर लिया । आरोपी धमका रहें है । दबंगई के दम पर रंगदारी में 30 लाख रूपये की मांग कर रहें है। रंगदारी का पैसा न देने पर भद्दी-भद्दी गालिया देते हुये अखिलेख व उनके परिवार को जान माल की धमकी दी जा रही है।

### आजम को फिर मिली लोहिया वाहिनी की कमान

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल ने जनपद के लोहिया वाहिनी निवर्तमान जिलाध्यक्ष मो. आजम खान पर एक बार फिर से भरोसा जताते हुए उन्हें पुनः लोहिया वाहिनी की जनपद की कमान सौंपी है। प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल द्वारा जारी जनपद के जिलाध्यक्षों की सूची में निवर्तमान जिलाध्यक्ष आजम खान का नाम देखते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। समर्थकों ने फूल माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर बधाई दी। सपा महासचिव चौ. मंजरयार ने बताया कि जनपद के कर्मठ व जुझारू नेता मो. आजम खान को पुनः लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष पद की कमान देकर शीर्ष नेताओं द्वारा कार्यकर्ता की प्रतिभा का सम्मान किया गया है। नवमनोनीत जिलाध्यक्ष मो. आजम खान ने बताया कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी मजबूत और दमखम के साथ जनपद की सीट जीतने का काम करेगी।

# समुद्र मंथन की तरह संविधान मंथन: आनंद भदौरिया

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**धौरहरा** लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आनंद भदौरिया के नेतृत्व में आज पीडीए पदयात्रा 15वें दिन गोकन में डॉक्टर जुबेर के भट्टे से प्रारंभ होकर गोकन पिपरी, सिसियर, फरेंदा, कौडेली, मजरा, हथेला वाजिदपुर, धमौला होते हुए मोहम्मदी कस्बे के मोहल्ला सराय में स्थित ग्रीन व्यू मैरिज लॉन में आकर रुकी!

समाजवादी पीडीए पदयात्रा का भट्टे पर सैकड़ो लोगों ने स्वागत व अभिनंदन किया, पीडीए पदयात्रा का गोकन पिपरी में नवाब सिंह यादव, राजेश यादव, सिसियर में सुशील सिंह, मनोज सिंह, नसरुद्दीन व अनिल राठौड़, हथेला वाजिदपुर में नरेंद्र यादव, मकरेंद्र सिंह व रमेश सिंह नें, धमौला में मारूफ व सलमान, सरैया में नगर अध्यक्ष इकरार भाई, अकरम सिद्दीकी, राजन बाल्मीकि सहित सैकड़ो लोगों ने पद यात्रियों का स्वागत किया तथा फूलों से वर्षा करी। आनंद भदौरिया ने किसानों, नौजवानों, आधी आबादी महिलाओ, अगड़ों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस तरीके से कभी समुद्र मंथन हुआ था, इस बार संविधान मंथन होने जा रहा है। एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान को बचाना चाहते हैं, दूसरी तरफ वह लोग हैं जो संविधान की धज्जियां उड़ाना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल ने बताया कल दिनांक 29 फरवरी को मोहम्मदी में रामलीला मैदान पर प्रात 11:00 बजे आनंद भदौरिया के नेतृत्व में समाजवादी पीडीए पदयात्रा पहुंचेगी जहां पर एक बड़ी सभा होकर पदयात्रा का समापन होगा सभी लोगों से समापन में पहुंचने की अपील की है। समाजवादी पीडीए पदयात्रा में प्रमुख रूप से विधानसभा अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल, क्रांति कुमार सिंह, दिलीप यादव, अवनीश यादव, अनिल राठौड़, सुशील कनौजिया, सगीर आलम सिद्दीकी, उमेश श्रीवास्तव, जयकरन बाजपेई, कार्तिक तिवारी, माधुर्य सिंह मधुर, आकाश लाला, मोनू यादव, मुन्ना यादव, दानिश अब्दुल्ला, उत्तम वर्मा, अन्नू वर्मा, आनंद पटेल, रामकुमार यादव, रविशंकर वर्मा, रमन मनार सहित सैकड़ों लोग समाजवादी पीडीए पदयात्रा में शामिल रहे।

## वित्तीय साक्षरता कैम्प आयोजित

**कानपुर देहात।** भारतीय रिज़र्व बैंक देश की जनता के बीच विभिन्न विषयों पर वित्तीय शिक्षण संदेशो के प्रचार के लिए प्रतिवर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन करता आ रहा है। छात्रों और युवाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए वर्तमान वर्ष के वित्तीय साक्षरता सप्ताह के लिए चयनित विषय करो सही शुरूआत, बनो फाइनेंसियली स्मार्ट की थीम के साथ उप- विषय, बचत और कम्पाउन्डिंग की शक्ति, छात्रों के लिए बैंकिंग आवश्यकताएं और डिजिटल साइबर स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित किया गया है जिसे 26 फरवरी से 01 मार्च 2024 के बीच मनाया जा रहा है। यह विषय वित्तीय शिक्षण हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति 2020-25 के कार्यनीतिक उद्देश्यों में से एक है 7 जिसका उद्देश्य आम जनता को अपने वित्तीय भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाने के हेतु वित्तीय आघात-सहनीयता का सृजन करना है। इसी क्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार वित्तीय साक्षरता सप्ताह के दौरान ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आलमचंदपुर, कानपुर देहात में वित्तीय साक्षरता कैम्प का आयोजन किया गया।

# भाजपा ने लाभार्थियों से जनसंपर्क अभियान चलाया: डॉ अरशद मंसूरी



**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**लाभार्थी** संपर्क अभियान के अंतर्गत देश के प्रथम मुस्लिम देहदानी एवं भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के नेता डॉ. अरशद मंसूरी ने कायमगंज विधानसभा के बूथ संख्या-199, 200 एवं 201 में लाभार्थियों से सघन जनसंपर्क कर पत्रक तथा पीएम मोदी के नाम के कैलेंडर व स्टीकर वितरित किये और जनसंवाद कर पीएम मोदी को पुन: सेवा का अवसर देने की अपील की। इस दौरान समाजसेवी डॉ. अरशद मंसूरी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में कोई भी वर्ग ऐसा अछूता नहीं रह गया है जिसको सरकार द्वारा लाभ प्राप्त न हुआ हो। हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता लाभार्थियों के बीच जा रहे हैं, और उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया निवेदन उनको बता रहे हैं। पीएम मोदी की अगुवाई में चल रही भाजपा सरकार का एक ही मूल मंत्र है कि हर समाज के अंतिम वर्ग तक लाभ पहुंचाना।

# अवैध अतिक्रमण पर गरजा पालिका का बुलडोजर

● पालिका के अतिक्रमण हटाओ अभियान से मचा हडकम्प

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)



**शासन** के निर्देश पर जिला एवं पालिका प्रशासन द्वारा तीन दिन के अल्टीमेटम के बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान नगर के पीडब्ल्यूडी बंगला से लेकर पूर्व क्रासिंग तक पालिका के बुलडोजर ने अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए टीन सेट को उखाड़ फेंका। इस दौरान कुछ व्यापारी समय की मोहलत मांगने लगे। जिस पर अधिकारियों द्वारा चार दिन पूर्व से मुनादी किए जाने का हवाला देते हुए एक नहीं सुनी गई और अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान पटरी दुकानदारों की अधिकारियों से नोकझोंक हुई।

गुरुवार को छिबरामऊ एसडीएम उमाकान्त तिवारी, अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित, प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा व कस्वा प्रभारी रोबिन सिंह ने भारी पुलिस बल एवं पालिका कर्मियों सहित पालिका की जेसीबी ले जाकर नगर के पीडब्ल्यूडी बंगला से लेकर पूर्व क्रासिंग व तिर्वारोड तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए नालों पर लगे स्थाई अतिक्रमण एवं टीन सेट को हटवा दिया। इस दौरान कुछ व्यापारियों ने अधिकारियों से पटिया हटाने का विरोध किया। जिस पर अधिशासी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अतिक्रमणकारियों को तीन दिन में अतिक्रमण हटा लेनें की मुनादी करवा चुके हैं। बावजूद इसके अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया है। इसलिए और समय देने की गुंजाइश नहीं है। इसके बाद पालिका के बुलडोजर ने कई अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर हटाया। उधर पालिका कार्यालय में अधिशाषी अधिकारी अनिल पंडित नें जानकारी देते हुए बताया कि पालिका प्रशासन द्वारा प्रतिदिन नगर में हटाए गए अतिक्रमण का निरीक्षण किया जाएगा। दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने सहित जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, अशोक शर्मा, मनोज तिवारी, मोहित कुमार, जगदीश सिंह, अशोक बाल्मीकि, गौरव मिश्रा, पूरन सिंह, आकाश कुमार सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

## महिला महाविद्यालय में शुरू हुआ 34वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह

**फतेहपुर।** डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 34वें दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन बुधवार को हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में क्रीड़ा प्रभारी शरद चंद्र राय ने महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों का बैज अलंकरण कर स्वागत किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सरिता गुप्ता ने कार्यक्रम का उद्घाटन गुब्बारों के प्रक्षेपण के साथ किया। प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत गत वर्ष के चैंपियन छात्रा ने मशाल प्रज्जवलित कर की। खेल के प्रथम दिन क्रीड़ा प्रभारी शरद चंद्र राय के मार्गदर्शन में रस्सा कसी समूह खेल, 10 गुणे 4 मी0 शटल रन, रस्सी कूद, थ्रो बॉल इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई गईं। मंच संचालन महाविद्यालय के समारोहक एसोसिएट प्रोफेसर प्रशांत द्विवेदी ने किया। प्रतियोगिताओं का आंखों देखा हाल डॉ. राम दर्शन ने प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रो. सरिता गुप्ता ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में किसी भी स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करने से अधिक महत्वपूर्ण उसमें प्रतिभाग करने का होता है।

# कोर्ट ने 4 को आजीवन करावास और 12 को 10-10 साल की सजा सुनाई

● मृतक बब्बन अली के बेटे और पत्नी बोली 29 साल बाद मिला न्याय

**संवाददाता।** मोहम्मदी

**अपर** जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मदी मोहन कुमार की अदालत ने दो क्रास मुकदमों में चार हत्यारोपितों को आजीवन कारावास व 50 हजार रूपये जुर्माना तथा लूट व डकैती के आरोप में 10 वर्ष की सजा व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश सिंह ने बताया कि थाना मोहम्मदी के ग्राम लखनापुर मे 19 जुलाई 1995 को दोपहर 1:00 बजे बब्बन अली अपने घर के बाहर इकरार अली के दरवाजे के सामने पकड़ के पेड़ के नीचे खाना खाने बैठा था कि पूर्व से तस्लीम राइफल लिए इरशाद अली उर्फ मुआ दुनाली बंदूक सहित दिलशाद अली बासित अली दुनाली बंदूक सरताज अली राइफल सहित लखविंदर सिंह जो की खिरिया जाट लखनपुर के हैं आए और उसके भाई बब्बन को घेर लिया और जान से करने के लिए एक राय वह एक साथ गोलियां चलाई जिसमें पहली गोली तस्लीम व दूसरी गोली लखविंदर सिंह ने चलाई जो उसके भाई बब्बन को लगी जिससे उनकी मृत्यु मौके पर हो गई, न्यायालय ने दिलशाद इरशाद तस्लीम और सरताज को आजीवन कारावास और 50-50 हजार रुपए का जुर्माना की सजा सुनाई वहीं दूसरे पक्ष की ओर से शब्बन, प्रधान इसरार उर्फ तौले, पूर्व प्रधान मारूफ खा,नरेश सिंह ,पुत्तन सहित 12 लोगों को 10 साल की सजा और 10000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई वही बेटे तौहीद अली और मृतक बब्बन अली की पत्नी न्यायालय के फैसले पर खुशी जाते हुए कहा 29 साल बाद फैसला आया है जिससे मैं खुश हूं।

# समृद्ध भारत के निर्माण के लिए काम करने का संकल्प लें छात्रः मुर्मू

**भाषा।** रांची

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवाओं को भारत का सबसे बड़ा संसाधन और सबसे बड़ी पूंजी की संज्ञा देते हुए बुधवार को उनसे समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ काम करने का आह्वान किया। वह रांची में केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, युवा भारत के सबसे बड़े संसाधन और सबसे बड़ी पूंजी हैं। हमारा देश विश्व की सबसे अधिक युवा आबादी वाले देशों में से एक है। भारत की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर है और 2030 तक हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में युवाओं के पास न केवल सुनहरे भविष्य को बनाने की अपार संभावनाएं हैं बल्कि साथ ही उनके लिए परिस्थितियां भी अनुकूल हैं। मुर्मू ने छात्रों से कहा कि उनका दायित्व केवल अपने लिए एक अच्छा जीवन बनाना नहीं है बल्कि समाज और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना भी उनका नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा, उन्हें आज संकल्प लेना चाहिए कि वे जहां भी काम करेंगे, एक समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करेंगे, एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए काम करेंगे जहां सद्भाव हो और जहां प्रत्एक व्यक्ति का जीवन गौरवपूर्ण हो। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे हमेशा ध्यान रखें कि उनके काम से पिछड़े या वंचित वर्गों के लोगों को लाभ होगा या नहीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि वह जब भी झारखंड आती हैं तो ऐसा लगता है जैसे वह अपने घर लौट आई हैं। उन्होंने कहा, झारखंड के लोगों के साथ, विशेषकर जनजातीय भाइयों और बहनों के साथ मेरा संबंध है। जनजातीय जीवन शैली में कई



रांची में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करते झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

परंपराएं हैं जो अन्य लोगों और समुदायों के जीवन को बेहतर बना सकती हैं। वे प्रकृति के साथ संतुलन में रहते हैं और अगर हम उनकी जीवनशैली और तरीकों से सीख सकते हैं तो हम ग्लोबल वार्मिंग जैसी बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के परिसर को हरित वास्तुकला सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।

उन्होंने कहा कि अध्ययन और अध्यापन के लिए अच्छा वातावरण प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण हितैषी प्रथाओं ने समाज के लिए पर्यावरण संरक्षण की अच्छी मिसाल पेश की है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस विश्वविद्यालय ने स्थानीय भाषा, साहित्य और संगीत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए विशेष केंद्र बनाए हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति, विशेष रूप से जनजातीय समाज की संस्कृति के संरक्षण, अध्ययन और प्रचार के लिए झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय की सराहना की।

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन भी दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। छात्रों को बधाई देते हुए सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार छात्रों को अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए भी काम कर रही है। राधाकृष्णन ने कहा कि छात्रों की जिम्मेदारी न केवल अपना करियर बनाना है बल्कि समाज की बेहतरी में योगदान देना भी है।

# पाक समर्थक नारे लगाने के मुद्दे पर कर्नाटक में सियासी घमासान

**भाषा।** बेंगलुरु

**राज्यसभा के** लिए निर्वाचित कांग्रेस सदस्य सैयद नासिर हुसैन के समर्थकों द्वारा कथित तौर पर लगाए गए पाकिस्तान-समर्थक नारे को लेकर बुधवार को कर्नाटक में राजनीतिक घमासान मच गया और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सिद्धरमैया सरकार के इस्तीफे की मांग की। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि अगर जांच में आरोप सही पाया गया तो विधानसभा और सचिवालय स्थित विधान सौध के अंदर कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों के खिलाफ गंभीर कार्रवाई की जाएगी।

आरोप है कि मंगलवार को जब कांग्रेस कार्यकर्ता यहां राज्यसभा चुनाव में सैयद नासिर हुसैन की जीत का जश्न मना रहे थे तो कुछ लोगों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। भाजपा ने इस मुद्दे पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और कांग्रेस सरकार की निंदा करते हुए बुधवार को बेलगावी, चित्रदुर्ग और मांड्या सहित राज्य के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किए। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, अगर एफएसएल (फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला) की रिपोर्ट यह साबित करती है कि पाकिस्तान के पक्ष में लगाया गया नारा सही है, तो इस संबंध में गंभीर कार्वाई की जाएगी। पाकिस्तान के पक्ष में नारे लगाने वालों को बचाने का कोई सवाल ही नहीं है। सिद्धरमैया ने कहा, "हमने (वीडियो में सुनाई दे रही) आवाज के नमूने को जांच के लिए एफएसएल भेज दिया है। जब रिपोर्ट आएगी और अगर यह सच साबित होगा कि किसी ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए हैं तो ऐसे व्यक्ति को गंभीर सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा, अगर किसी ने ऐसा नारा लगाया है, तो उन्हें बख्शने का कोई सवाल ही नहीं है। अगर यह सच है तो हम कड़ी कार्वाई करेंगे, गंभीर कार्वाई करेंगे। इस मुद्दे पर कर्नाटक विधानसभा और परिषद की कार्यवाही बाधित की गई। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नें "पाकिस्तान जिंदाबाद" के नारे लगाने वाले दोषियों को पकड़ने में निष्क्रियता को लेकर कांग्रेस सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए विधानसभा अध्यक्ष के आसन के निकट आकर विरोध प्रदर्शन किया तथा उस पर कथित नारे लगाने वालों को बचाने की कोशिश का आरोप लगाया। हालांकि सत्ता पक्ष ने इन आरोपों का जोरदार खंडन किया। विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा का जवाब देते हुए गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि जांच चल रही है और कथित घटना से संबंधित वीडियो की सत्यता के बारे में जानने के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# भारत-अमेरिका आंतरिक सुरक्षा संवाद में आतंकवाद से लड़ने पर चर्चा

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को आयोजित भारत-अमेरिका आंतरिक सुरक्षा संवाद में आतंकवाद, धनशोधन, संगठित अपराध और अमेरिका में खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों से निपटने में सहयोग पर चर्चा हुई। सूत्रों ने बताया कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने किया, वहीं अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उनकी समकक्ष क्रिस्टी कैनेगलो, कार्यवाहक उप-सचिव, अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने किया।

इस संबंध में एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने आतंकवाद-रोधी और सुरक्षा क्षेत्र में जारी सहयोग की समीक्षा की, जो भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख स्तंभ रहा है। बयान में कहा गया कि इस संदर्भ में, उन्होंने आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ, मादक पदार्थों की तस्करी, संगठित अपराध से निपटने और परिवहन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए द्विपक्षीय प्रयासों को मजबूत करने के वास्ते उठाए जा सकने वाले कदमों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने सुरक्षित और कानूनी प्रवासन को सक्षम करने, अवैध प्रवासन, मानव तस्करी, धनशोधन, साइबर-अपराध और आतंकी वित्तपोषण सहित अवैध गतिविधियों के लिए साइबर जगत के दुरुपयोग को रोकने के वास्ते कदम उठाकर दोनों देशों के बीच लोगों से लोगों के संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बयान में कहा गया कि सह-अध्यक्षों ने सूचना के आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण, तकनीकी सहायता और आंतरिक सुरक्षा संवाद के ढांचे के तहत स्थापित उप-समूहों की नियमित बैठकों के माध्यम से संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग को मजबूत करने में अपनी गहरी रुचि दोहराई।

# बिहार कांग्रेस ने पाला बदलने वाले दो विधायकों को विधानसभा से अयोग्य ठहराने की मांग की

**भाषा।** पटना

**बिहार में कांग्रेस** के दो विधायकों के सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पाले में जाने के एक दिन बाद पार्टी ने बुधवार को उन्हें राज्य विधानसभा से अयोग्य घोषित करने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव से मुलाकात की और अपने विधायकों सिद्धार्थ सौरव और मुरारी गौतम को अयोग्य ठहराने की मांग की। ए दोनों विधायक मंगलवार को सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों के साथ सदन में बैठे दिखे थे।

बाद में पत्रकारों से बात करते हुए सिंह ने आरोप लगाया, भाजपा प्रलोभन देकर साथ अपनी सत्ता का दुरुपयोग कर रही है और सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों के माध्यम से धमकियां भी दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने विधायकों को तोड़े जाने की निंदा करती है। गौतम हाल तक मंत्री थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अचानक राजग में लौटने से कांग्रेस पिछले महीने बिहार की सत्ता से बाहर हो गई थी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दोनों विधायकों का आचरण पार्टी की सदस्यता छोड़ने के समान है जो दल-बदल विरोधी कानून का उल्लंघन है। सिंह के मुताबिक, विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है कि वह पार्टी के ज्ञापन का अध्ययन करेंगे और नियमों के अनुसार निर्णय लेंगे। उन्होंने इन अटकलों को खारिज कर दिया कि निकट भविष्य में कांग्रेस के और विधायक पाला बदलेंगे। सिंह ने पलटवार करते हुए कहा, आप सदन में हमारे कुछ सदस्यों की अनुपस्थिति के आधार पर अटकलें लगा रहे हैं। आपको आज विधानसभा सत्र से बड़ी संख्या में अनुपस्थित रहने वाले भाजपा विधायकों पर भी ध्यान देना चाहिए।

इससे पूर्व बिहार विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा था कि उनकी पार्टी अपने इन दो विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करेगी। खान ने संवाददाताओं के सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही थी। बिहार की 243 सदस्ईय वाली विधानसभा में कांग्रेस के सिर्फ 17 सदस्य हैं। खान ने दोनों विधायकों को गद्दार करार देते हुए उनकी तुलना, नवाब बनने के लिए प्लासी युद्ध के दौरान अंग्रेजों के साथ हाथ मिलाने वाले मीर जाफर से की। कांग्रेस के दो विधायकों ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की संगीता कुमारी के साथ पाला बदल लिया था। तीनों ने भविष्य की अपनी रणनीति पर अभी चुप्पी साध रखी है और बुधवार को उनमें से कोई भी दोपहर के भोजन से पहले के सत्र के दौरान सदन में मौजूद नहीं था। उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा पाला बदलने वाले इन विधायकों का बिहार विधानसभा परिसर में अभिनंदन किए जाने से ऐसा माना जा रहा है कि वे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। पिछले दिनों राजद के चार विधायक भी पाल बदलकर राजग में शामिल हो गए थे। राजद सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा ने कहा, हम निश्चित रूप से उनको अयोग्य ठहराए जाने की मांग करेंगे। मुझे आश्चर्य है कि अध्यक्ष सदन के भीतर ऐसा कैसे होने दे रहे हैं। झा ने आरोप लगाया कि राजद नेता तेजस्वी यादव के प्रति जनसमर्थन ने भाजपा को परेशान कर दिया है और अब वह धनबल का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि राजद ने कई लोगों को विधायक बनवाया है और उसे ऐसी हरकतों से उसे डराया नहीं जा सकता।

## क्विक न्यूज

### व्यास जी के तहखाने के ऊपर मुस्लिम समुदाय के लोगों के चलने पर रोक लगाने के लिए याचिका दायर

**वाराणसी (भाषा)।** ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ शुरू होने के बाद अब हिन्दू पक्ष ने जिला अदालत में तहखाने के ऊपर मुस्लिम समाज के लोगों के चलने पर रोक लगाने और तहखाने की छत और खम्भों की मरम्मत कराए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दायर किया है। जिला न्यायाधीश की अदालत ने हिन्दू पक्ष के इस प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए 19 मार्च की तिथि तय की है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि अदालत के आदेश के बाद व्यास जी के तहखाने में 31 जनवरी से पूजा पाठ शुरू हो गया है तथा श्रद्धालु व्यास जी के तहखाने में स्थापित विग्रहों का झांकी दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि व्यास जी के तहखाने की छत काफी पुरानी और कमजोर है तथा नमाजी तहखाने की छत पर चलते हैं। यादव ने बताया कि पूजा स्थल के छत पर कोई चले और नमाज पढ़े यह ठीक नहीं है तथा तहखाने की छत और खंभे काफी कमजोर हैं और ऐसा ना हो यह किसी वजह से ध्वस्त हो जाए। उन्होंने कहा कि इसलिए तहखाने की छत पर चलने से मुस्लिम समाज के लोगों को रोकने के साथ ही तहखाने की छत और खम्भों की मरम्मत कराने का आग्रह किया गया है। यादव ने बताया कि प्रभारी जिला न्यायाधीश (पंचम) अनिल कुमार ने हिन्दू पक्ष के इस प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए 19 मार्च की तिथि तय की है।

### ज्ञानवापी के आठ तहखानों के सर्वेक्षण सम्बन्धी याचिका पर सुनवाई 19 मार्च को

**वाराणसी (भाषा)।** वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर स्थित शेष आठ तहखानों सहित सम्पूर्ण परिसर के सर्वेक्षण का आदेश देने का आग्रह करने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 19 मार्च की तिथि तय की है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बुधवार को बताया कि ज्ञानवापी परिसर स्थित शेष आठ तहखानों सहित सम्पूर्ण परिसर के सर्वेक्षण का आदेश देने का आग्रह करने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए प्रभारी जिला न्यायाधीश (पंचम) अनिल कुमार ने 19 मार्च की तिथि तय की है। उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले की वादी संख्या एक राखी सिंह ने ज्ञानवापी परिसर में शेष बन्द पड़े आठ तहखानों सहित सम्पूर्ण परिसर का पुरातात्विक सर्वेक्षण कराए जाने का आग्रह करते हुए एक याचिका दायर की थी जिस पर जिला न्यायाधीश ने सुनवाई के लिए 19 मार्च की तिथि तय की है।

### न्यायालय से तथ्यों को छिपाने वाले राहत पाने के पात्र नहींः इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज (भाषा)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि जो लोग अदालत से प्रासंगिक तथ्य छिपाते हैं, वे किसी तरह की राहत पाने के पात्र नहीं हैं। अदालत ने इस मामले में जनहित याचिका खारिज करते हुए तथ्य छिपाने के लिए याचिकाकर्ता पर पांच लाख रुपए का हर्जाना लगाया। शामली जनपद के अकबर अब्बास जैदी नाम के व्यक्ति द्वारा दायर जनहित याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने कहा, यह सुस्थापित है कि जो वादी न्याय के शुद्ध झरने को अपने गंदे हाथों से स्पर्श करने का प्रयास करता है, वह किसी तरह की राहत, अंतरिम या अंतिम राहत पाने का पात्र नहीं है। अदालत ने 23 फरवरी को दिए अपने निर्णय में कहा, हम इस बात से पूरी तरह आश्वस्त हैं कि मौजूदा याचिका कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है और यह भारी हर्जाने के साथ खारिज किए जाने योग्य है ताकि कोई बेईमान व्यक्ति अपने निहित स्वार्थ के लिए जनहित याचिका की आड़ में न्याय व्यवस्था का दुरुपयोग ना करे। याचिकाकर्ता ने अदालत से शामली के जिलाधिकारी को निजी प्रतिवादियों के कब्जे वाली भूमि से अवैध निर्माण और अनधिकृत कब्जे को हटाने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। हालांकि, अदालत ने सुनवाई के दौरान पाया कि याचिकाकर्ता ने प्रांसगिक तथ्य छिपाए। जैसे याचिकाकर्ता और निजी प्रतिवादियों के बीच विवादित संपत्ति को लेकर कई मुकदमे पहले से चल रहे हैं।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ।** राजाजीपुरम स्तिथ लवली शर्मा फाउंडेशन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर विज्ञान की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीकें थी जिसके अंतर्गत स्कूली बच्चों के लिए जागरूकता क्विज और लघु विज्ञान नाटिका एसी का आतंक का मंचन किया गया जिसमें मुख्य भूमिका आरना सिंह चौहान और अभय वर्मा ने निभायी। संस्था द्वारा वार्षिक विज्ञान सम्मान डॉ. संजय पांडे को दिया गया। कला प्रतियोगिता में द इंडियन एकेडमी के सार्थक यज्ञसैनी विजयी रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विज्ञान संचारक पूजा विरमानी ने विकसित भारत के लिए युवाओं में स्वदेशी तकनीकों जैसे घरेलु उपचार, ग्रामीण जीवनशैली की उपयोगिताए तकनीक का सही ईस्तेमाल, मशीनों पर निर्भरता कम करने के उपाय, देसी तरीकों के दैनिक उपयोग से बिजली की खपत कम करने इत्यादि विज्ञान महत्पूर्ण विषयों के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास किया ।

# सामूहिक विवाह में दूल्हा नहीं आया तो जीजा के गले में डाली वरमाला, जांच के आदेश

**झांसी (भाषा)।** झांसी जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दूल्हे के नहीं पहुंच पाने पर महिला ने अपने जीजा के गले में वरमाला डाल दी। बाद में महिला के अपना सिंदूर पोंछा तो लोगों को शक हुआ और मामला खुल गया। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ललिता यादव ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत यहां राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में 168 जोड़ों को पंजीकृत करते हुए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने बताया कि उनमें से 132 जोड़े उपस्थित हुए। यादव के मुताबिक, उनमें से झांसी जिले के बामौर की निवासी खुशी नामक लड़की का विवाह मध्य प्रदेश के छतरपुर निवासी बृषभान से होना था लेकिन बारिश की वजह से वह नहीं आ सका तो परिजनों ने रिश्ते में खुशी के जीजा लगने वाले दिनेश के गले में वरमाला डलवा दी और विवाह की रस्म पूरी कर ली। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम पूरा होते ही खुशी ने अपनी मांग का सिंदूर पोंछ दिया तो यह देखकर वहां मौजूद लोगों को शक हुआ। यादव ने बताया कि पूछने पर लड़की पक्ष एवं तथाकथित दूल्हे एवं वधू ने खुद ही लोगों के सामने सच्चाई स्वीकार कर ली। उन्होंने बताया कि दूल्हा समय से नहीं पहुंचा था, इसलिए काम चलाने के लिए ऐसा किया गया।

खुशी ने कहा कि अत्यधिक बारिश होने की वजह से उसका होने वाला पति नहीं आ पा रहा था और इधर सब कार्यवाही ऑनलाइन पूरी हो जाने के कारण मजबूरी में काम चलाने के लिए ऐसा कदम उठाना पड़ा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आते ही दंपति को दिए गए उपहार वापस ले लिए गए और जांच के आदेश भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जांच के बाद दोषी पाए गए लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली की अदालत ने राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों को दी जमानत

**भाषा।** नई दिल्ली

● **रेलवे जमीन के बदले नौकरी मामला**

**दिल्ली की** एक अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों मीसा भारती एवं हेमा यादव को बुधवार को जमानत दे दी। मीसा भारती राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सबसे बड़ी बेटी हैं और मौजूदा समय में राज्यसभा सदस्य हैं। विशेष न्यायधीश विशाल गोगने ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जमानत अर्जी का विरोध नहीं किए जाने पर तीनों को यह राहत दी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अदालत में सुनवाई के दौरान कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को जमानत देते वक्त कठोर शर्तें लगाई जाएं।

न्यायाधीश ने रेखांकित किया, आरोपी राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव और हृदयानंद चौधरी की ओर से दी गई नियमित जमानत अर्जी पर ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। ईडी के वकील ने धनशोधन से जुड़े आरोपों की प्रकृति के बारे में बताया और कहा कि ए गंभीर प्रकृति के हैं और अगर अदालत आरोपी व्यक्तियों को जमानत देने पर विचार करती है, तो उनपर कड़ी शर्तें लगाई जानी चाहिए। बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि चूंकि जांच एजेंसी ने जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तार करना जरूरी नहीं समझा, इसलिए अदालत के पास अब उन्हें नियमित जमानत देने से इनकार करने का कोई उचित कारण नहीं है।

न्यायधीश ने एक-एक लाख रुपए के मुचलके और इतनी राशि की जमानत राशि पर आरोपियों को नियमित जमानत दे दी। अदालत ने निर्देश दिया कि आरोपी अदालत की पूर्व मंजूरी के बिना विदेश नहीं जाएंगे और मामले से जुड़े किसी भी व्यक्ति या गवाह से संपर्क करने, प्रभावित करने या धमकाने की कोशिश नहीं करेंगे। अदालत ने फैसले में कहा, आरोपी निर्देश मिलने पर अदालत के समक्ष उपस्थित होंगे। आरोपी व्यक्तियों को अपने मोबाइल फोन नंबर और पते के साथ-साथ उनमें किसी भी बदलाव के बारे में ईडी को सूचित करना होगा। इसी के साथ मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च 2024 तक के लिए स्थगित कर दी गई। न्यायाधीश ने नौ फरवरी को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी क्योंकि ईडी ने कहा था कि उन्हें उनकी नियमित जमानत याचिकाओं पर दलीलें पेश करने के लिए और समय चाहिए। ईडी की ओर से पेश आरोप पत्र पर अदालत द्वारा संज्ञान लेने और समन जारी किए जाने के बाद तीनों आरोपी अदालत के समक्ष पेश हुए।

# पेज 1 का शेष

## हिमाचल को..

बात आई तो सरकार स्थान तय करने में विफल रही। उन्होंने कहा, 'यह एक बेटे के लिए राजनीतिक नहीं बल्कि भावनात्मक बात है।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस पार्टी ने लोगों से वादे किए थे और उन वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी हमारी है और मैं अपने समर्थकों से सलाह लेने के बाद अपनी भविष्य की रणनीति तय करूंगा।' विधानसभा में सुबह जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो हंगामा मच गया। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कथित तौर पर अध्यक्ष का अनादर करने के लिए भाजपा विधायकों को निलंबित करने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव को ध्वनि मत से स्वीकार कर लिया गया और अध्यक्ष ने 15 विधायकों को बर्खास्त कर दिया। हालाँकि, भाजपा सदस्यों ने जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इस बीच छह कांग्रेस और तीन निर्दलीय विधायकों का एक समूह, जिन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ मतदान करने के बाद मंगलवार की रात भाजपा शासित हरियाणा के पंचकुला में एक गेस्टहाउस में बिताई थी, वे भी सदन में वापस आ गए। उन्हें हेलीकॉप्टर से वापस भेजा गया। जैसे ही ये विधायक सदन में दाखिल हुए, भाजपा सदस्यों ने मेजें थपथपाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने 'जय श्री राम, बन गया काम' का नारा भी लगाया। मंगलवार को सुक्खू ने दावा किया था कि विधायकों को हरियाणा पुलिस और सीआरपीएफ ने 'अगवा' कर लिया है।

## चुनावी मोड...

उन्होंने गांधीनगर से लोकसभा चुनाव की शुरुआत की थी। पहली सूची में अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, नागपुर से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, लखनऊ से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, पश्चिम दिल्ली से प्रवेश वर्मा, उत्तर पश्चिम दिल्ली से मनोज तिवारी और दक्षिण दिल्ली से रमेश बिधूड़ी का नाम भी शामिल होना तय है। पहली सूची में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भूपेन्द्र यादव, पीयूष गोयल, मनसुख मंडाविया, परषोत्तम रूपाला और राजीव चन्द्रशेखर का नाम भी शामिल हो सकता है। पार्टी नेताओं ने बुधवार को कहा कि दिल्ली भाजपा की चुनाव समिति ने राष्ट्रीय राजधानी की सात लोकसभा सीटों के लिए 25-30 संभावितों की सूची भी राष्ट्रीय नेतृत्व को सौंपी है। दिल्ली भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि नई दिल्ली सीट से मौजूदा सांसद मीनाक्षी लेखी के अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर, आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पूर्व नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज के नाम संभावितों में शामिल हैं। उन्होंने कहा, डीडीयू मार्ग स्थित पार्टी मुख्यालय में भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित राष्ट्रीय नेताओं की बैठक में संभावितों की सूची पर चर्चा की गई। मोदी ने अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए 370 सीटें और सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिए 400 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। 2024 के चुनावों के लिए, भाजपा ने 160 सीटों की पहचान की है जिन्हें पार्टी कमजोर मानती है और इस प्रकार पिछले एक साल में शुरुआती अभियान और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश पर हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक और मंत्री धर्मपाल सिंह सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। 2019 के चुनाव में बीजेपी ने राज्य की 80 में से 62 सीटों पर जीत हासिल की थी। पश्चिम बंगाल की 42 सीटों पर भी चर्चा हुई जहां 42 में से 35 लोकसभा सीटों पर बीजेपी की पैनी नजर है।

## वंशवादी....

सूचीबद्ध किया। प्रधानमंत्री ने पांच साल पहले, तमिलनाडु में केवल 21 लाख लोगों के घरों में पीने के पानी का कनेक्शन था। हालांकि, अब यह संख्या बढ़कर एक करोड़ हो गई है। तमिलनाडु में लगभग 40 लाख महिलाओं को गैस सिलेंडर की सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि जब तमिलनाडु बढ़ता है भारत भी भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि द्रमुक नफरत की राजनीति कर रही है। कुछ लोग हिंदी और तमिल भाषाओं का राजनीतिकरण कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हालाँकि, तमिलनाडु से केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन एक हिंदी भाषी राज्य से सांसद चुने गए हैं। मोदी ने यह भी कहा कि स्टालिन शासन राज्य के लिए काम नहीं करता है बल्कि केवल झूठा श्रेय लेता है और उसने केंद्रीय योजनाओं पर अपने स्टीकर चिपका दिए हैं। अब उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने तमिलनाडु में इसरो लॉन्चपैड का श्रेय लेने के लिए चीन का स्टीकर चिपकाया है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह हमारे देश का अपमान है, हमारे देशभक्त अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का अपमान है।

## मादक पदार्थों..

अपंजीकृत मछली पकड़ने वाली नाव को मंगलवार सुबह अरब सागर में भारतीय तट से लगभग 60 समुद्री मील दूर और अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास रोका गया था। नौसेना ने अपने पी 8 आई लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान और समुद्री कमांडो को एक युद्धपोत और हेलीकॉप्टरों पर तैनात किया। एनसीबी ने कहा कि जब्त किए गए लगभग 3,300 किलोग्राम प्रतिबंधित सामग्री में 3,110 किलोग्राम चरस या हशीश, 158.3 किलोग्राम क्रिस्टल मेथामेफटामाइन और 24.6 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन शामिल है। उसने बताया कि ये मादक पदार्थ उन पैकेट से बरामद किया गया जिन पर रास अवद गुड्स कंपनी, प्रोड्यूस ऑफ पाकिस्तान की मुहर लगी हुई है। एजेंसी ने कहा कि मादक पदार्थ का स्रोत ईरान में चाबहार बंदरगाह पाया गया है। एनसीबी महानिदेशक एस एन प्रधान ने दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान संवाददाताओं से कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत 1,300 से 2,000 करोड़ रुपए के बीच होने का अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा, यह देश में समुद्र तट के पास से मादक पदार्थ की अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। हमने देखा है कि पिछले कुछ वर्षों में समुद्री मार्ग के माध्यम से मादक पदार्थ की तस्करी बढ़ गई है और इसलिए हम नौसेना, तटरक्षक, सीमा शुल्क जैसी अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। प्रधान ने कहा, माक पदार्थ तस्कर अरब सागर में भारतीय तट के जरिए तस्करी का प्रयास करते हैं। यह मादक पदार्थ का उपयोग करके देश को अस्थिर करने के षड्यंत्र का हिस्सा है।

## राहुल को...

सीपीआई (एम) कार्यकर्ता ने बताया कि यदि कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष 2024 का चुनाव जीतता है तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री के रूप में स्वाभाविक पसंद होंगे और वायनाड को प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाने वाला निर्वाचन क्षेत्र होने का गौरव प्राप्त होगा। सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे ने सीपीआई को निर्वाचन क्षेत्र आवंटित किया था, क्योंकि मार्क्सवादी पार्टी से कोई टिकट लेने वाला नहीं था। वैश्विक कम्युनिस्ट आंदोलनों के बीच वैचारिक दिग्गजों के रूप में वर्णित सीपीआई ने सीपीआई के अखिल भारतीय महासचिव डी राजा की पत्नी एनी राजा को मैदान में उतारा है। तिरुवनंतपुरम में सीपीआई राज्य मुख्यालय में राजनीतिक चर्चा के अनुसार, पार्टी में से कोई भी टिकट लेने के लिए तैयार नहीं था और यह निश्चित है कि वे धूल चाटेंगे और इस तरह एनी को बलि का बकरा बना दिया गया है। सीपीआई के केरल सचिव बिनॉय विश्वम ने राहुल गांधी से केरल से बाहर जाने और धर्मनिरपेक्षतावादी के रूप में अपनी साख साबित करने के लिए भाजपा/आरएसएस गठबंधन के खिलाफ लड़ने के लिए कहा। लेकिन विश्वम ने जो बात अनकही छोड़ दी वह यह थी कि सीपीआई अपने बिग ब्रदर सीपीआई (एम) के साथ देश के बाकी हिस्सों में कांग्रेस की सहयोगी है।

## जलवायु परिवर्तन...

सक्रिय उपायों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर बल देता है। जलवायु विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अब यह पुष्टि हो गई है कि फरवरी 2023 और जनवरी 2024 के बीच 12 महीने की अवधि में ग्लोबल वार्मिंग 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गई है। इसके बाद 2023 को रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्ष घोषित किया गया। संयुक्त राष्ट्र ने भी चेतावनी दी थी कि 2023 अब तक का सबसे गर्म वर्ष होगा। इसने ग्लोबल वार्मिंग पर लगाम लगाने और इसके परिणामस्वरूप होने वाली तबाही को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की। संयुक्त राष्ट के विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने बताया था कि 2023 ने जलवायु के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, चरम मौसम ने 'तबाही और निराशा का निशान' छोड़ दिया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 29 फरवरी 2024



# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सैन्य निर्यात 20 गुणा बढ़ाः राजनाथ

**भाषा।** सीतामढ़ी (बिहार)



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि देश का सैन्य निर्यात पिछले पांच वर्षों में 20 गुणा से अधिक बढ़ा है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। उत्तर बिहार के सीतामढ़ी शहर में स्थानीय बुद्धिजीवी वर्ग की एक सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, जब मैंने (2019 में रक्षा) विभाग संभाला था तब रक्षा निर्यात लगभग 1,000 करोड़ रुपए का था और अब यह बढ़कर 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा, हमारा कुल रक्षा निर्माण एक लाख करोड़ रुपए का है। इससे पता चलता है कि भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और दुनिया भर के नेता इस बात को स्वीकार करते हैं कि 21वीं सदी भारत की होगी।

बिहार की एक दिवसीय यात्रा पर आए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने बताया, मुझे 2014 में और फिर पांच साल बाद (2019 में) चुनाव के लिए घोषणापत्र तैयार करने का काम सौंपा गया था। दोनों अवसरों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया था कि हम ऐसा कोई वादा नहीं करें जिसे हम पूरा न कर सकें।

सिंह ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना, तीन तलाक को खत्म करना और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण दिखाता है कि हम जो कहते हैं कर के दिखाते हैं। उन्होंने 1990 के दशक में अयोध्या आंदोलन के चरम पर जेल जाने की घटना को याद करते हुए कहा, उस समय मैं भाजपा की युवा शाखा का नेतृत्व कर रहा था। केंद्रीय मंत्री ने अर्थव्यवस्था के आकार के संदर्भ में भारत के 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंचने पर भी प्रकाश डाला और कार्यक्रम के दौरान कहा, हम जल्द ही दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में होंगे और 2047 तक देश विकसित होगा। उन्होंने कतर से हाल में भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारियों की रिहाई के लिए भी प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप को श्रेय दिया। इन पूर्व नौसेना कर्मियों को पश्चिम एशियाई देश की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी।

सिंह ने यह भी याद दिलाया कि एक साल पहले रूस और यूक्रेन ने मोदी के अनुरोध पर कुछ घंटों के लिए युद्ध रोक दिया था ताकि हम अपने छात्रों को निकाल सकें। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, इसके विपरीत अतीत में कांग्रेस द्वारा बनाई गई सरकारें गरीबी उन्मूलन के खोखले वादों और भ्रष्टाचार घोटालों के लिए जानी जाती थीं और तब केंद्रीय मंत्रियों को भी जेल जाना पड़ा था। बिहार के एक दिवसीय दौरे पर आए पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने सीतामढ़ी जिले में पुनौरा धाम में पूजा की। इस मंदिर के बारे में माना जाता है कि राजा जनक को इसी स्थान पर देवी सीता मिली थीं।

सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विश्वसनीयता बढ़ रही है, कोई क्षेत्र नहीं बचेगा जहां (भाजपा का चुनाव चिन्ह) कमल नहीं खिलेगा। जब उनसे यह पूछा गया कि क्या सीतामढ़ी सीट से भी भाजपा की जीत होगी तो उन्होंने कहा, मां जानकी के आशीर्वाद से सीतामढ़ी में भी कमल खिलेगा। सीतामढ़ी लोकसभा सीट से भाजपा कभी नहीं जीती है। भाजपा ने 1998 के लोकसभा चुनाव के बाद सीतामढ़ी में अपना उम्मीदवार खड़ा नहीं किया है। गत चुनावों में उसने यह सीट अपने सहयोगियों के लिए छोड़ दी थी। जदयू ने 2019 में इस सीट से भाजपा के एक पूर्व नेता सुनील कुमार पिंटू को चुनावी मैदान में उतारा था।

## सरकार ने जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों पर प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्र सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आतंकवादी नेटवर्क पर कड़ा प्रहार जारी रखते हुए केंद्र सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) को गैर-कानूनी संगठन घोषित कर दिया है। देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहे हैं। सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ गतिविधियों को जारी रखने को लेकर मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया था।

# कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव में मतदान से दूर रहे भाजपा विधायक ने कहाः स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें थी

**कारवार (कर्नाटक)।** भाजपा विधायक अरबैल शिवराम हेब्बार ने बुधवार को कहा कि वह स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों की वजह से राज्यसभा चुनाव में मतदान से अनुपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि उनकी अनुपस्थिति तथा पार्टी की जिला इकाई से उनकी नाराजगी के बीच कोई संबंध नहीं है। कर्नाटक से राज्यसभा की चार सीट के चुनाव के दौरान पार्टी के व्हिप के बाद भी एल्लापुर के विधायक हेब्बार मतदान करने नहीं पहुंचे जबकि यशवंतपुर के विधायक एस टी सोमशेखर ने अंतरात्मा के नाम पर कांग्रेस के पक्ष में वोट डाला। इससे भाजपा के लिए असहज स्थिति उत्पन्न हुई। सोमशेखर ने बुधवार को विधानसभा सत्र में हिस्सा लिया और वह अपनी निर्धारित सीट पर अन्य भाजपा विधायकों के बीच नजर आए।

सोमशेखर और हेब्बार पहले कांग्रेस में थे। वे कांग्रेस और जनता दल सेकुलर के उन 17 विधायकों में शामिल थे जिन्होंने अपने-अपने दल से इस्तीफा दे दिया था और उसके फलस्वरूप जुलाई, 2019 में एच डी कुमारस्वामी की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार गिर गई थी। वे बाद में भाजपा के टिकट पर उपचुनाव जीत गए थे तथा पिछली भाजपा सरकार में मंत्री बने थे। हेब्बार ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, (मंगलवार) सुबह मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं था, मैंने वोट डालने जाने की योजना बनाई थी लेकिन चिकित्सक के परामर्श पर शाम छह बजे के बाद मुझे वापस लौटना पड़ा। इसी कारण मैं मतदान नहीं कर सका। और कोई बात नहीं है। मैं मतदान के लिए जा सकता था, मैं क्रॉस वोट कर सकता था या फिर किसी के लिए वोट डाले बगैर लौट आ सकता था।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वह ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जो किसी डर के मारे मतदान से अनुपस्थत रहे, वह चार दशकों से राजनीति में हैं। उन्होंने कहा, मुझे मेरे निजी सहायक ने बताया कि (मंगलवार को) एक बजे के बाद मुझे व्हिप जारी किया गया। कब व्हिप जारी किया जाना चाहिए और कैसे जारी किया जाना चाहिए.... कानून अपना काम करेगा।

मतदान से उनकी अनुपस्थिति एवं पार्टी से उनकी नाराजगी के बीच कोई संबंध नहीं है तथा नाराजगी को व्यक्त करने के लिए कई मंच हैं। जब उनसे पूछा गया कि अनुपस्थित रहकर क्या वह पार्टी को चेतावनी दे रहे हैं तो उन्होंने कहा, मैंने कोई चेतावनी नहीं दी है, मेरे साथ कुछ (स्वास्थ्य) मुद्दे थे, इसलिए (मैं) नहीं जा सका। उन्होंने कहा, मेरी नाराजगी बस जिला स्तर पर है। प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर पर मेरी कोई नाराजगी नहीं है। मैंने यह पहले भी कहा है और मैं अब फिर यह कह रहा हूं।

# मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धः अमित शाह

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र की** नरेन्द्र मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में डाली जा चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को यह बात कही। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एक केंद्रीय योजना है, जिसमें भारत सरकार सौ प्रतिशत योगदान देती है। यह योजना एक दिसंबर, 2018 से चालू है। योजना के तहत, जिन किसानों के पास खेत हैं, उन्हें तीन समान किस्तों में हर साल 6,000 रुपए दिए जाते हैं। यह धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है।

शाह ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। आज मोदी जी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त के तहत [8377]21 हजार करोड़ से अधिक की राशि नौ करोड़ से अधिक किसानों को सीधे उनके बैंक खातों में भेजेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से अब तक करोड़ों किसानों को फायदा हुआ है। उन्होंने आगे लिखा, अबतक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से करोड़ों किसान लाभान्वित हुए हैं। उन्हें तीन लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से दी गई है। डीबीटी के जरिए भुगतान करने वाली यह दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। शाह ने कहा कि यह योजना किसानों के जीवन को आसान बनाने और कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक साबित हुई है।

# राजीव गांधी की हत्या के दोषी संथन की मौत, शव श्रीलका ले जाने की तैयारी

**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए संथन की दिल का दौरा पड़ने से बुधवार को मौत हो गई। संथन को उच्चतम न्यायालय ने बाद में रिहा कर दिया था। संथन उर्फ टी. सुतेनदिराराजा (55) एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था जिसे 1991 में चेन्नई के समीप श्रीपेरुम्बदूर में पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जुर्म में 20 वर्ष से ज्यादा की जेल की सजा काटने के बाद 2022 में उच्चतम न्यायालय ने रिहा कर दिया था। राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल के डीन ई थेरानिरजन ने बताया कि संथन की मौत सुबह सात बजकर 50 मिनट पर हुई। संथन का यकृत खराब था और उसका उपचार किया जा रहा था।

थेरानिराजन ने संवाददाताओं से कहा कि संथन को बुधवार तड़के करीब चार बजे दिल का दौरा पड़ा, इसके बाद उसे सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिया गया और वेंटिलेटर पर रखा गया था। संथन पर उपचार का कोई असर नहीं हुआ और आज (बुधवार) सुबह सात बजकर 50 मिनट पर उसकी मौत हो गई। डीन ने कहा कि संथन को 27 जनवरी को यकृत खराब होने के कारण तिरुचिरापल्ली के एक विशेष शिविर से यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया था। संथन को रिहाई के बाद से तिरुचिरापल्ली के एक विशेष शिविर में रखा गया था। संथन के वकील एस. पुगाझेंथी ने कहा कि प्राधिकारियों ने पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया है और उसके शव को श्रीलंका ले जाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

पुगाझेंथी ने पत्रकारों से कहा, वह अपनी मां से मिलना चाहता था लेकिन दुर्भाग्य से उसकी इस इच्छा को पूरा नहीं किया जा सका। प्राधिकारी उसे श्रीलंका प्रत्यर्पित करने के उसके अनुरोध पर त्वरित कार्वाई करते तो कम से कम संथन अपनी मां से मिल पाता। संथन ने चिकित्सीय सलाह के बावजूद यकृत बायोप्सी कराने से इनकार क्यों कर दिया था, इस पर वकील ने कहा कि संथन चाहता था कि जाफना पहुंचने के बाद यह सर्जरी की जाए। पुगाझेंथी ने संथन के बायोप्सी कराने से इनकार की डॉ. थेरानीराजन की पूर्व की टिप्पणी के संदर्भ में कहा, उसने कहा था कि अगर उसकी मां तथा करीबी सगे रिश्तेदार आसपास हो तो वह यह कराने में सुरक्षित महसूस करेगा। मुझे लगता है कि उसका सोचना सही था। मुझे यहां बायोप्सी से इनकार करने वाले दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करना पड़ा था। मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एमडीएमके) महासचिव वाइको, विदुथलई चिरुथैगल काची (वीसीके) नेता टी. तिरुमावलवन और नाम तमीलार काची (एनटीके) के मुख्य संयोजक सीमन ने उच्चतम न्यायालय द्वारा रिहा किए गए मुरुगन, रॉबर्ट पयास और जयकुमार को केंद्र से शरणार्थी शिविर में न रखने बल्कि उन्हें उनके मनपसंद स्थान पर वापस भेजने का अनुरोध किया।

## सरकार ने पिछले नौ वर्षों में 200 गीगावाट बिजली उत्पादन क्षमता जोड़ीः आरके सिंह

**नई दिल्ली।** सरकार ने पिछले नौ साल में लगभग 200 गीगावाट बिजली उत्पादन क्षमता जोड़ी है। केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि आज भारत बिजली की कमी वाले देश से पर्याप्त बिजली वाला देश बन गया है। सिंह ने मंगलवार को उद्योग कार्यक्रम इलेक्रमा की घोषणा के मौके पर कहा, हमने पूरे देश को एकीकृत ग्रिड से जोड़ा है, जो 1.16 लाख मेगावाट बिजली को देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में भेजने में सक्षम है। ए सभी कदम भारत के भविष्य को शक्ति दे रहे हैं। सरकार ने पिछले नौ वर्षों में लगभग 200 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) उत्पादन क्षमता जोड़कर बिजली की कमी को दूर कर दिया है। भारतीय इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मैनुफैक्चरिंग एसोसिएशन (आईईईएमए) ने दुनिया के सबसे बड़ी बिजली के साजो-सामान की प्रदर्शनी - इलेक्रामा के 16वें संस्करण की घोषणा की।

## क्विक न्यूज

### ईडी के सामने पेश हुए बीजद विधायक प्रफुल्ल सामल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व मंत्री एवं बीजू जनता दल (बीजद) के विधायक प्रफुल्ल सामल भद्रक जिले के एक शैक्षणिक संस्थान में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में बुधवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। बारपाड़ा स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीएसईटी) के भ्रष्टाचार मामले में सामल के बेटे प्रयासकांति को मुख्य आरोपी बनाया गया है। सूत्रों के मुताबिक प्रयासकांति उन सात लोगों में शामिल हैं जिन्हें ईडी के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया था। ईडी ने धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में 15 फरवरी को सामल से संबंधित 10 परिसरों पर छापेमारी की थी। सामल भद्रक जिले में भदारीपोखरी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। ओडिशा पुलिस ने इस सिलसिले में 2016 में एक प्राथमिकी दर्ज की थी और संस्थान की कथित वित्तीय अनियमितताओं में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत जांच शुरू की थी। प्रयासकांति इस कॉलेज के अध्यक्ष के रूप में काम करते थे और उन पर भुवनेश्वर में संपत्ति और वाहन खरीदने के लिए संस्थान के धन का दुरुपयोग करने का आरोप है। सूत्रों ने कहा कि बीजद विधायक को सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के लिए कहा गया था।

### कारोबारी से 3.61 करोड़ रुपए की साइबर ठगी, एक गिरफ्तार

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के 73 वर्षीय एक व्यवसाई से कथित तौर पर 3.61 करोड़ रुपए की ठगी करने के मामले में एक कपड़ा व्यापारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि साइबर पुलिस ने अब तक मामले में 2.20 करोड़ रुपए फ्रीज कर दिए हैं और 330 बैंक खातों में लेन-देन पर रोक लगा दी है। अधिकारी ने कहा कि कथित लेनदेन पिछले साल 20 मई से सात अक्टूबर के बीच हुआ था। बुजुर्ग व्यवसाई से दो महिलाओं सहित तीन लोगों ने ऑनलाइन संपर्क किया था जिन्होंने उन्हें भारी मुनाफा का प्रलोभन देकर निवेश करने के लिए मनाया था। अधिकारी ने कहा, आरोपियों ने एक व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया था। उन्होंने पीड़ित से ऑनलाइन समझौता किया और उसकी प्रति उनके ईमेल पते पर भेजी। व्यवसाई का विश्वास हासिल करने के लिए निवेश पर रिटर्न का उल्लेख करने वाला समझौता ग्रुप में भी साझा किया गया था। पीड़ित ने 3.61 करोड़ रुपए का निवेश किया था लेकिन जब उसे निवेश पर कोई लाभ नहीं मिला तो उन्होंने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के वेस्ट रीजन साइबर पुलिस थाने से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान कपड़ा इकाई के मालिक केताब अली काबिल बिस्वास का नाम सामने आया और उन्हें सोमवार को भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान साइबर पुलिस ने दो बैंक खातों में भेजी गई 2.20 करोड़ रुपए की राशि भी फ्रीज कर दी। प्रथम दृष्टया जालसाजों द्वारा इस्तेमाल किए गए 330 बैंक खातों से भी लेन-देन पर रोक लगा दी गई है।

### ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के बाद निकाय चुनाव कराए जाएंगे

**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बुधवार को राज्य विधानसभा में कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार निकाय चुनाव कराएगी। झारखंड में निकाय चुनाव पिछले साल अप्रैल से लंबित हैं। मंत्री नगर निकाय चुनाव में देरी पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। मुंडा ने आरोप लगाया कि सरकार ने निकाय चुनावों के लिए पूर्व तैयारियां नहीं कीं जबकि उसे पता था कि नगर निकायों का कार्यकाल अप्रैल 2023 में समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा, सरकार ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन और इसके अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति में भी देरी की। मुंडा ने कहा कि सरकार ने अदालत को छह महीने में चुनाव कराने की सूचना दी थी। उन्होंने कहा, सरकार अदालत को गुमराह कर रही है। तीन महीने तो गुजर चुके हैं। जवाब में मंत्री ने कहा कि शहरी निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर फैसला करने के लिहाज से एक विशेष आयोग का गठन किया गया था।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय की बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली पहुंची टिपरा मोथा की टीम

**अगरतला।** टिपरा मोथा के प्रमुख प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा के नेतृत्व में उसका तीन सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा बुलाई गई बैठक में हिस्सा लेने के लिए बुधवार शाम नई दिल्ली पहुंचा। टिपरा मोथा के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। टिपरा मोथा के नेता अनिमेष देबबर्मा के मुताबिक गृह मंत्रालय की इस बैठक में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के शामिल होने की उम्मीद है। इससे पहले दिन में त्रिपुरा के प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं ने टिपरासा लोगों के मुद्दे के संवैधानिक समाधान की मांग को लेकर पश्चिम त्रिपुरा जिले के हताई कटार में आमरण अनशन शुरू किया। अनिमेष देबबर्मा ने कहा कि इस बैठक में प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा, पार्टी अध्यक्ष बी के ह्रांगखाल और पूर्व विधायक राजेश्वर देबबर्मा शामिल होंगे। बैठक के विषय के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# पश्चिम बंगाल में गंगा का जल नहाने के लिए अनुपयुक्त : एनजीटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कहा कि पश्चिम बंगाल में गंगा के पूरे क्षेत्र में मल कोलीफॉर्म (जीवाणु) है जिससे इसका पानी नहाने के लिए अनुपयुक्त हो गया है और उसने संबंधित प्राधिकारियों को प्रदूषण से निजात पाने में प्रगति न होने पर जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है। एनजीटी ने कहा कि हर दिन 25.867 करोड़ लीटर अनुपचारित गंदगी सीधे नदी में बह रही है। अधिकरण हर उस जिले और राज्य में गंगा के प्रदूषण की रोकथाम तथा उसमें कमी लाने से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रहा है, जहां से यह नदी या उसकी सहायक नदियां बहती हैं। उसने अपने पहले के निर्देशों के अनुसार सौंपी गई पश्चिम बंगाल की एक रिपोर्ट पर विचार किया।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि उत्तर 24 परगना, मुर्शिदाबाद, नदिया, मालदा, हुगली, पूर्वी बर्द्धमान, हावड़ा, पूर्ब मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना के जिलाधिकारियों ने ए रिपोर्ट दाखिल की है। पीठ में न्यायिक सदस्य सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल तथा अफरोज अहमद भी शामिल रहे।

पीठ ने कहा, हमने इन रिपोर्ट पर गौर करने पर पाया कि प्रतिदिन उत्पन्न होने वाली गंदे पानी के उपचार के लिए पर्याप्त सुविधाएं स्थापित नहीं की गईं और यहां तक कि गंदे पानी के 100 प्रतिशत उपचार के लक्ष्य को प्राप्त करने की समयसीमा का भी खुलासा नहीं किया गया है। पीठ ने 21 फरवरी को दिए आदेश में कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि पूर्ब मेदिनीपुर जैसे कुछ जिलों में एक भी मलजल उपचार संयंत्र (एसटीपी) स्थापित नहीं किया गया। उसने कहा, इन रिपोर्ट में दर्शाई स्थिति संतोषजनक नहीं है और यह दिखाता है कि पश्चिम बंगाल में हर दिन 25.867 करोड़ लीटर अनुपचारित मलजल सीधे गंगा नदी में बह रहा है।

# भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने के फैसले के खिलाफ मिजोरम विधानसभा में प्रस्ताव पारित

**आइजोल।** मिजोरम विधानसभा में बुधवार को एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें केंद्र के भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने और दोनों देशों के बीच मुक्त आवगमन व्यवस्था (एफएमआर) को रद्द करने के फैसलों का विरोध किया गया। प्रस्ताव राज्य के गृहमंत्री के. सपडांगा ने पेश किया और केंद्र से इन फैसलों पर पुनर्विचार करने की अपील की। इसने केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया कि जो जानजाति के लोग, जोकि विभिन्न देशों में विभाजित हैं, एक प्रशासनिक इकाई के तहत एकीकृत हों।

प्रस्ताव को आगे बढ़ाते हुए, सपडांगा ने कहा कि जो जातीय लोग सदियों से मिजोरम और म्यांमा की चिन पहाड़ियों में बसे हुए हैं और अपने प्रशासन के तहत एक साथ रहते थे। लेकिन अंग्रेजों द्वारा क्षेत्र पर कब्जा किए जाने के बाद उन्हें भौगोलिक रूप से बांट दिया गया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने भारत-म्यांमा सीमा का सीमांकन किया और जो जातीय लोगों की भूमि को दो देशों में विभाजित कर दिया।

गृहमंत्री ने कहा, जो जातीय लोग भारत-म्यांमा सीमा को स्वीकार नहीं कर सकते, जो उन पर अंग्रेजों द्वारा थोपी गई है। वे किसी दिन एक प्रशासनिक इकाई के तहत एक होने का सपना देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाना या एफएमआर को खत्म करना मौजूदा सीमा को सुदृढ़ करेगा और यह जो जातीय लोगों के लिए अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि मिजोरम सरकार को अभी तक केंद्र की योजना के बारे में आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। लेकिन मीडिया में आई खबरों और केंद्रीय मंत्रियों के बयानों से यह स्पष्ट है कि केंद्र भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने और म्यांमा के साथ मौजूदा एफएमआर को निलंबित करने की योजना बना रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छह फरवरी को घोषणा की थी कि भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाई जाएगी। दो दिन बाद, आठ फरवरी को उन्होंने कहा कि केंद्र ने देश की आंतरिक सुरक्षा और पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत-म्यांमा के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने का फैसला किया है। सपडांगा ने आरोप लगाया कि हालिया फैसले मुख्य रूप से मणिपुर सरकार की मांगों से प्रेरित हैं। लंबी चर्चा के बाद विधानसभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री लालदुहोमा और विपक्षी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के नेता लालछंदामा राल्ते भी उपस्थित थे। चार भारतीय राज्यों - मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश की सीमा म्यांमा से लगती है जिसकी लंबाई करीब 1,643 किलोमीटर है।

# सत्तारूढ़ राजग को अप्रैल में राज्यसभा में प्राप्त हो सकता है बहुमत

**भाषा।** नई दिल्ली

**सत्तारूढ़** भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को इस साल अप्रैल में राज्यसभा में बहुमत मिलने की संभावना है। मनोनीत श्रेणी के तहत छह रिक्त पद भरे जाने और नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ लेने के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत में आ सकता है। राज्यसभा सचिवालय के आंकड़ों के अनुसार भाजपा के 94 सदस्य हैं और हाल में संपन्न चुनाव में उसकी सीट संख्या में दो की बढ़त हुई है और अब कुल सदस्य संख्या 96 हो गई है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग के सदस्यों की संख्या अभी 113 है और इस साल अप्रैल में सभी मनोनीत सदस्यों के शपथ लेने के बाद 245 सदस्ईय सदन में उसके सदस्यों की संख्या 123 के बहुमत के आंकड़े को छू लेगी। वर्तमान में, केवल छह सांसद हैं जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के सदस्य के रूप में नामित किया गया और उनमें से कुछ सदस्य बाद में भाजपा में शामिल हो गए। सदन में कुल 12 मनोनीत सदस्य होते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि कुछ निर्दलीय और मनोनीत सदस्यों के समर्थन से राजग आखिरकार इस साल अप्रैल में जादुई आंकड़े को प्राप्त कर लेगा और इस तरह उसे उच्च सदन में महत्वपूर्ण कानून पारित कराने में मदद मिलेगी। उसके पास अब तक उच्च सदन में बहुमत नहीं था। हाल में 15 राज्यों में राज्यसभा की 56 सीट के लिए चुनाव हुआ जिनमें से भाजपा ने 30 सीट पर जीत दर्ज की है। नौ सीट पर कांग्रेस ने, दो पर समाजवादी पार्टी ने, चार पर तृणमूल कांग्रेस ने, तीन पर वाईएसआरसीपी ने, दो पर राष्ट्रीय जनता दल ने, दो पर बीजू जनता दल ने जीत प्राप्त की। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना, भारत राष्ट्र समिति और जनता दल-यूनाइटेड के खाते में एक-एक सीट आई।

## निर्वाचन आयोग ने बीजद से स्पष्टीकरण मांगा

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने ओडिशा सरकार और सत्तारूढ़ बीजद से सार्वजनिक निधि का इस्तेमाल कर जारी किए विज्ञापनों में पार्टी के चिह्न शंख के कथित उपयोग को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। निर्वाचन आयोग ने उनसे दो मार्च की शाम तक जवाब देने को कहा है। ओडिशा में अप्रैल-मई में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव होंगे। अभी आदर्श आचार संहिता लागू नहीं हुई है। निर्वाचन आयोग को शिकायतें मिली थीं कि ओडिशा के प्रमुख अखबारों, टेलीविजन चैनल, राज्य परिवहन की बसों और अलग-अलग शहरों में सड़कों पर लगे होर्डिंग में विभिन्न विज्ञापनों में बीजद के चिह्न शंख का प्रदर्शन किया गया और उसका प्रचार किया गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार सभी दलों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए एक सख्त नीति अपना रहे हैं। आयोग इन विज्ञापनों को अक्टूबर 2016 में जारी किए उसके निर्देशों के उल्लंघन के रूप में देखता है।

# ममता सरकार के विरोध में भाजपा ने शुरू किया दो दिवसीय धरना

**भाषा।** कोलकाता

**भाजपा** ने पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था में गिरावट के विरोध में बुधवार को कोलकाता में दो दिवसीय धरना शुरू किया। भाजपा ने इसके साथ ही यह आरोप भी लगाया कि संदेशखालि के फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख पुलिस संरक्षण में है। सत्तारूढ़ टीएमसी ने आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। भाजपा की प्रदेश इकाई के बड़े नेताओं के नेतृत्व में यह धरना मेयो रोड पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास शुरू किया गया है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दिलीप घोष ने पीटीआई-वीडियो से कहा, शाहजहां शेख पुलिस के संरक्षण में छिपा हुआ है। वह एक अपराधी है और उस पर हत्या, बलात्कार और अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या प्रवासियों की मदद करने और गौ तस्करी का आरोप है।

उन्होंने कहा कि पुलिस और स्थानीय टीएमसी प्रशासन ने उसे काम करने और अत्याचार जारी रखने दिया। कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर, सुंदरबन की सीमा पर स्थित संदेशखालि क्षेत्र के लोग टीएमसी के फरार स्थानीय नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपों को लेकर एक महीने से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

पांच जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के बाद से शाहजहां शेख फरार है। शेख और उसके समर्थकों पर स्थानीय लोगों ने जमीन पर कब्जा करने और महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों ने शेख के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया था। तभी से संदेशखालि क्षेत्र में अशांति है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि टीएमसी द्वारा सोमवार को दिए गए इस आश्वासन में कोई प्रगति नहीं हुई है कि शेख को सात दिनों में गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा, टीएमसी शासन में पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। संदेशखालि में जमीन पर कब्जे और यौन शोषण की कई घटनाएं राज्य में ऐसी स्थिति का ज्वलंत उदाहरण हैं। यह टीएमसी सरकार और राज्य पुलिस है जिसने शाहजहां शेख का बचाव किया है। इससे पहले दिन में, शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया था कि शेख कल रात से राज्य पुलिस की सुरक्षित हिरासत में है।

हालांकि, राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने शुभेंदु अधिकारी के दावे को निराधार और कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ने का प्रयास बताते हुए खारिज कर दिया। नंदीग्राम के विधायक शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि पुलिस शाहजहां को बरमाजुर ग्राम पंचायत से ले गई और प्रभावशाली मध्यस्थों के माध्यम से शाहजहां ने पुलिस को इसके लिए तैयार कर लिया कि पुलिस और न्यायिक हिरासत में उसे ठीक से रखा जाएगा। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि शाहजहां आधी रात से पुलिस के संरक्षण में है।

उन्होंने दावा किया, सलाखों के पीछे रहने के दौरान उसे पांच सितारा सुविधाएं दी जाएंगी और उसकी पहुंच एक मोबाइल फोन तक भी होगी, जिसके माध्यम से वह टीएमसी का वस्तुतः नेतृत्व कर सकेगा। यहां तक कि वुडबर्न वार्ड (सरकारी एसएसकेएम अस्पताल) में एक बिस्तर भी खाली रखा जाएगा, यदि वह वहां कुछ समय बिताना चाहे। संदेशखालि के लोग शेख की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

टीएमसी नेता शांतनु सेन ने आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, खबरों में बने रहने के लिए, अधिकारी समय-समय पर ऐसे दावे करते हैं जो न केवल निराधार हैं बल्कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ने का प्रयास भी है। हम उनकी टिप्पणियों को गंभीरता से नहीं लेते हैं। पुलिस शाहजहां को पकड़ने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है जैसे उसने क्षेत्र के अन्य आरोपी पार्टी नेताओं शिवप्रसाद हाजरा और उत्तम सरदार को गिरफ्तार किया है।

टीएमसी नेता अर्जुन सिंह ने भी सवाल किया कि अधिकारी ने उन विवरणों को ईडी और सीबीआई के साथ साझा क्यों नहीं किया। सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, ऐसा लगता है कि शेख शाहजहां कहां हैं इसके बारे में आपके पास व्यापक जानकारी है। आपने इसे ईडी और सीबीआई के साथ साझा क्यों नहीं किया? उन्हें कार्वाई करने से किसने रोका? या, क्या आप यह बताना चाहते हैं कि राज्य प्रवर्तन एजेंसियां भाजपा-नियंत्रित ईडी और सीबीआई से अधिक सक्षम हैं? कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को निर्देश दिया कि शेख को सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा सकता है।

# दो ऑडियो क्लिप से पाक में चुनावों में धांधली संबंधी इमरान के दावों को बल मिला

**भाषा।** लाहौर, कराची

**सोशल** मीडिया पर बुधवार को लीक हुई मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान के मुख्य नेताओं की दो ऑडियो क्लिप से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के उस दावे को बल मिला है कि आठ फरवरी के चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली हुई थी और उसका जनादेश चोरी हुआ था। एक ऑडियो क्लिप में सिंध के गवर्नर कामरान टेसोरी को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना गया है, वे कहते हैं कि हमारा जनादेश 100 प्रतिशत फर्जी है। टेसोरी को किसी से यह कहते हुए सुना जाता है कि जब वह गवर्नर बने, तो मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के साथ गठबंधन किया था।

गर्वनर ने कहा कि इससे पहले एमक्यूएम-पी को 2018 के चुनावों में कराची में नेशनल असेंबली की सात सीट मिली थी क्योंकि तब उसके पास अपना वास्तविक वोट बैंक था। उन्होंने कहा, आज (आठ फरवरी को मतदान) हमें वोट नहीं मिले। इमरान खान और उनकी पार्टी पीटीआई ने चुनावों में धांधली का आरोप लगाया है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के अनुसार, पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 92 सीट पर जीत दर्ज की, जो पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) से अधिक है। खान के पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों ने प्रांतीय विधानसभाओं में 113 सीटें हासिल कीं।

स्पष्ट बहुमत के अभाव में, पीएमएल-एन और पीपीपी ने कई अन्य निर्दलीय विधायकों के साथ ही चार अन्य छोटे दलों के साथ मिलकर गठबंधन बनाया है। समझौते के मुताबिक पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री होंगे, हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार कब शपथ लेगी। ऑडियो क्लिप में, गवर्नर ने यह भी शिकायत की कि वे (शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान और पीएमएल-एन के संदर्भ में) एमक्यूएम को केंद्र में एक मंत्रालय दे रहे हैं और अपने गवर्नर को सिंध भी ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी उन पर दबाव बना रही है कि सिंध का गवर्नर एमक्यूएम-पी से नहीं होना चाहिए।

टेसोरी ने यह भी कहा कि अगर एमक्यूएम-पी केंद्र में शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में शामिल होती है, तो पार्टी का भविष्य खराब होने वाला है। समाचार पत्र जंग ने टेसोरी के हवाले से अपनी खबर में कहा, अब हमें जो मिल रहा है वह एक मंत्री पद है। वे गवर्नर का पद भी छीनना चाहते हैं और सबसे खराब बात यह है कि हमने अब अपने मतदाताओं का भरोसा और विश्वास खो दिया है।

टेसोरी ने ऑडियो क्लिप में यह भी चेतावनी दी है कि अगर एमक्यूएम केंद्र या सिंध में किसी भी सरकार में शामिल होती है, तो उसे अपने मतदाताओं से काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा, जो जानते हैं कि पार्टी को हाल के चुनावों में फर्जी वोट मिले हैं। एक अन्य ऑडियो क्लिप में एमक्यूएम-पी के वरिष्ठ उप संयोजक मुस्तफा कमाल को यह कहते हुए सुना गया, हमने पीएमएल-एन प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उन्होंने हमें दो बातें बताईं - पीपीपी कह रही है कि एमक्यूएम-पी का जनादेश 100 प्रतिशत फर्जी है और चूंकि पीएमएल-एन और पीपीपी के पास सरकार बनाने के लिए संसद में आवश्यक संख्या है, इसलिए एमक्यूएम-पी को किनारे किया जाना चाहिए। मुस्तफा कमाल ने ऑडियो क्लिप की पुष्टि करते हुए कहा कि उनकी पार्टी के प्रतिद्वंद्वियों द्वारा यह दावा करने में कोई नई बात नहीं है कि उनका जनादेश फर्जी है। एमक्यूएम-पी ने कराची में नेशनल असेंबली की 17 सीट पर जीत दर्ज की है। पीटीआई ने दावा किया कि एमक्यूएम-पी ने जिन सीट पर जीत दर्ज की, उन पर इस पार्टी (एमक्यूएम-पी) के उम्मीदवार तीसरे स्थान पर भी नहीं थे।

## पीएमएल-एन ने औपचारिक रूप से शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया

**इस्लामाबाद, लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के संसदीय दल ने बुधवार को शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद और गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए औपचारिक रूप से नामित किया। पीएमएल-एन ने नेशनल असेंबली के अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ नेता सरदार अयाज सादिक को भी नामित किया है। यह घटनाक्रम नई नेशनल असेंबली के उद्घाटन सत्र से एक दिन पहले आया है।आठ फरवरी के आम चुनावों के बाद बृहस्पतिवार को नई नेशनल असेंबली की पहली बैठक होगी। पीएमएल-एन के केंद्रीय उप सचिव अताउल्लाह तरार ने बैठक के बाद एक बयान में कहा, पीएमएल-एन के संसदीय सदस्यों की बैठक बुधवार को पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ की अध्यक्षता में इस्लामाबाद में हुई। नवाज ने आधिकारिक तौर पर अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ और पार्टी के वफादार सरदार अयाज सादिक को क्रमश: प्रधानमंत्री और नेशनल असेंबली के स्पीकर पद के लिए नामित किया। उन्होंने कहा कि संसदीय दल ने प्रधानमंत्री पद के लिए 72 वर्षीय शहबाज शरीफ के नाम का समर्थन किया है। दल ने तीन बार के पूर्व प्रधान मंत्री और पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ के नेतृत्व में भी अपना पूरा भरोसा जताया। राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी के इंकार के बाद निवर्तमान नेशनल असेंबली अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ ने बृहस्पतिवार को नेशनल असेंबली का सत्र बुलाया है।

# जेलेंस्की ने अल्बानिया में सम्मेलन की सह-मेजबानी की, युद्ध में सहयोग मांगा

**भाषा।** तिराना (अल्बानिया)

**रूसी** आक्रमण शुरू होने के दो साल बाद यूक्रेन के पस्त होने के संकेत बढ़ने के बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अल्बानिया सरकार के साथ एक सम्मेलन की मेजबानी की जिसका मकसद दक्षिण पूर्वी यूरोपीय देशों को कीव की और मदद के लिए प्रोत्साहित करना था। जेलेंस्की अपनी अंतराष्ट्रीय यात्रा के तहत मंगलवार देर रात यहां पहुंचे। उससे पहले वह शांति योजना तथा रूस से युद्धबंदियों की वापसी पर जोर देने के लिए दिन में सऊदी अरब में थे। उन्होंने एक्स पर अपने एक संदेश में बुधवार को यूक्रेन के अटूट मित्र अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा से भेंट करने की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि दोनों रक्षा एवं राजनीतिक सहयोग, शांति फॉर्मूला के लिए समर्थन एवं सुरक्षा समझौतों पर चर्चा करेंगे।

उन्होंने सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा, मैं न्यायपूर्ण एवं स्थाई शांति हासिल करने के यूक्रेन के प्रयास तथा स्विटजरलैंड में वैश्विक शांति सम्मेलन के आयोजन के प्रस्ताव का समर्थन करने का प्रस्ताव रखूंगा। जेलेंस्की और रामा ने अल्बानिया के साथ अपना सहयोग तथा बाल्कन क्षेत्र में यूक्रेन की स्थिति मजबूत करने के लिए सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर भी किए। जेलेंस्की को यूक्रेन के प्रति योगदान के लिए रामा को यारोस्लाव द वाइज पदक से सम्मानित भी किया। जेलेंस्की के साथ विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा भी थे। रामा ने फेसबुक पर लिखा कि वह एकजुटता बैठक तथा रूसी आक्रमण के खिलाफ हमारे लोकतंत्रों की कटिबद्धता को और बढ़ाने के लिए जेलेंस्की का स्वागत करने के लिए गर्व महसूस कर रहे हैं। जब यूक्रेन युद्ध की चुनौतियों से जूझ रहा है तो ऐसे में और सहयोग हासिल करना यूक्रेनी नेता के लिए अहम है। जेलेंस्की ने रविवार को घोषणा की थी कि रूसी आक्रमण शुरू होने के बाद अबतक युद्ध में 31,000 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। पहली बार यूक्रेन ने शहीद सैनिकों की संख्या की पुष्टि की है। यूक्रेन ने पश्चिमी देशों से हथियारों एवं आयुधों के संयुक्त उत्पादन को बढ़ाने, यूक्रेनी हवाई रक्षा तंत्र में सुधार लाने तथा विस्तारित प्रतिबंधों के जरिए रूस पर नया दबाव डालने की अपील की है। नाटो प्रमुख ने कहा है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले इस गठबंधन की यूक्रेन में सैनिकों को भेजने की कोई योजना नहीं है। यूक्रेन के पड़ोसियों समेत दक्षिण पूर्व यूरोप के 11 देशों ने अल्बानिया सम्मेलन में हिस्सा लिया। तीन देश ऑनलाइन ढंग से उससे जुड़े। इसके अलावा यूरोपीय संघ तथा अन्य अंतराष्ट्रीय संगठनों के अधिकारियों ने भी उसमें भाग लिया।



यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा से भेंट करते हुए।

# पाक के खैबर पख्तूनख्वा की प्रांतीय विस के नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली

**भाषा।** पेशावर

**पाकिस्तान** के खैबर पख्तूनख्वा की प्रांतीय विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार को शपथ ली। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी लगातार तीसरी बार प्रांतीय सरकार बनाने की स्थिति में है। टेलीविजन समाचार चैनल जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, प्रांतीय विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष मुश्ताक गनी ने सामान्य सीट पर विधानसभा के लिए चुने गए 113 प्रांतीय सदस्यों को शपथ दिलाई। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की विधानसभा में कुल 145 सदस्य हैं, जिनमें 10 महिलाएं और आरक्षित सीट पर चुने गए चार अल्पसंख्यक शामिल हैं।

आरक्षित सीट के आवंटन को अधिसूचित नहीं किया गया है, क्योंकि इस मामले की सुनवाई फिलहाल पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) द्वारा की जा रही है। इस बीच, निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों की मृत्यु के कारण प्रांत की दो सामान्य सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था। इमरान खान (71) की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई)-समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने प्रांत में लगातार तीसरी बार 90 सीट के साथ सरकार बनाने के लिए प्रांतीय विधानसभा में स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया है पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान ने अली अमीन गंडापुर को पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और बाबर सलीम स्वाति को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। पाकिस्तान में आठ फरवरी के आम चुनावों के बाद खैबर पख्तूनख्वा शपथ लेने वाली तीसरी प्रांतीय विधानसभा है। पिछले सप्ताह पंजाब और सिंध में प्रांतीय विधानसभाओं का शपथ ग्रहण हुआ था।

# पाकिस्तान में बस के गहरी खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत

**भाषा।** पेशावर

**उत्तर** पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। बस हरिपुर जिले के खानपुर से एक पहाड़ी गांव की ओर जा रही थी, तभी तरनावा में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि तेज गति के कारण एक मोड़ पर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस गहरी खाई में गिर गई। मृतकों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। बचाव वाहन दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायल यात्रियों को निकाला। घायलों को हरिपुर जिले के एक ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित किया गया है।

## क्विक न्यूज

### गाजा की एक चौथाई आबादी भुखमरी के कगार पर राहत सामग्री वाले ट्रकों को लूटा जा रहा : संरा

**संयुक्त राष्ट्र।** गाजा की कम से कम एक चौथाई आबादी यानी 5,76,000 लोग भुखमरी से सिर्फ एक कदम दूर है और पूरी आबादी खाद्य सामग्री की गंभीर जरूरत से जूझ रही है। इसके परिणामस्वरूप भूख से तड़प रहे लोग न सिर्फ राहत सामग्री वाले ट्रकों पर गोलियां चला रहे है बल्कि उन ट्रकों को लूट भी रहे है। संयुक्त राष्ट्र (संरा) के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संरा मानवतावादी कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के अधिकारियों ने गाजा के हालात का वर्णन करते हुए बताया कि युद्धग्रस्त गाजा की 23 लाख की पूरी आबादी खाद्य असुरक्षा के गंभीर खतरे या बदतर हालात से जूझ रही है। इतना ही नही उत्तरी गाजा मे हालात और ज्यादा खराब हैं, जहां लोगों को खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर अन्य मानवीय आपूर्ति की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। गाजा के मौजूदा हालातों को बयां करते हुए संरा के मानवतावादी समन्वयक रमेश रामसिंघम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि हालात के और भी ज्यादा खराब होने की पूरी आशंका है। उन्होंने कहा कि गाजा की एक चौथाई आबादी भुखमरी के कगार पर पहुंच चुकी है और उत्तरी गाजा मे दो साल से कम उम्र के हर छह मे से एक बच्चा कुपोषण का शिकार हो रहा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम के उप कार्यकारी निदेशक कार्ल स्काऊ ने कहा कि गाजा में बच्चों के कुपोषण का यह स्तर दुनिया के किसी भी हिस्से में देखा गया अब तक का सबसे गंभीर स्तर है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हालात मे बदलाव नही आया तो उत्तरी गाजा में अकाल फैल जाएगा।

### राजकुमार हैरी की सुरक्षा हटाने के कदम को सही ठहराया

**लंदन।** लंदन की एक अदालत ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि शाही परिवार के कार्यकारी सदस्य के रूप में अपना दर्जा छोड़ने और अमेरिका में बसने के बाद ब्रिटेन की यात्रा के दौरान राजकुमार हैरी से सरकार द्वारा वित्त पोषित सुरक्षा घेरा अनुचित रूप से नही छीना गया था। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पीटर लेन ने कहा कि मामला-दर-मामला आधार पर हैरी को सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय गैरकानूनी, तर्कहीन या अनुचित नही था। ड्यूक ऑफ ससेक्स हैरी ने दावा किया था कि सोशल मीडिया और समाचार मीडिया पर उन्हें और उनकी पत्नी को लगातार निशाना बनाए जाने के कारण ब्रिटेन जाने पर उन्हें और उनके परिवार की सुरक्षा को खतरे में डाला गया था। हैरी के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल की सुरक्षा जरूरतों का मूल्यांकन करने वाले सरकारी समूह ने तर्कहीन तरीके से काम किया और ड्यूक की सुरक्षा से जुड़े जोखिम के विश्लेषण संबंधी अपनी नीतियो का पालन करने मे विफल रहे। सरकारी वकील ने कहा कि हैरी की सुरक्षा के मद्देनजर उचित व्यवहार किया गया था और अभी भी कुछ यात्राओ पर उन्हे सुरक्षा प्रदान की गई थी। सरकारी वकील ने अपनी दलीलों के पक्ष में जून 2021 में एक घटना का जिक्र किया, जिसमे फोटोग्राफरों द्वारा हैरी का पीछा करने पर उन्हे सुरक्षा उपलब्ध कराई गई थी।

### बाइडन और ट्रंप ने मिशिगन प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की

**डिआरबॉर्न।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिशिगन प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। बाइडन ने मिनेसोटा से डीन फिलिप्स को हराया, जो डेमोक्रेटिक प्राइमरी में उन्हे टक्कर दे रहे थे। वही ट्रंप ने मिशिगन प्राइमरी मे जीत के साथ ही अब तक पांच प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की है। मिशिगन में उनका मुकाबला संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली से था। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने के दावेदार एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले शनिवार को प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली को उनके गृह राज्य साउथ कैरोलाइना के प्राइमरी चुनाव में हरा दिया था। किसी भी दावेदार को पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए।,215 डेलिगेट के समर्थन की आवश्यकता होती है। शनिवार तक हेली ने 17 और ट्रंप ने 92 डेलिगेट का समर्थन हासिल कर लिया था।

### पाक के पंजाब प्रांत में मंत्रिमंडल गठन के लिए विचार-विमर्श शुरू

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत मे मुख्यमंत्री मरयम नवाज के नेतृत्व में मंत्रिमंडल के गठन के लिए सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के भीतर विचार-विमर्श शुरू हो गया है। मरयम के पिता और पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ इस संबंध में सहयोगी दलों के साथ बातचीत कर रहे हैं। बुधवार को एक मीडिया रिपोर्ट मे कहा गया कि इस सप्ताह पहले चरण मे 20 सदस्ईय मंत्रिमंडल का गठन होने की संभावना है। पीएमएल-एन नेतृत्व ने अपने सहयोगी दलो - पीपीपी, पीएमएल-क्यू और इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) के साथ भी बातचीत की, जिन्हें दूसरे चरण में कैबिनेट में मंत्रालय मिलने की भी उम्मीद है। पचास वर्षीय मरयम पाकिस्तान के इतिहास मे किसी प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री है। मंत्रिमंडल गठन के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने की। पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेताओं राणा सनाउल्लाह, परवेज राशिद और मरियम औरंगजेब को प्रांतीय कैबिनेट में शामिल किए जाने की उम्मीद है।

# आज किया जाएगा रूसी विपक्षी नेता नवलनी का अंतिम संस्कार

**मॉस्को।** 28 फरवरी (एपी) रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का अंतिम संस्कार शुक्रवार को यहां किया जाएगा। उनकी प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। इस माह के प्रारंभ में उनकी मौत आर्कटिक क्षेत्र स्थित जेल में हुई थी। उनकी प्रवक्ता कीरा यारमिश ने मंगलवार को बताया कि शुक्रवार दोपहर को मॉस्को के दक्षिणपूर्व मारयिनो जिले के एक गिरजाघर में अंतिम संस्कार संबंधी रस्मों के बाद समीप के एक कब्रिस्तान में उन्हें दफनाया जाएगा। नवलनी (47) की रूस की सबसे कठोरतम जेलों में एक में मध्य फरवरी में मौत हो गई थी। रूसी अधिकारियों का कहना है कि उनकी मौत की वजह का अबतक पता नहीं चला है तथा किसी भी जांच के निष्कर्ष पर पश्चिमी देशों द्वारा सवाल उठाए जाने की आशंका है। कई पश्चिमी नेता कह भी चुके हैं कि वे नवलनी की मौत के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जिम्मेदार ठहराते हैं।

# विमानन मंचों की खातिर भारतीय असैन्य दल भारतीय सैन्यकर्मियों की जगह लेने के लिए पहुंचा मालदीव

**माले।** मालदीव से भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी की समयसीमा 10 मार्च से पहले एक भारतीय असैन्य दल इस द्वीपीय देश में तीन विमानन मंचों में से एक का प्रभार संभालने के लिए यहां पहुंच गया है। बुधवार को स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी। दमालदीव जर्नल डॉट कॉम नामक एक न्यूज पोर्टल ने मालदीव के रक्षा मंत्रालय के बयान का हवाला देते हुए कहा, विमान का संचालन एवं रखरखाव संभालने के लिए असैन्य दल अब मालदीव पहुंच गया है। यह भारतीय असैन्य दल हस्तांतरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए बीती रात पहुंचा। दिल्ली में दो फरवरी को दोनों पक्षों के बीच उच्च स्तरीय बैठक के बाद मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत मालदीव में तीन विमानन मंचों का संचालन कर रहे अपने सैन्यकर्मियों के स्थान पर दूसरा (असैन्य) दल 10 मई तक लगाएगा तथा इस प्रक्रिया का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा हो जाएगा।

समझा जाता है कि भारतीय सैन्यकर्मियों की जगह वे असैन्यकर्मी लेंगे जिन्हें इन तीन मंचों के संचालन में महारत हासिल है। मालदीव में तीन भारतीय मंचों के संचालन में 88 सैन्यकर्मी लगे हुए हैं और ए मंच दो हेलीकॉप्टरों और डोर्नियर विमान के माध्यम से पिछले दो सालों से मालदीव के लोगों को मानवीय एवं चिकित्सा निकास सेवाएं दे रहे हैं। इन सैन्यकर्मियों को हटाने का घटनाक्रम तब शुरू हुआ जब कुछ दिन पहले मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पांच फरवरी को संसद में अपने पहले अभिभाषण में घोषणा की थी कि भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह को 10 मार्च से पहले मालदीव से भेज दिया जाएगा। मुइज्जू को चीन समर्थक के रुप में देखा जाता है।

# चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव से हुआ रवाना

**भाषा।** माले

**पिछले सप्ताह** यहां एक बंदरगाह पर पहुंचा 4500 टन वजनी उच्च प्रौद्योगिकी से लैस चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव की तट से रवाना हो गया है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह खबर दी। आधिकारिक रूप से जियांग यांग हांग श्री नामक यह चीनी जहाज ने कर्मियों को बदलने और आपूर्ति के लिए के लिए बंदरगाह पर लंगर डाला था। अधाआधु डॉट कॉम नामक एक न्यूज पोर्टल ने कहा, 22 फरवरी से माले में लंगर डालने के बाद जियांग यांग हांग श्री मालदीव विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र की सीमा पर लौट गया है। लेकिन माले बंदरगाह से रवाना हो जाने के बाद भी दो दिन पहले ट्रैकिंग साइटों पर इस जहाज का आखिरी सिग्नल हुलहुमाले के समीप नजर आया।

हुलमुमाले माले के उत्तर पूर्व में 10 किलोमीटर से भी कम दूरी पर है। यह जहाज 23 फरवरी को थिलाफुशी पर रूका था जो माले से पश्चिम में करीब साढ़े सात किलोमीटर दूर है। न्यूज पोर्टल ने कहा, ऐसी संभावना है कि इस जहाज ने ट्रैकिंग प्रणाली बंद कर दी हो जैसा उसने 22 फरवरी को इंडोनिया के तट के पास जावा समुद्री क्षेत्र से माले रवाना होते हुए किया था।

न्यूज पोर्टल के मुताबिक 100 मीटर लंबे इस जहाज को 2016 में चीन के सरकारी समुद्री प्रशासन के बेड़े में शामिल किया गया था। चीन में यह एकमात्र 4500 टन का वजनी जहाज है। 2019 से चीन अपने पायलट ओसियन लेबोरेटरी में तट से दूर समुद्र में एवं गहरे सागर में सर्वेक्षण के लिए इस जहाज का इस्तेमाल कर रहा है।

पांच जनवरी को श्रीलंका ने जियांग यांग हांग श्री के प्रवेश को अनुमति देने से इनकार करते हुए कहा था कि उसने अपनी समुद्री सीमा में विदेशी अनुसंधन जहाजों के प्रवेश पर एक साल के लिए रोक लगाने की घोषणा की है। भारत ने अपने पड़ोस में चीन के अनुसंधान जहाजों के लंगर डालने पर चिंता प्रकट की थी। संयोग से यह चीनी जहाज भारत-मालदीव-श्रीलंका त्रिपक्षीय दोस्ती-16 अभ्यास के स्थल के समीप ही था। यह अभ्यास 22 फरवरी और 25 फरवरी के बीच हुआ था।

नई चीन समर्थक मालदीव सरकार ने 23 जनवरी को कहा था कि उसने अनुसंधान एवं सर्वेक्षण की सुविधाओं से लैस इस अनुसंधान जहाज को माले बंदरगाह पर ठहरने की अनुमति दी है क्योंकि उसका पड़ाव कर्मियों की पाली बदलने के लिए था तथा यह मालदीव समुद्री सीमा में रहने के दौरान कोई अनुसंधान नहीं करेगा। एक अमेरिकी थिंक टैंक ने आरोप लगाया गया है कि चीनी वैज्ञानिक अनुसंधान जहाजों का विशाल बेड़ा सैन्य मकसदों खासकर पनडुब्बी संचालन के लिए हिंद महासागर क्षेत्र समेत सागरों से आंकड़ा जुटा रहा है। चीन ने इस आरोप का खंडन किया है। उसका कहना है कि उसके जहाज संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के तहत संचालित होते हैं।

# प्रशिक्षण अभियान पर श्रीलंका पहुंचे भारतीय तटरक्षक के जहाज

**कोलंबो।** पेशेवर आदान-प्रदान की सुविधा और संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास आयोजित करने के लिए दो भारतीय तटरक्षक जहाज औपचारिक यात्रा पर श्रीलंका के गाले बंदरगाह पहुंचे हैं। यह जानकारी यहां भारतीय उच्चायोग ने दी। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि एक भारतीय तटरक्षक गार्ड (आईसीजी) के अपतटीय गश्ती जहाज समर्थ और तेज गश्ती जहाज अभिनव मंगलवार को दक्षिणी बंदरगाह गाले पहुंचे। द्वीपीय देश श्रीलंका से प्रस्थान करने से पहले ए भारतीय जहाज दो से पांच मार्च तक कोलंबो जाएंगे। भारतीय तटरक्षक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय तटरक्षक जहाज समर्थ और अभिनव आज श्रीलंका की सद्भावना यात्रा पर गाले बंदरगाह पहुंचे। आईसीजी जहाजों की इस यात्रा से श्रीलंका तटरक्षक बल के साथ पेशेवर आदान-प्रदान और संयुक्त अभ्यास की सुविधा मिलेगी।

भारतीय तटरक्षक जहाजों के कमांडिंग अधिकारी, उप महानिरीक्षक पी. प्रदीप कुमार और कमांडेंट (जेजी) प्रभात कुमार यात्रा के दौरान श्रीलंकाई तटरक्षक महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी मिलेंगे। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, "प्रवास के दौरान, ए जहाज वीबीएसएस (यात्रा, बोर्ड, खोज और जब्ती), अग्निशमन और क्षति नियंत्रण, समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया पर श्रीलंकाई तटरक्षकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करेंगे और कुछ अन्य पेशागत संवाद करेंगे। यात्रा के दौरान योग, समुद्र तट की सफाई और वॉकथॉन जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, गाले और कोलंबो से प्रस्थान के समय श्रीलंकाई तटरक्षक जहाज के साथ पासेज एक्सरसाइज (पीएएसएसईएक्स) का आयोजन किया जाएगा।

# भारतीय-अमेरिकी आभूषण कारोबारी अंतरराष्ट्रीय व्यापार धोखाधड़ी मामले में अभ्यारोपित

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी आभूषण कारोबारी को अमेरिका में लाखों डॉलर के आभूषणों के आयात पर सीमा शुल्क नहीं अदा करने के मामले में अभ्यारोपित किया गया है। मोनीशकुमार किरणकुमार दोशी शाह (39) को सप्ताहांत में गिरफ्तार किया गया और 26 फरवरी को नेवार्क संघीय अदालत में न्यायाधीश आंद्रे एम एस्पिनोसा के समक्ष पेश किया गया। शाह उर्फ मोनीश दोशी शाह को 100,000 अमेरिकी डॉलर के मुचलके पर रिहा कर दिया गया है। वह घर में नजरबंद रहेगा और उस पर निगरानी रखी जाएगी। एक शिकायत के आधार पर उस पर धोखाधड़ी की साजिश रचने और बिना लाइसेंस वाले धन प्रेषण व्यवसाय का संचालन करने क मामला दर्ज किया गया। शाह जनवरी 2015 से सितंबर 2023 के बीच तुर्किए और भारत से अमेरिका तक जहाज के जरिए आभूषणों को भेजने में लगने वाले सीमा शुल्क से बचने के लिए धोखाधड़ी कर रहा था।

# जोहान्सबर्ग में पानी की समस्या बद् से बदतर

**एजेंसी।** विटवाटरसैंड (दक्षिण अफ्रीका)

**जोहान्सबर्ग** के नागरिकों को पर्याप्त पानी क्यों नहीं मिलता? प्रत्एक प्रांत के लिए जल आवंटन की मात्रा बांधों में उपलब्ध पानी की मात्रा (जो हमारी भविष्य की जरूरतों को भी पूरा करे) और उस प्रांत में लोगों की संख्या पर आधारित होती है। फिलहाल वाल बांध 70 फीसदी भरा है। रैंड वॉटर - क्षेत्र का थोक जल आपूर्तिकर्ता - जल और स्वच्छता विभाग से पानी खरीदता है, जो उसे केवल एक निश्चित मात्रा में ही बेचेगा। रैंड वाटर मुख्य रूप से क्षेत्र के सबसे बड़े वाल बांध से पानी लेता है और इसे पीने योग्य गुणवत्ता वाला बनाता है। इसके बाद यह जोहान्सबर्ग और प्रिटोरिया (और अन्य शहरों और कस्बों) को पानी बेचता है जो गौतेंग में हैं, जो दक्षिण अफ्रीका के नौ प्रांतों में सबसे छोटा है और इसका औद्योगिक गढ़ है।

शहर अपनी वितरण प्रणालियों के माध्यम से अपने निवासियों को पानी बेचते हैं। रैंड वाटर को जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक की आपूर्ति करने की अनुमति नहीं है। लेकिन राष्ट्रीय सरकार द्वारा जो आवंटित किया गया है और ज़मीनी स्तर पर जो आवश्यक है, उसके बीच एक बेमेल है। ऐसा इसलिए है क्योंकि राष्ट्रीय सरकार भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखती है। अधिक पानी की आपूर्ति के लिए नए बाँध क्यों नहीं बनाए जा सकते?

ऐसा करने की योजना है, लेकिन लेसोथो हाइलैंड्स योजना का अगला चरण (चरण 2) निर्धारित समय से आठ साल पीछे है। लेसोथो हाइलैंड्स जल परियोजना दक्षिण अफ्रीका के गौतेंग क्षेत्र को पानी उपलब्ध कराने और लेसोथो के लिए जल-विद्युत उत्पन्न करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय परियोजना है। बांध के डिजाइन पर काम 2017 में शुरू हुआ और निविदा डिजाइन 2020 के दौरान पूरा हो गया। निर्माण 2028 में पूरा होने की उम्मीद है। यह आठ साल की देरी मोटे तौर पर उस अवधि के साथ मेल खाती है जिसके दौरान गौतेंग की जनसंख्या एक करोड़ 20 लाख से बढ़कर एक करोड़ 51 लाख हो गई। 2023 में प्रांत में तीस लाख से अधिक लोगों (या 25ु) की वृद्धि हुई और आबादी के लिए जल भंडारण उतना ही था, क्योंकि बांध नहीं बनाया गया था।

अब जोहान्सबर्ग के निवासियों सहित प्रांत में सभी के लिए पानी काफी कम हो गया है। जोहान्सबर्ग निवासी पानी पाने के लिए संघर्ष क्यों कर रहे हैं? जोहान्सबर्ग शहर की वित्तीय स्थिति ख़राब चल रही है। जल अवसंरचना के लिए रखरखाव बिल प्रति वर्ष दस करोड़ 50 लाख अमेरिकी डॉलर है, लेकिन केवल पांच करोड़ 20 लाख डॉलर आवंटित किया जाता है। रखरखाव की जरूरतें नियंत्रण से बाहर होती जा रही हैं। शहर प्रशासन निवासियों को पानी, बिजली, सीवेज और अन्य सेवाओं के लिए बिल भेजता है। हालाँकि, उसे प्राप्त होने वाली धनराशि बिल के अनुरूप नहीं होती है। अन्य परियोजनाएँ भी उसी धन के लिए प्रतिस्पर्धा में होती हैं।

चूँकि बुनियादी ढाँचा पुराना हो रहा है (उदाहरण के लिए पार्कवुड के उपनगर में बुनियादी ढाँचा 70 साल से अधिक पुराना है), पाइप जंग खाकर टूट जाते हैं। जब वे टूटते हैं, तो उनमें रिसाव होता है, कभी-कभी उनकी मरम्मत से पहले ही बहुत बड़ी मात्रा में पानी निकल जाता है। जब शहर मरम्मत के लिए निवासियों के अनुरोधों का जवाब देता है, तो प्रतिक्रिया, यदि आती है, तो अक्सर बहुत कम होती है और काम खराब तरीके से किया जाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ठेकेदारों ने काम सही ढंग से किया है, शहर द्वारा बहुत कम निगरानी या जवाबदेही है और मरम्मत अक्सर लंबे समय तक नहीं चलती है।

साथ ही, डेढ़ करोड़ लोग बहुत कम लोगों के लिए डिज़ाइन की गई प्रणाली पर भरोसा कर रहे हैं। जब हर कोई पानी का उपयोग करना शुरू कर देता है, तो सब के लिए पर्याप्त पानी नहीं बचता है। इस चर्चा में एक अतिरिक्त कारक भी है: गैर-राजस्व जल। यह शब्द उस पानी के लिए इस्तेमाल किया जाता है जिसका शहर द्वारा बिल नहीं किया जाता है - दूसरे शब्दों में, मुफ्त पानी, अनधिकृत खपत या रिसाव के कारण बर्बाद होने वाला पानी। यह वह पानी है जो रैंड वाटर द्वारा आपूर्ति किया जाता है, लेकिन मूलत: वित्तीय रूप से नष्ट हो जाता है। दक्षिण अफ्रीका में सरकार प्रत्एक परिवार को प्रति माह 6,000 लीटर का मुफ्त बुनियादी भत्ता देती है। गौतेंग में 49.2 प्रतिशत गैर-राजस्व पानी है - दूसरे शब्दों में, प्रांत के शहरों को आपूर्ति किए जाने वाले लगभग आधे पानी के लिए (शहरों द्वारा) शुल्क नहीं लिया जा सकता क्योंकि यह मूल भत्ते का हिस्सा है, लीकेज के कारण बर्बाद हो गया है या चोरी हो गया है। तुलनात्मक रूप से, डेनमार्क में लगभग 7 प्रतिशत गैर-राजस्व जल है। चिली, जो परिवर्तनशील जलवायु वाला देश है, में शहरी गैर-राजस्व जल लगभग 32 प्रतिशत है। गैर-राजस्व जल में से गौतेंग के लिए रिसाव वाला हिस्सा आधा है। दूसरे शब्दों में, रैंड वाटर द्वारा गौतेंग को प्रदान किए गए प्रत्एक चार लीटर के लिए, एक लीटर रिसाव (शहर की गलती) के माध्यम से बर्बाद हो जाता है और एक लीटर या तो मुफ्त में दे दिया जाता है (सार्वजनिक भलाई), चोरी हो जाता है (जनता की गलती), या इसका हिसाब नहीं दिया जाता है।

# रोहित और कोहली शीर्ष वर्ग में बरकरार

**● किशन और अय्यर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर**





**भाषा।** नई दिल्ली

**ईशान किशन** और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी में खेलने के निर्देशों का पालन नहीं करना भारी पड़ा और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इन दोनों को केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया जबकि उम्मीद के मुताबिक कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को इस वर्ष के लिए बुधवार को जारी अनुबंध में शीर्ष वर्ग में बरकरार रखा। राष्ट्रीय टीम में नहीं होने के बावजूद 25 वर्षीय किशन झारखंड की तरफ से रणजी ट्रॉफी में नहीं खेले और उन्होंने इसके बजाय अगले महीने शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारी पर ध्यान दिया। वह दिसंबर में निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका के दौरे के बीच में से स्वदेश लौट आए थे और इसके बाद उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली।

दूसरी तरफ अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के बाद भारतीय टीम से बाहर किए जाने के बाद मुंबई के बड़ौदा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए खुद को उपलब्ध नहीं रखा था। उन्हें हालांकि 2 मार्च से शुरू होने वाले रणजी सेमीफाइनल के लिए मुंबई की टीम में चुना गया है। बीसीसीआई ने 2023-24 के लिए केंद्रीय अनुबंधों की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों को फिर से सलाह दी कि जब वह राष्ट्रीय टीम की तरफ से नहीं खेल रहे हो तो घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें। बीसीसीआई ने बयान में कहा, कृपया ध्यान दें कि वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर विचार नहीं किया गया।

बयान में कहा गया है, बीसीसीआई ने सिफारिश की है कि सभी खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तो वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें। बीसीसीआई ने किशन और अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखकर उन युवा खिलाड़ियों को कड़ा संदेश दिया है जो प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खेलने के बजाय आईपीएल अनुबंध हासिल करने पर अधिक ध्यान देते हैं। रोहित और कोहली के अलावा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को बीसीसीआई अनुबंध के शीर्ष वर्ग (ए प्लस) में रखा गया है।

छह क्रिकेटरों को ए वर्ग में रखा गया है जिनमें रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या शामिल हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाला पांचवा और अंतिम मैच अश्विन का टेस्ट क्रिकेट में 100वां मैच होगा। यह ऑफ स्पिनर हाल ही में अनिल कुंबले के बाद टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाला दूसरा भारतीय गेंदबाज बना था। सिराज पहले बी वर्ग में थे लेकिन उन्हें अब ए वर्ग में रखा गया है जबकि अक्षर पटेल को ए वर्ग से हटाकर बी वर्ग में शामिल किया गया है।

अक्षर के अलावा सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव और यशस्वी जायसवाल को बी वर्ग में रखा गया है। पंत पिछले साल ए वर्ग में थे लेकिन दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उन्होंने कोई क्रिकेट मैच नहीं खेला है और इसलिए उन्हें नवीनतम अनुबंध में बी वर्ग में रखा गया है। बीसीसीआई ने 15 खिलाड़ियों को सी वर्ग में रखा है जिनमें रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार शामिल हैं।

जिन खिलाड़ियों ने एक निश्चित अवधि के अंदर कम से कम तीन टेस्ट या आठ एकदिवसीय या 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हो उन्हें स्वतः ही सी वर्ग में जगह मिल जाती है। जैसे कि ध्रुव जुरेल और सरफराज खान ने अभी तक केवल दो टेस्ट मैच खेले हैं और इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से धर्मशाला में होने वाले पांचवें और अंतिम मैच में खेलने पर उन्हें वर्ग सी में शामिल कर दिया जाएगा। जिन प्रमुख खिलाड़ियों ने अपना वार्षिक अनुबंध गंवाया है उनमें चेतेश्वर पुजारा, शिखर धवन, उमेश यादव और युजवेंद्र चहल भी शामिल हैं। यह सभी खिलाड़ी पिछले कुछ समय से राष्ट्रीय टीम से बाहर है।

चयन समिति ने तेज गेंदबाजों आकाश दीप, विजयकुमार विशाक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा के लिए भी अनुबंध की सिफारिश की है। आकाशदीप ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच में पदार्पण करते हुए अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। भारत ने यह मैच जीतकर श्रृंखला अपने नाम की थी। बीसीसीआई ने मानदंडों से हटकर इस बार चारों वर्गों में शामिल खिलाड़ियों को वार्षिक अनुबंध के लिए मिलने वाली धनराशि का उल्लेख नहीं किया है। आमतौर पर ए प्लस वर्ग में शामिल खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष 7 करोड़, ए वर्ग के खिलाड़ियों को 5 करोड़, बी वर्ग के खिलाड़ियों को तीन करोड़ और सी वर्ग के खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए की धनराशि दी जाती है। यह धनराशि उनकी मैच फीस से इतर होती है।

### वर्ष 2023-24 के लिए केंद्रीय अनुबंध पाने वाले खिलाड़ी

**वर्ग ए प्लस :** रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा।

**वर्ग ए:** आर अश्विन, मो. शमी, मो. सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या।

**वर्ग बी:** सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल।

**वर्ग सी:** रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार।

**तेज गेंदबाजी अनुबंध:** आकाश दीप, विजयकुमार विशाक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा।

# जायसवाल रैंकिंग में 12वें स्थान पर, जुरेल 69वें स्थान पर


**भाषा।** दुबई

**भारत** के उदीयमान बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि ध्रुव जुरेल 31 स्थान चढकर 69वीं पायदान पर पहुंच गए है। जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले रैंकिंग में 69वें स्थान पर थे। चौथे मैच में 73 और 37 रन की पारी खेलने के बाद उनकी रैंकिंग में और सुधार आया है। प्लेयर आफ द मैच जुरेल 90 और 39 रन की पारी खेलकर 31 पायदान की छलांग लगाने में कामयाब रहे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट रांची में नाबाद 122 रन की पारी खेलने के बाद शीर्ष तीन में लौट आए हैं। सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन पांच विकेट लेकर शीर्ष रैंकिंग वाले जसप्रीत बुमराह से 21 अंक पीछे रह गए हैं। स्पिनर कुलदीप यादव दस पायदान चढकर 32वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं इंग्लैंड के शोएब बशीर 38 पायदान चढकर 80वें स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज जाक क्रॉली पहली बार शीर्ष 20 में पहुंच गए हैं। टी20 रैंकिंग में आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड पहली बार शीर्ष 20 में पहुंच गए। टिम डेविड छह पायदान चढकर 22वें स्थान पर है। वनडे रैंकिंग में नामीबिया के बर्नार्ड शोल्ज 11वें स्थान पर हैं जिनके 642 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने आईसीसी पुरूष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 त्रिकोणीय श्रृंखला में नेपाल के खिलाफ चार और नीदरलैंड के खिलाफ दो विकेट लिए थे।



# धर्मशाला टेस्ट से भी बाहर रह सकते हैं राहुल

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवां और आखिरी टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उनकी दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अभी भी है। राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन बीसीसीआई के मुताबिक वह राजकोट में इस महीने की शुरूआत में हुए तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। वह अपनी चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। भारतीय टीम श्रृंखला जीत ही चुकी है तो टीम प्रबंधन सात मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट के लिए उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेगा।

राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी। वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा , वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है। यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पूरी तरह फिट है क्योंकि टीम को उनकी जरूरत लंबे समय तक है।

आईपीएल में लगी इस चोट के कारण राहुल पिछले साल चार महीने क्रिकेट से दूर रहे। वह सितंबर में एशिया कप में लौटे और दक्षिण अफ्रीका में ड्रॉ रही टेस्ट श्रृंखला में उन्होंने शतक जमाया। राहुल के नहीं खेलने के मायने हैं कि छह पारियों में सिर्फ 63 रन बना सके रजत पाटीदार टीम में रहेंगे हालांकि उनका खेलना तय नहीं है। वहीं रांची टेस्ट में आराम दिए जाने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंकों को देखकर हर मैच अहम है और धर्मशाला में बुमराह की मौजूदगी से काफी फर्क पड़ेगा। भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।

# हॉकी इंडिया ने गुटबाजी और मतभेद के आरोपों को खारिज किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**हॉकी** इंडिया में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए वे मिलकर काम करते रहेंगे। हॉकी इंडिया द्वारा जारी संयुकत बयान में उन्होंने कहा , हाल ही में कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने मीडिया में कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है। हॉकी के हित के लिए हम एकजुट होकर काम करते रहेंगे।

तेरह साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था , उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आर के श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। इससे पहले महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने भी महिला हॉकी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैए और सम्मान की कमी का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था। भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी जिसके बाद शॉपमैन ने पद छोड़ा।

टिर्की और भोलानाथ ने संयुक्त बयान में कहा , हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिए गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है। हमारी राष्ट्रीय टीमों को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए हर तरह का सहयोग दिया जाता है।

महासंघ ने हर खिलाड़ी और टीम के साथ समानता का रूख रखा है।सभी को समान सुविधाएं और लाभ दिए गए जिसमें नकद पुरस्कार और सम्मान शामिल है। हम जमीनी स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी समानता में विश्वास रखते हैं। बयान में कहा गया , हम महिला टीम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद के लिए हरसंभव प्रयास नए सिरे से करेंगे। इसके साथ ही पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर पदक जीतने के लिए पुरूष टीम को हरसंभव सुविधाएं मुहैया कराएंगे। इसमें आगे कहा गया , हमें टीमों और अपने खिलाड़ियों के लिए हॉकीप्रेमियों के सतत सहयोग की जरूरत है। फिलहाल पूरा फोकस ओलंपिक पर रहना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### देवेंद्र झाझरिया ने पीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा

**नई दिल्ली।** दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झाझरिया ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के नौ मार्च को होने वाले चुनाव मे अध्यक्ष पद के लिए बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। भाला फेंक के एथलीट 42 वर्षीय झाझरिया ने 2004 मे एथेंस और 2016 मे रियो पैरालंपिक मे स्वर्ण पदक जीते थे। उन्होंने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में रजत पदक हासिल किया था। झाझरिया ने विश्व चैपियनशिप 2013 मे स्वर्ण पदक और 2015 मे रजत पदक जीता था। उन्होने 2014 मे एशियाई पैरा खेलो में रजत पदक हासिल किया था। झाझरिया ने कहा, मेरे शुभचिंतकों के प्रोत्साहन तथा पैरा खेलों और पैरा खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए काम करने के उद्देश्य से मैंने भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होने पीटीआई से कहा, मै पिछले चार साल से पीसीआई में पैरा खिलाड़ियों का प्रतिनिधि रहा हू लेकिन कई शुभचिंतक चाहते है कि मै अब पीसीआई का नेतृत्व करूं। इसलिए मैंने शीर्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की। पीसीआई के चुनाव अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, दो संयुक्त सचिव और कार्यकारी समिति के पांच सदस्यो के लिए होंगे।

### तेंदुलकर ने जम्मू कश्मीर की प्रशंसा की

**नई दिल्ली।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने जम्मू कश्मीर की जमकर प्रशंसा की है जिसकी सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहा है कि उनके इस दौरे से युवाओं को दो महत्वपूर्ण संदेश मिलते है। तेंदुलकर ने जम्मू कश्मीर की अपनी यात्रा का संक्षिप्त वीडियो सोशल मीडिया पर जारी करके कहा कि इस यात्रा की यादे हमेशा उनके जेहन मे रहेंगी। तेंदुलकर ने कहा, वहां चारो तरफ बर्फ थी लेकिन लोगों का आतिथ्य गर्मजोशी से भरा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमारे देश मे देखने के लिए बहुत कुछ है। इस यात्रा के बाद मै उनसे पूरी तरह सहमत हूं। उन्होने कहा, कश्मीर का बल्ला मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड का शानदार उदाहरण है। उन्होंने दुनिया भर की यात्रा की है और अब मै भारत और दुनिया भर के लोगों से जम्मू कश्मीर आकर यहां का अनुभव लेने की सिफारिश करता हू जो अतुल्य भारत के कई रत्नो मे से एक है। तेंदुलकर की इस पोस्ट पर मोदी ने जवाब दिया, यह देखना अद्भुत है। सचिन तेंदुलकर की जम्मू कश्मीर की सुखद यात्रा हमारे युवाओं के लिए दो महत्वपूर्ण संदेश देती है। पहले अतुल्य भारत के विभिन्न हिस्सो को खोजना और दूसरा मेक इन इंडिया का महत्व। आओ विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करें।

### प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान अपनाना होगा : बिंद्रा

**नई दिल्ली।** चैम्पियन निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बुधवार को कहा कि भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की ही नही बल्कि प्रशिक्षण के तरीकों मे भी खेल विज्ञान को आत्मसात करने की जरूरत है। भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा भारत खेल विज्ञान कांक्लेव मे बोल रहे थे। कोचों को इस डिजिटल युग मे खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल विज्ञान को अपनाना होगा। हमे एथलेटिक ढांचे के हर स्तर पर खेल विज्ञान को आत्मसात करना होगा। सिर्फ अत्याधुनिक सुविधाओं से काम नही चलेगा बल्कि जमीनी स्तर से शीर्ष स्तर पर वैज्ञानिक मानसिकता के साथ खेलना होगा ताकि भारत को खेल की महाशक्ति बनाया जा सके। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के विकास मे खेल विज्ञान अहम भूमिका निभा सकता है। खिलाड़ियों को उनकी ताकत समझाने , बेहतर करने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए ताकत के इस्तेमाल मे मदद के लिए खेल विज्ञान की मदद ली जा रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देश मे हमारे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों पर खेल विज्ञान विभाग जरूर हो।

### टी20 विश्व कप के लिए डब्ल्यूपीएल से तेज गेंदबाजों का पूल बनाना चाहते हैं मजूमदार

**बेंगलुरू।** बांग्लादेश मे होने वाले महिला टी20 विश्व कप मे अब सात महीने ही रह गए है और भारत के मुख्य कोच अमोल मजमूदार उससे पहले महिला प्रीमियर लीग के जरिए तेज गेंदबाजों का एक पूल तैयार करना चाहते है। झूलन गोस्वामी के संन्यास के बाद भारत का तेज आक्रमण कमजोर हुआ है। इस समय भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर , टिटास साधु और अमनजोत कौर के पास है। मजूमदार ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली श्रृंखला मे चार तेज गेंदबाज थे। मै डब्ल्यूपीएल से तेज गेंदबाजों का पूल बनाना चाहता हूं। गेंदबाजी आक्रमण अच्छा होने से काफी फर्क पड़ता है। महिला टी20 विश्व कप सितंबर अक्टूबर मे बांग्लादेश में खेला जाएगा। मजमूदार ने शेफाली वर्मा, एस मेघना और रिचा घोष के शानदार फॉर्म पर भी खुशी जताई। उन्होंने कहा , इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनो श्रृंखलाओं में अच्छे प्रदर्शन से बल्लेबाजो का आत्मविश्वास बढा है। यह डब्ल्यूपीएल मे भी दिखाई दे रहा है।

### पहले टेस्ट के लिए रविंद्र न्यूजीलैंड टीम में, कोन्वे बाहर

**वेलिंगटन।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए रचिन रविंद्र को न्यूजीलैड टीम मे जगह दी गई है जबकि डेवोन कोंवे बाहर है। कोंवे को दूसरे टी20 मैच मे अंगूठे मे चोट लगी थी। फ्रेक्चर नही है लेकिन बाद में यहां कराए गए टेस्ट में पता लगा कि चोट गंभीर है। उनकी जगह विल यंग अब टॉम लाथम के साथ पारी का आगाज करेंगे। हेनरी निकोल्स की टीम मे वापसी हुई है। न्यूजीलैड के कोच गैरी स्टीड ने कहा , यह निराशाजनक है कि डेवोन इतने अहम मैच से पहले टीम से बाहर है। वह बेहतरीन खिलाड़ी है और यह श्रृंखला खेलना चाहता था। रविंद्र घुटने की चोट के कारण दूसरा और तीसरा टेस्ट नही खेल सके लेकिन अब खेलने के लिए फिट है। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने अंतिम एकादश मे कोई बदलाव नही किया है।

### अरुणाचल प्रदेश की क्वार्टर फाइनल में उम्मीद टूटी

**यूपिया (अरुणाचल प्रदेश)।** केरल ने बुधवार को यहां अरुणाचल प्रदेश को 2-0 से हराकर मेजबान टीम की संतोष ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में जगह बनाने की उम्मीद तोड़ दी। केरल की ओर से फारवर्ड मुहम्मद आशिक एस (35वें मिनट) और स्थानापन्न खिलाड़ी अर्जुन वी (52वें मिनट) ने गोल दागे। इस जीत से 2021-22 के संतोष ट्रॉफी चैंपियन केरल के चार मैच में सात अंक हो गए है और उसकी नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीद बढ़ गई है। चार मैच मे एक अंक के साथ अरुणाचल की ग्रुप ए से नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीद खत्म हो गई। ग्रुप ए के एक अन्य मैच में सेना ने असम को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने का दावा मजबूत किया। इस जीत से सेना के चार मैच में नौ अंक हो गए है जबकि असम के छह अंक है। असम अगले मैच में एक मार्च को गोवा से भिड़ेगा।

### रेणुका ने आरसीबी के लिए मंच तैयार किया: मोलिन्यु

**बेंगलुरू।** ऑलराउंडर सोफी मोलिन्यु ने कहा है कि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने शुरुआती विकेट चटकाकर पावर प्ले को नियंत्रित किया और अपनी स्विंग गेंदबाजी से रन गति पर अंकुश लगाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मे दोनो मैच मे जीत मे अहम भूमिका निभाई। आरसीबी की टीम चार अंक के साथ अंक तालिका मे शीर्ष पर चल रही है। मुंबई इंडियन्स के भी चार ही अंक है लेकिन आरसीबी का प्लस 1.665 का नेट रन रेट उसके प्लस 0.488 से बेहतर है और इसलिए वह शीर्ष पर है।

# धवन ने वापसी करते हुए 39 रन की पारी खेली

**नवी मुंबई।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन ने बुधवार को यहां प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करते हुए डीवाई पाटिल टी20 कप में 28 गेंद में 39 रन की पारी खेली लेकिन उनकी टीम डीवाई पाटिल ब्ल्यू को टाटा स्पोर्ट्स क्लब ने एक रन से हरा दिया। भारत की ओर से पिछला मैच 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने वाले 38 साल के धवन ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के मारे। आईपीएल 2023 में पंजाब किंग्स की ओर से खेलने वाले धवन ने 186 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिजीत तोमर के साथ 7.1 ओवर में 64 रन की साझेदारी की। नूतन गोयल 35 गेंद में 38 रन बनाकर नाबाद रहे। शुभम दुबे (42) के साथ पांचवें विकेट के लिए 58 रन जोड़े। डीवाई पाटिल ब्ल्यू की टीम हालांकि सात विकेट पर 184 रन ही बना सकी और एक रन से मैच हार गई। ब्ल्यू टीम की ओर से खेल रहे पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक पहली ही गेंद पर खाता खोले बिना पवेलियन लौटे।

# जहीर को देखकर सीखने का प्रयास करता था: एंडरसन

**भाषा।** नई दिल्ली

**इंग्लैंड** के महानतम तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि उन्होंने रिवर्स स्विंग सहित तेज गेंदबाजी के कुछ गुर भारत के दिग्गज तेज गेंदबाज जहीर खान से सीखे। एंडरसन 41 साल की उम्र में भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और 700 टेस्ट विकेट चटकाने वाला दुनिया का पहला तेज गेंदबाज बनने से सिर्फ दो विकेट दूर हैं। उनके नाम पर लगभग एक हजार अंतरराष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। अभी सिर्फ महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और दिवंगत शेन वार्न के नाम पर 700 से अधिक टेस्ट विकेट हैं।

एंडरसन ने जियो सिनेमा से कहा, मैंने जहीर खान को काफी खेलते हुए देखा है और उनसे सीखने का प्रयास किया है। वह किस तरह रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल करता है, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़ता है तो गेंद को कैसे छिपाता है, यहां उसके खिलाफ खेलकर मैंने यह सीखने का प्रयास किया। भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक जहीर ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में खेला जब एंडरसन अपने खेल के शीर्ष पर थे। मौजूदा भारतीय तेज गेंदबाजों में एंडरसन जसप्रीत बुमराह की क्षमता से सबसे अधिक प्रभावित हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह के मैच विजई प्रदर्शन के बारे में पूछने जाने पर एंडरसन ने कहा, उसके स्तर के किसी व्यक्ति से आप इस तरह के मानक की अपेक्षा करते हैं। आप जानते हैं कि रिवर्स स्विंग भारत में बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसका काफी अच्छी तरह फायदा उठाता है। उसके पास अच्छी गति है और वह बहुत सटीक है और उसकी गेंदबाजी में निरंतरता है। उन्होंने कहा, उसके पास यॉर्कर भी है और हमने देखा कि उसने ओली पोप को कैसे आउट किया। यह कोई संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक गेंदबाज है। वह एक विश्व स्तरीय गेंदबाज है और हम उसके इस तरह के प्रगदर्शन से हैरान नहीं हैं।

इंग्लैंड के इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने कहा, बुमराह, (मोहम्मद) शमी और (मोहम्मद) सिराज से बेहतर काफी गेंदबाज नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। आप इशांत शर्मा को भी इस श्रेणी में डाल सकते हैं और यह काफी मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। एंडरसन के अनुभव का अंदाजा इस बात से लग सकता है कि 2002 में जब उन्होंने टेस्ट पदार्पण किया था तो इंग्लैंड टीम के उनके मौजूदा साथी शोएब बशीर और रेहान अहमद का जन्म भी नहीं हुआ था। एंडरसन ने पिछले 22 साल में 186 टेस्ट और 194 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने कहा कि उन्हें महसूस नहीं होता कि वह 41 बरस के हैं। उन्होंने कहा, मुझे महसूस ही नहीं होता कि मैं 41 साल और 200 दिन का हूं। मैं अब भी युवा महसूस करता हूं।

# अर्जुन को दूसरा खिताब, आशी ने विश्व रिकॉर्ड से बेहतर स्कोर बनाया

**भोपाल।** भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाजों ने राष्ट्रीय चयन ट्रायल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जब बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक कोटा धारक अर्जुन बबूता ने लगातार दूसरा खिताब जीता जबकि एशियाई खेलों में तीन पदक जीतने वाली आशी चौकसी ने जीत के दौरान विश्व रिकॉर्ड से बेहतर स्कोर बनाया। अर्जुन ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल टी4 फाइनल में 252.5 अंक जुटाए जो दिव्यांश सिंह पंवार के 253.7 अंक के विश्व रिकॉर्ड से सिर्फ 1.2 अंक कम हैं। अर्जुन ने मंगलवार को टी3 ट्रायल जीतने के दौरान विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

टी3 में तीसरे स्थान पर रहे तमिलनाडु के श्री कार्तिक साबरी राज (252.2) ने दूसरा जबकि राजस्थान के यशवर्धन ने 230.8 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। महिला 25 मीटर एयर पिस्टल टी4 में एशियाई खेलों की पूर्व चैंपियन राही सरनोबत ने फाइनल में 33 हिट के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने क्वालीफिकेशन में 583 अंक जुटाए थे।

पंजाब की जसप्रीत कौर 30 हिट के साथ दूसरे जबकि एयर इंडिया की अनु राज सिंह 27 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। स्थानीय खिलाड़ी आशी ने इसके बाद महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रो पोजीशन में सिर्फ एक और स्टैंडिंग पोजीशन में दो अंक के साथ सिर्फ तीन अंक गंवाते हुए 597 का शानदार स्कोर बनाया। आशी ने नॉर्वे की जेनी स्टेन और अमेरिका की सागेन मेडेलेना के मौजूदा संयुक्त विश्व रिकॉर्ड से एक अंक अधिक जुटाया। आशी ने फाइनल में 461.8 अंक के साथ खिताब जीता। केरल की विदारसा विनोद 457.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। हरियाणा की हिमानी पूनिया ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# उत्तर कोरिया को 2-1 से हराकर जापान की महिला फुटबॉल टीम ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

**भाषा।** तोक्यो

**जापान** की महिला फुटबॉल टीम ने बुधवार को यहां दूसरे चरण के मुकाबले में उत्तर कोरिया को 2-। से हराकर आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। एशिया से ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली दो टीमों से एक का फैसला करने वाले दो मैच के मुकाबले का पहला मैच शनिवार को सऊदी अरब के जेद्दा में गोल रहित ड्रॉ रहा था।

जापान को हाना ताकाहाशी ने 26वें मिनट बढ़त दिलाई जबकि आओबा फुजिनो ने 76वें मिनट में मेजबान टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। उत्तर कोरिया की ओर से एकमात्र गोल 80वें मिनट में किम हए यंग ने किया लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा सकीं। जापान की जीत में गोलकीपर अयाका यामाशिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही जिन्होंने कुछ अच्छे बचाव किए। उन्होंने पहले हाफ में गेंद को गोल के अंदर जाने से कुछ मिलीमीटर पहले रोका।

जापान ने 2012 ओलंपिक में रजत पदक जीता था लेकिन महिला टीम ने कभी स्वर्ण पदक नहीं जीता। उत्तर कोरिया पिछली बार 2012 में ओलंपिक की महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में खेला था लेकिन कभी पदक नहीं जीत पाया।

# प्रज्ञानानंदा ने जर्मनी के केमर को हराया

**प्राग।** भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने बुधवार को यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमर को हराकर अच्छी शुरुआत की। प्रज्ञानानंदा ने केमर के खिलाफ सिर्फ 41 चाल में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ प्रज्ञानानंदा लाइव रेटिंग में एक बार फिर पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को पछाड़कर भारत के शीर्ष खिलाड़ी बन गए। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तार ने चेक गणराज्य के एनगुएन थाई डाई वेन को हराया जबकि ईरान के परहम माघसूदलू ने पोलैंड के बार्तेल मातेयुज को शिकस्त दी। दिन की अन्य बाजियों में डी गुकेश ने रोमानिया के रिचर्ड रेपोर्ट से ड्रॉ खेला जबकि विदित गुजराती ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा के साथ अंक बांटे।

# अंजू बॉबी जॉर्ज ने कहा, पेरिस ओलंपिक में पारूल चौधरी पर रहेंगी नजरें

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय** एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉज ने बुधवार को कहा कि इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेज धाविका पारूल चौधरी पर नजरें रहेंगी और उन्हें भाला फेंक में एक से अधिक पदक की उम्मीद है। जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए अब तक भारत के नौ ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। भाला फेंका में गत चैंपियन नीरज चोपड़ा और किशोर जेना ओलंपिक में जगह बना चुके हैं।

पारूल ने पिछले साल हांगजोउ एशियाई खेलों की 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण और 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता था। यह 28 वर्षीय धाविका 3000 मीटर महिला स्टीपलचेज में नौ मिनट से कम का समय लेने वाली पहली भारतीय है। अंजू ने बुधवार को भारत स्पोर्ट्स साइंस कॉनक्लेव के इतर पीटीआई वीडियो से कहा, एथलीटों का एक समूह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हमारा लक्ष्य भाला फेंक में तीन (पदक) हासिल करना है। उन्होंने कहा, फिर हमारे पास लंबी कूद के खिलाड़ी हैं, हमारे पास त्रिकूद के खिलाड़ी हैं, स्टीपलचेज में पारूल चौधरी उन लोगों में से हैं जिन पर नजरें रहेंगी लेकिन ओलंपिक के बारे में बहुत कुछ भविष्यवाणी नहीं की जा सकती।

लंबी कूद में विश्व चैंपियनशिप की पूर्व कांस्य पदक विजेता अंजू ने कहा कि वह संतुष्ट हैं कि खिलाड़ियों की ट्रेनिंग में सुधार के लिए किस तरह तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं इसे गेमचेंजर कह सकती हूं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।